kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-94 | गुरुवार, 02 मई 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



जो लोग राम जी के अस्तित्व पर प्रश्न चिन्ह उठाते रहे, राम सेतु पर प्रश्नचिन्ह उठाते रहे, अपनी पार्टी के वकील को रामलला का मुकदमा हराने के लिए खड़ा करते रहे। जिनका लगातार प्रयास रहा कि राम मंदिर न बनें, वह राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में भी नजर नहीं आये।

अनुराग ठाकुर

इंडी गठबंधन के लोग चुनाव के समय कई झूठी बातें करेंगे, उन्हें करारा जवाब देना है : भजनलाल शर्मा 11

दिल्ली पुलिस पूरी तरह से सशक्त : उपराज्यपाल 12

## संक्षेप

### मैनपुरी में शिव प्रसाद यादव के लिए जनसभा करेंगी बसपा अध्यक्ष मायावती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की मैनपुरी सीट से बहुजन समाज पार्टी ( बसपा ) के उम्मीदवार शिव प्रसाद यादव के लिए बसपा अध्यक्ष मायावती दो मई को क्रिश्चियन कालेज के मैदान में जनसभा करेंगी। दमदारी के साथ अकेले चुनाव लड़ रहीं बसपा के उम्मीदवारों के लिए बसपा अध्यक्ष मायावती निरंतर चुनाव मैदान में जनसभाएं कर रही हैं। उनके जनसभाओं में बसपा उम्मीदवार को जीताने की अपील की जा रही है। मैनपुरी को एक वक्त से समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता रहा है, जहां मायावती की जनसभा पर विपक्ष की भी नजर बनी रहेगी।
मैनपुरी से बसपा उम्मीदवार शिव प्रसाद यादव कार्यकर्ताओं के बल पर सुबह शाम प्रचार कर रहे हैं। बसपा अध्यक्ष की जनसभा तय होने के बाद बुधवार को शिव प्रसाद यादव क्रिश्चियन कालेज पहुंचे और जनसभा की तैयारियों का जायजा लिया।

### पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा ने दाखिला किया नामांकन

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने पूजा अर्चना के बाद रैली निकाली । इस मौके उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा सहित अनेक लोग मौजूद रहे। अपना नामांकन दाखिल करने से पहले, पूर्वी दिल्ली सीट से भाजपा उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो जनकल्याणकारी योजनाएं दी हैं, उसके कारण दिल्ली की जनता भाजपा को अपना पूरा समर्थन दे रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद से भाजपा दिल्ली की सभी सात सीटें जीतने जा रही है और एनडीए 400 के पार जा रहा है।

### तमिलनाडु के पूर्व पुलिस महानिदेशक डा. करुणा सागर कंग्रेस में शामिल

नई दिल्ली। तमिलनाडु के पूर्व पुलिस महानिदेशक डा. करुणा सागर ने बुधवार को कंग्रेस में शामिल हो गए। मूलतः बिहार निवासी पूर्व आईपीएस अधिकारी इसके पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय प्रवक्ता थे। बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश ने उन्हें दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में शामिल होने की विधिवत घोषणा की। करुणा सागर ने कंग्रेस में शामिल होने के बाद कहा कि आज उनकी जिंदगी का अहम दिन है। कांग्रेस में शामिल होने पर उन्हें काफी खुशी हो रही है। इस दिन को अहम बनाने के लिए उन्होंने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश का आभार जताया।

## वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन बने नौसेना के वाइस चीफ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को नौसेना का अगला उप प्रमुख नियुक्त किया है। उन्होंने बुधवार को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाकर देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को याद करके पदभार ग्रहण किया। उन्हें साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वर्तमान कार्यभार से पहले वे नौसेना मुख्यालय में कार्मिक प्रमुख के पद पर तैनात थे। फ्लैग ऑफिसर को 01 जुलाई, 1987 को भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था और वह संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में विशेषज्ञ हैं। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला, संयुक्त सेवा कमान और स्टाफ कॉलेज श्रीवेनहम, यूनाइटेड किंगडम, कॉलेज ऑफ नेवल वारफ़ेयर, करंजा और यूनाइटेड स्टेट्स नेवल वॉर कॉलेज, न्यूपोर्ट, रोड आइलैंड, यूएसए के पूर्व छात्र हैं। अति विशिष्ट सेवा मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित वाइस एडमिरल ने अपने नौसैनिक करियर में कई प्रमुख परिचालन स्टाफ और प्रशिक्षण



- संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में विशेषज्ञ हैं कृष्णा स्वामीनाथन
- राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाकर बहादुरों को याद किया

नियुक्तियों पर काम किया है। उन्होंने विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य के अलावा मिसाइल जहाजों आईएनएस विद्युत, आईएनएस विनाश, मिसाइल कार्वेट आईएनएस कुलिश, निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मैसूर और आईएनएस मैसूर की कमान संभाली है। रियर एडमिरल के पद पर पदोन्नति पर उन्होंने दक्षिणी नौसेना कमान मुख्यालय में मुख्य कर्मचारी अधिकारी (प्रशिक्षण) के रूप में कार्य किया और भारतीय नौसेना में प्रशिक्षण के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय नौसेना सुरक्षा टीम के गठन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो नौसेना के सभी क्षेत्रों में परिचालन सुरक्षा की देखरेख करती है। इसके बाद वह फ्लैग ऑफिसर सी ट्रेनिंग के रूप में नौसेना के वर्क-अप संगठन के प्रमुख बने, जिसके बाद वे पश्चिमी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग के रूप में नियुक्त हुए। स्वोर्ड आर्म की कमान संभालने के बाद उन्हें भारत सरकार के फ्लैग ऑफिसर ऑफशोर डिफेंस एडवाइजरी ग्रुप और सलाहकार, ऑफशोर सुरक्षा और रक्षा के रूप में नियुक्त किया गया था।

### कामयाब रहा सुपरसोनिक मिसाइल स्मार्ट प्रणाली का उड़ान परीक्षण

नई दिल्ली। भारत ने बुधवार को ओडिशा के तट पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) प्रणाली का सुबह उड़ान परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा। यह अगली पीढ़ी की हल्के वजन वाली टॉरपीडो डिलीवरी प्रणाली है, जिसे भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को डिजाइन और विकसित किया गया है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने आज सुबह लगभग 08.30 बजे हल्के टारपीडो की पारंपरिक सीमा से कहीं अधिक बढ़ाने के लिए परीक्षण किया है। इस कनस्तर आधारित मिसाइल प्रणाली में कई उन्नत उप-प्रणालियां शामिल हैं। इसमें दो चरणों वाली ठोस प्रणोदन प्रणाली, इलेक्ट्रो मैकेनिकल एक्चुएटर प्रणाली, सटीक जड़त्वीय नेविगेशन प्रणाली आदि हैं। यह प्रणाली पैराशूट आधारित रिलीज प्रणाली के साथ पेलोड के रूप में उन्नत हल्के वजन वाले टारपीडो को ले जाती है। मिसाइल को ग्राउंड मोबाइल लॉन्चर से लॉन्च किया गया था। इस परीक्षण में इजेक्शन और वेग नियंत्रण जैसे कई अत्याधुनिक तंत्रों को मान्य किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'स्मार्ट' के सफल उड़ान-परीक्षण पर डीआरडीओ और उद्योग भागीदारों ● शेष पेज 11 पर

## अमेरिका में मारा गया गोल्डी बराड़

एजेंसी

चंडीगढ़ । पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़ मारा गया है। सूत्रों के अनुसार, उसे अमेरिका में गोली मारी गई है। गोल्डी की हत्या की जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है। गोल्डी बराड़ का असली नाम सतिंदरजीत सिंह है। जन्म 1994 में पंजाब के मुक्तसर साहिब जिले में हुआ। बता दें कि गोल्डी बराड़ के पिता पंजाब पुलिस से रिटायर्ड उप निरीक्षक हैं। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद उसका नाम मीडिया में चर्चा में है। हालांकि इससे पहले भी वह कई वारदात कर चुका था। चंडीगढ़ में चचेरे भाई गुरलाल बराड़ की हत्या के बाद गोल्डी बराड़ ने अपराध की दुनिया में कदम रखा। चंडीगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया फ़ेज-1 स्थित एक क्लब के बाहर 11 अक्तूबर 2020 की रात



- मई 2022 में हुई थी मूसेवाला की हत्या
- गोल्डी का चचेरा भाई गुरलाल था लॉरेंस का नजदीकी

पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) के छात्रनेता गुरलाल बराड़ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गोल्डी बराड़ का चचेरा भाई गुरलाल बराड़ लॉरेंस बिश्नोई का सबसे करीबी था। गुरलाल बराड़ की हत्या के बाद लॉरेंस ● शेष पेज 11 पर

# कांग्रेस के वीडियो, वादे, नारे व नियत सभी फेक : मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

डीसा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कंग्रेस की लोग मोहब्बत की दुकान चलाने निकले थे, लेकिन इसमें इन्होंने फ़ेक फैक्टरी खोल दिया है। जनता के पास जाने के लिए इनकी जुबान पर सत्य नाम के शब्द नहीं है। कंग्रेस की वीडियो, बातें, वादे, नारे, नियत सभी फ़ेक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को गुजरात के बनासकंठा जिले के डीसा में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को अपने दो दिवसीय चुनावी दौरे पर गुजरात पहुंचे है। उन्होंने बनासकंठा जिले के डीसा से बनासकंठा और पाटण सीट के लिए भाजपा उम्मीदवार के लिए वोट मांगे। उन्होंने कंग्रेस को ललकारते हुए कहा कि हिम्मत है तो सामने से वार करो, यह फ़ेक वीडियो का खेल बंद करो। कुछ पल आप लोगों को गुमराह कर पाओगे, लेकिन देश इसकी बड़ी सजा देगा। मोदी ने आरक्षण और संविधान को लेकर विपक्षी दलों की बातों का करारा जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर ने जो संविधान दिया है। संविधान की सुचिता को बनाए रखेंगे। मोदी जब तक जिंदा है, धर्म के आधार पर आरक्षण का खेल खेलने नहीं दूंगा। एससी, एसटी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के गरीब को जो आरक्षण मिला है, वह संविधान के तहत, बाबा साहब अंबेडकर के आशीर्वाद से मिला है, उसमें रत्तीभर भी कोई लूट नहीं सकता है। कंग्रेस के लोग चाहते हैं कि इस आरक्षण को लूटकर मुस्लिमों को दे दें, लेकिन वे ऐसा नहीं होने देंगे। जिन्हें



- आरक्षण पर बोले नरेन्द्र मोदी- धर्म के आधार पर आरक्षण का खेल नहीं खेलने दूंगा
- नरेन्द्र मोदी ने डीसा में बनासकंठा और पाटण सीट के उम्मीदवार के पक्ष में की सभा

आरक्षण मिला है उनके आरक्षण की रक्षा की जाएगी। प्रधानमंत्री ने गुजरात के लोगों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मां अंबा के चरणों में आकर गुजरात में यह पहली चुनावी सभा का सौभाग्य मिला है। गुजरात की धरती ने जो मुझे शिक्षा और संस्कार दिया। उसी की बदौलत गुजरात में लंबे समय तक मुख्यमंत्री बनाए रखा, इन सभी चीजों का दिल्ली में लाभ मिला है। मोदी ने कहा कि चुनाव प्रचार की शुरुआत कर्मठ माता-बहनों के क्षेत्र से हो रही है। मोदी ने कहा कि गुजरात का आज स्थापना दिवस है। यह हम सभी के लिए नए संकल्प, नई ऊर्जा का दिन है। इस निमित्त पर आज हम संकल्प ले कि विकसित भारत बनाने के लिए विकसित गुजरात हम कोई कमी नहीं रहने देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सबने मुझे 2014 में दिल्ली भेजकर देश की सेवा करने का अवसर दिया। वर्ष 2014 से पहले सरकार थी, तब देश में चारों ओर आतंकवाद, घोटाले थे, चारों ओर भ्रष्टाचार, सारे नीति-निर्णय ठंडे बस्ते में पड़े थे। देश निराशा के गर्त में डूब गया था। मोदी ने कहा कि मैंने कोशिश की और देश को संकट से बाहर लाने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 का यह चुनाव मेरे 20-25 साल के अनुभव को लेकर आया हूं। देश जो नई ऊंचाई पर पहुंचा है, ● शेष पेज 11 पर

## मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाओ, दो साल में नक्सलवाद होगा जड़ से खत्म: शाह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

कोरबा। जिले के कटघोरा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार में नक्सलवाद को बढ़ावा दिया गया था। विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार बनी तो केवल चार महीनों में 95 लोग मारे गए, 350 लोग गिरफ्तार हुए और कई लोगों ने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्रर नरेन्द्र मोदी ने पांच साल में बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश से नक्सलवाद खत्म कर दिया है। छत्तीसगढ़ रह गया था क्योंकि यहां भूपेश की सरकार थी लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाओ



- रात के अंधेरे में बहन के साथ राहुल कोरोना का टीका लगवाकर आए

और हम दो साल में नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर देंगे। बुधवार को कटघोरा की चुनावी जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कंग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कंग्रेस को सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करनी है। उसे सिर्फ मॉइनोरिटी से मतलब है। उन्हें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया था, लेकिन उन्होंने दुत्कार दिया। शाह ने कहा कि कंग्रेस का सिर्फ एक ही मंत्र है, झूठ बोलो, बार- बार बोलो। अब कहती है कि मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो आरक्षण खत्म कर देंगे। केन्द्र में 10 साल से पूर्ण बहुमत की मोदी सरकार है, जिसने कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म किया, आतंकवाद और नक्सलवाद खत्म किया। उन्होंने लोगों को भरोसा दिया कि जब तक भाजपा का एक भी सांसद है, पार्टी ● शेष पेज 11 पर

वोट जिहाद पर भाजपा का तीखा हमला, कहा-

## इंडी गठबंधन मानसिक दिवालियापन का शिकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली। सपा नेता मारिया आलम के वोट जिहाद वाले बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखा हमला करते हुए कंग्रेस और इंडी गठबंधन पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। भाजपा ने कहा कि पिछले 24 घंटे में दो ऐसे सांप्रदायिक बयान इंडी गठबंधन के तरफ से आए हैं जो कानून के साथ चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। चाहे वो कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे हो या चाहे वो सपा की नेता मारिया आलम खान है। यह लोग लोकतंत्र के पर्व के मौके पर नफरत और जहर की खेती कर रहे हैं। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी के नफरत के बाजार में सपा और टीएमसी भी अपनी नफरत की दुकान खोल रही है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव पीडीए-पीडीए कर रहे थे, इसका मतलब है प्रहार करो धर्म और आस्था पर, वोट जिहाद बोलो क्योंकि बहुसंख्यकों से इन्हें नफरत है। इन बयानों के बाद एफआईआर हुई है। 'वोट जिहाद' शब्द का इस्तेमाल करना यूपी की जनता के साथ बेईमानी ● शेष पेज 11 पर

### वरिष्ठ पत्रकार सैयद फैजान मसन्ना का निधन

लखनऊ । वरिष्ठ पत्रकार सैयद फैजान मुसन्ना का लंबी बीमारी के बाद बुधवार को इंतेकाल हो गया। वह लीवर की बीमारी से पीड़ित थे। उनका लखनऊ के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में इलाजरत थे। उन्होंने इसी नर्सिंग होम में बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे अंतिम सांसें लीं। फैजान मुसन्ना का पत्रकारिता का करियर लगभग ढाई दशकों का रहा। इस दौरान वह देश के कई जाने-माने मीडिया के संस्थानों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे, जिनमें यूएनआई, अवधनामा, जनमोर्चा और उर्दू समाचारपत्र आग प्रमुख हैं। उनकी उर्दू और हिंदी दोनों भाषाओं पर अच्छी पकड़ थी और उनके आलेख देश के लगभग सभी प्रमुख समाचारपत्रों में निरंतरता के साथ प्रकाशित होते रहे। लखनऊ ब्यूरो में कार्यरत रहे फैजान मुसन्ना कार्टून बनाने विशेषकर ● शेष पेज 11 पर

सलमान खान फायरिंग केस

## पुलिस कस्टडी में अनुज थापन के सुसाइड की जांच सीआईडी करेगी

एजेंसी

मुंबई । फिल्म अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में हथियार सप्लाई करने वाले अनुज थापन की पुलिस कस्टडी में आत्महत्या की जांच राज्य सीआईडी करेगी। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए जेजे अस्पताल में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार अनुज थापन ने आज सुबह चद्दर का फंदा बना कर आत्महत्या कर लिया था। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम तत्काल अनुज थापन को अस्पताल ले गई लेकिन डॉक्टरों ने अनुज को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद इस मामले को गृह मंत्रालय ने गंभीरता से लिया और इसकी छानबीन राज्य सीआईडी को सौंप दी है। पुलिस के अनुसार आरोपित सोनू सुभाष चंदर और अनुज थापन ने 15 मार्च को सलमान खान के घर पर फायरिंग करने वाले आरोपितों विक्की गुप्ता और सागर पाल को हथियार दिए थे। इसी हथियार से विक्की और सागर



ने सलमान खान के घर पर 14 अप्रैल को सुबह फायरिंग की थी और गुजरात भाग गए थे। मुंबई पुलिस ने दोनों को गुजरात से गिरफ्तार कर लिया और तापी नदी से घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया था।

इसके बाद दोनों से पूछताछ के आधार पर 25 अप्रैल को सोनू सुभाष चंदर और अनुज थापन को पंजाब से गिरफ्तार किया गया था। दोनों को कोर्ट ने पहले चार दिनों और बाद में 8 मई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया था। मुंबई पुलिस की टीम सोनू चंदर और अनुज थापन से मुंबई मुख्यालय के लॉकअप में पूछताछ कर रही थी। इस मामले में पुलिस ने चारों आरोपितों पर मकोका लगाया है। साथ ही साबरमती जेल में बंद ● शेष पेज 11 पर

### दिल्ली के बाद लखनऊ के एक स्कूल को बम से उड़ाने की मिली धमकी

लखनऊ। दिल्ली-एनसीआर के बाद उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के एक स्कूल को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। हालांकि यह अफवाह निकली। पीजीआई थाना क्षेत्रान्तर्गत वृंदावन योजना में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में एक इमेल प्राप्त हुआ, जिसमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी थी। इसके बाद स्कूल प्रबंध ने फौरन सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बीडीएस टीम के साथ मामले की जांच की तो इसे अफवाह पाया। अब यूपी एटीएस, एसटीएफ इस मामले में जुट गई है। साइबर सेल की मदद से इमेल के बारे में भी जानकारी जुटायी जा रही है। उल्लेखनीय है कि यह मामला सुबह से ही दिल्ली और एनसीआर के क्षेत्रों में चल रहा था तो सक्रिय पुलिस ने कई स्कूलों की गहनता से छानबीन की। तलाशी के दौरान यहां पर कोई भी पदार्थ नहीं पाया गया। दिल्ली पुलिस ने इस मामले को पूरी तरह से फर्जी बताया। लेकिन सतर्कता बनायी रखी थी। स्कूलों को भेजी गई इस ईमेल के पीछे के मकसद को जानने के लिए जांच एजेंसियां ● शेष पेज 11 पर

# जरूरत पड़ी तो आतंकियों को हम सीमा पार भी जाकर मारेंगे: राजनाथ सिंह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि रक्षामंत्री होने के नाते विश्वास दिलाने आया हूं कि भारत की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। पाकिस्तान से कोई आतंकी आकर नापाक कोशिश करेगा तो हम इस पार भी मार सकते हैं और जरूरत पड़ी तो सीमा के उस पार जाकर भी मार सकते हैं।

उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के दातागंज स्थित गंगोला इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा के दौरान राजनाथ सिंह ने मोदी सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि चाहे पंडित नेहरू प्रधानमंत्री रहे हों, चाहें इंदिरा गांधी रही हों या राजीव गांधी और मनमोहन सिंह, लेकिन गरीबी दूर नहीं हुई। वर्ष 2014 में मोदी जब प्रधानमंत्री बने तब से 25 करोड़ लोग



- सपा व कंग्रेस पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कुछ दिनों के बाद बच्चे लोगों से पूछेंगे- सपा क्या है तो उसका उत्तर होगा समाप्त पार्टी

गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। साल 2004 में हमारा देश धनदौलत के मामले में 11वें स्थान पर था। वर्ष 2014 में भी 11वें स्थान पर था जबकि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अब पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।

सपा व कंग्रेस पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कुछ दिनों के बाद बच्चे लोगों से पूछेंगे- सपा क्या है तो उसका उत्तर होगा समाप्त पार्टी। दस साल के बाद जब कंग्रेस के बारे में ● शेष पेज 11 पर

### कुछ समय में डायनासोर की तरह धरती से गायब हो जाएगी कंग्रेस

आंवला। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि धरती से जिस प्रकार डायनासोर गायब हो गया है, उसी प्रकार कंग्रेस भी गायब हो जाएगी। राहुल गांधी की तो पूछो ही नहीं, उनका राग अलग ही होता है। दस साल बाद बच्चों से कंग्रेस और सपा के बारे में पूछा जाएगा तो वे कहेंगे कौन कंग्रेस। सपा तो अब समाप्त पार्टी हो गई है। रक्षा मंत्री सिंह ने बुधवार को आंवला में चुनावी जनसभा में कहा कि मैं यह नहीं कहता कि हमारे अलावा किसी अन्य पार्टियों की सरकारों ने कुछ किया ही नहीं है, सभी सराकरों ने कुछ न कुछ देश के ● शेष पेज 11 पर

### गाजे-बाजे के साथ मनोज तिवारी ने भरा नामांकन, राजनाथ सिंह भी रहे साथ

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मनोज तिवारी ने बुधवार को नामांकन भरा। इससे पहले मनोज तिवारी ने यमुना विहार स्थित रथ वाला मंदिर में पूजा अर्चना की। उसके बाद एक बड़ी रैली निकालकर गाजे-बाजे के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे और नामांकन पत्र जमा कराया। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, दिल्ली चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा मौजूद रहे। मनोज तिवारी इस ● शेष पेज 11 पर

# श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला के दर पर पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी

अयोध्या। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को अयोध्या में रामलला का दर्शन किया। राष्ट्रपति ने सरयू आरती भी की। इससे पहले उन्होंने सरयू मैया का दुग्धाभिषेक कर पूजन किया। यहां उन्होंने 2100 बत्ती से आरती की। राष्ट्रपति बुधवार शाम करीब चार बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पहुंचीं। यहां उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री/अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने महामहिम राष्ट्रपति का फूल माला से भव्य स्वागत किया।

**–अयोध्या में हनुमानगढ़ी में भी किया दर्शन–पूजन, सरयू मैया का किया दुग्धाभिषेक**

**–राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया स्वागत**



हनुमानगढ़ी में किया दर्शन-पूजन

एयरपोर्ट से राष्ट्रपति सीधे हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंची। वहां गद्दीनशीन महंत प्रेमदास व पुजारी हेमंत दास के सहयोग से उन्होंने संकटमोचन हनुमान के श्रीचरणों में अपनी हाजिरी लगाई। हनुमान जी महाराज का दर्शन पूजन कर आरती की और मंदिर की परिक्रमा की। हनुमानगढ़ी दर्शन पूजन के बाद राष्ट्रपति ने सरयू तट स्थित साकेत होटल में विश्राम कर अल्पाहार किया। वहां से राष्ट्रपति सरयू आरती करने पहुंचीं। राष्ट्रपति ने करीब आधे घंटे तक सरयू का दर्शन पूजन और आरती की। इस दौरान उन्होंने सरयू आरती के समिति के अध्यक्ष महंत शशिकांत दास से सरयू की महिमा के बारे में जानकारी प्राप्त की।

रामलला के चरणों में झुकाया शीश

राष्ट्रपति ने भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप विग्रह का विधि-विधान से दर्शन पूजन कर राम लला की आरती उतारी। श्रीराम का दीदार कर वे भावविभोर हो गईं।

उनके स्वागत में मंदिर परिसर सहित पूरे गर्भगृह को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था। रामलला का दर्शन पूजन करने के बाद कुबेर टीला पहुंची, जहां उन्होंने परिवार के संग कुबेश्वर महादेव का विधि विधान से दर्शन-पूजन कर आरती-उतारी किया।

# 2024 में प्रधानमंत्री मोदी की चल रही सुनामी, यूपी में जीतेंगे 80 सीटें : केशव

एजेंसी

कौशांबी। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को बीजेपी उम्मीदवार व सांसद विनोद सोनकर के नामांकन में शामिल हुए। भाजपा प्रत्याशी ने सवा 12 बजे अपना नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कौशांबी समेत सभी लोकसभा की सीटें भाजपा जीतने जा रही है। साल 2014 में मोदी नाम की लहर थी, 2019 में आंधी आई और इस बार मोदी की सुनामी चल रही है। आरक्षण खत्म करने के सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा, आरक्षण राहुल गांधी के पिता उनकी दादी9दादी नहीं खत्म कर सके तो इस समय मोदी के रहते आरक्षण कोई खत्म नहीं कर सकता, हम सब बाबा साहब के अनुयायी हैं। संविधान को साक्षी मानकर देश और प्रदेश में सरकार चला रहे हैं। 4 जून 4 बजे 400 पार के नारे के साथ एक बार फिर मोदी की सरकार नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रही है। सपा मुखिया अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि वह साल 2014 से नारे लगा रहे हैं। उनका नारा सच साबित नहीं हो सका। जो नारा बीजेपी ने दिया वही सच और सिद्ध है। देश की वैक्सीन को लेकर शुरू हुए विवाद के मामले पर डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने टिप्पणी करते हुए कहा कि उनका बयान आधिकारिक के रूप से तो नहीं है, लेकिन देश की रक्षा के लिए जो वैक्सीन वैज्ञानिकों ने बनाई, उसका वह सम्मान करते हैं। इसके पूर्व मंझनपुर स्थित कलेक्ट्रेट मे बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, उम्मीदवार विनोद सोनकर, दो प्रस्तावक समेत नगर पालिका भरवारी की अध्यक्ष कविता सरोज को नामांकन कक्ष तक जाने की अनुमति पुलिस ने दी। कलेक्ट्रेट के नामांकन स्थल से करीब सौ मीटर दूर सुरक्षा पॉइंट्स बना कर मीडिया के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया गया। करीब 12 बजे डिप्टी सीएम केशव मौर्य की कार में सांसद विनोद सोनकर बैठ कर नामांकन इंट्री पॉइंट्स तक पहुंचे। बीजेपी प्रत्याशी विनोद सोनकर ने अपना नामांकन मुहूर्त के अनुसार 12 बजकर 20 मिनट पर दाखिल किया। उनका नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया।



**2014 में मोदी की लहर, 2019 में आंधी और 2024 में चल रही है सुनामीः केशव**

**देश की रक्षा के लिए जो वैक्सीन वैज्ञानिकों ने बनाई, हम उसका सम्मान करते हैं : केशव**

# गरीबों के साथ मजाक कर रही भाजपा सरकार: अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शिवपाल यादव की विधानसभा जसवंतनगर में जनसभा को संबोधित किया जनसभा संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय आपदा में अवसर का नारा देने वाले लोगों की पोल खुल गई है। कोरोना वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से भी भाजपा के लोगों ने चंदा लेकर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ होने दिया। आज वह कंपनी कोर्ट के कठघरे में खड़ी है और उस वैक्सीन से लोगों में हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज की बीमारियां बढ़ रही हैं। जसवंतनगर में जनसभा को संबोधित करते अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह लोग सब कुछ प्राइवेट करते चले जा रहे हैं। हर विभाग में आउटसोर्स से भर्ती हो रही है और जो भर्ती सरकार कर रही है, उनके पेपर लीक करवा रही है ताकि भर्तियां न करनी पड़ जाए। गरीब, किसान बेरोजगार लोगों ने बैंक में सोना रखकर कर्ज लिया है। देश में महंगाई से परेशान गृहिणी महिलाएं भी अब भारतीय जनता पार्टी से परेशान हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यह लोग सब कुछ उल्टा पुल्टा कर चुके हैं। इस बार यह लोग सत्ता में आए तो संविधान बदल देंगे। भाजपा ने एक दिन फैसला लिया और नोटबंदी कर दी और लोगों को बैंक की लाइनों में खड़ा कर दिया और फिर फौज की नौकरी भी चार साल की कर दी । आगे पता नहीं, हो सकता है पुलिस की भर्ती में भी तीन साल की नौकरी कर दे। उन्होंने कहा कि दो चरणों के चुनाव में भाजपा के लोग और उनके साथी बहुत पीछे छूट गए हैं इसलिए उन्होंने अपना चार सौ पार का नारा भी बदल दिया है। यह लोग सबको जबरदस्ती कोरोना की वैक्सीन लगवा रहे थे अब तो बात खुल गई । सोचिए कंपनी ने खुद कोर्ट में कहा कि इस वैक्सीन के बाद हार्ट अटैक और दिल संबंधी बीमारियां बढ़ी हैं। भाजपा ने अपनी सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करके कंपनियों से जबरदस्ती चंदा वसूला है। जिन कंपनियों के पास टर्न ओवर नहीं है, उन कंपनियों से हजारों करोड़ रुपए का चंदा लिया है। आज देश में महंगाई चंदे की वजह से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अगर विभाग प्राइवेट हो जायेगा तो क्या आरक्षण लागू होगा? यह हवाई जहाज वाला विभाग प्राइवेट कर दिया और इसी तरह और भी विभाग हैं।



अगर आरक्षण खत्म नहीं करना चाहते है तो प्राइवेट के रास्ते पर क्यों जा रहे है। उन्होंने कहा कि यह जसवंतनगर है और आज तारीख एक मई है । यह समझ लो कि बीजेपी गई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने फ्री में गल्ला देने का वादा करअपनी सरकार तो बना ली शुरू में तो गल्ले में रिफाइंड दाल चीनी सब कुछ दिया, अब क्या दे रही है ।

# फैजुल्लागंज के विकास में जो कायाकल्प हुआ है उसमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का बहुत बड़ा योगदान है :डॉ. नीरज बोरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी सरकार के विगत 10 वर्षों में हुए कार्यों और लखनऊ लोकसभा से प्रत्याशी रक्षा मंत्री व सांसद लखनऊ राजनाथ सिंह द्वारा लखनऊ के विकास के लिए किए गए अभूतपूर्व कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नोएडा विधायक पंकज सिंह ने विश्वकर्मा मंदिर शिवपुरी में वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक किया, नुक्कड़ सभा कार्यक्रम के तहत रिमझिम पैलेस निकट यशोदा इंटर कॉलेज तथा बटलर पैलेस में बड़ी संख्या उपस्थित क्षेत्र वासियों को संबोधित किया। भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने सेक्टर 17 इंदिरानगर बाबू जगजीवन राम वार्ड में भृगुनाथ शुक्ला, सुमित खन्ना द्वारा सांसद राजनाथ सिंह के समर्थन में आयोजित नुक्कड़ सभा में जनता जनार्दन को संबोधित करते हुए उपस्थित जनसमूह से सांसद राजनाथ सिंह के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने व तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए आवाह्न किया। उत्तर विधानसभा के तहत फैजुल्लागंज चार उत्तर मंडल चार अन्तर्गत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, जिसमे उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो फैजुल्लागंज के विकास में जो कायाकल्प हुआ है उसमे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बहुत बड़ा योगदान है। जल भराव, कच्ची रोड, संचारी रोग जैसी अनेक समस्याएं से रोज गुजरना पड़ता था लेकिन जो कार्य आपके क्षेत्र के विकास के लिए मैंने बताए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यथा संभव शीघ्र उसे कार्य को निस्तारण किया है।




दाऊद नगर में पावर हॉउस, बड़ा नाला जल निकासी की विकट समस्या से रिंग रोड 104 द्वद्व, जल भराव की समस्या का निदान 50 बेड के अस्पताल गोमती नदी पर दाऊद नगर एक पुल निर्माण स्वीकृत हो गया है।

## आम के बाग़ में मिला अज्ञात वृद्ध महिला का शव,ग्रामीणों में मचा हड़कंप

रहीमाबाद/लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वृद्ध महिला का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। बुधवार को रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नईबस्ती व सलामतखेड़ा के मध्य से निकली माइनर के किनारे रामस्वरूप के आम के बाग़ में एक वृद्ध महिला का शव पड़ा मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। बाग में शव मिलने ख़बर आग की तरह फैल गयी। कुछ ही देर में आसपास के ग्रामीण खेत में इकट्ठा हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने काफी देर तक वृद्ध महिला के शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी तो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनुभव सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा प्राप्त सुचना पर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया परन्तु शिनाख्त नही हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार महिला पिछले कुछ दिनों से गांव में नज़र आ रही थी। महिला मानसिक विछिप्त बताई जा रही है।

## महंगाई के चलते एक युवक ने पंखे में रस्सी।गले में फांसी का फंदा डालकर खुदकुशी की

मैनपुरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बरनाहल। जनपद की थाना बरनाहल क्षेत्र के ग्राम फूलपुर में आज एक युवक ने महंगाई के चलते के चलते गलेमें फांसी का फंदा डालकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली प्राप्त जानकारी के अनुसार खुदकुशी करने वाले युवक का बीती रात महंगाई की मार से तंग आकर हुआ था इसी महंगाई चलते आज एक नवयुवक ने मनपाल सिंह पुत्र सावरेन सिंह आयु 35 वर्ष ग्राम फूलपुर थाना बरनाल जनपद मैनपुरी का रहने वाला है पंखे में रस्सी का फंदा अपने गले में डालकर अपने ही मकान में खुदकुशी कर ली 112 नंबर पर सूचना की गई सूचना पाकर 112 नंबर पर तैनात यशपाल सिंह अपने हमरा के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना का पूरा जय लिया जा एग्राम कार्रवाई थाना बरनाहल पुलिस ने की सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मैनपुरी भिजवाया पोस्टमार्टम होने के बाद सबको उसके परिजनों को सौंप दिया जाएगा

## मौरंग भरा डंफर पलटने से प्राइवेट क्लीनिक संचालक जख्मी

डेरापुर कानपुर देहात कैनविज टाइम्स संवाददाता । डेरापुर क्षेत्र के कुड़ावल गांव में रजधान की तरफ से आ रहा मौरंग भरा डंफर  दूसरे वाहन को साइड देते समय पलट गया जिससे मौरंग क्लीनिक के अंदर घुस गई उसमें क्लीनिक संचालक डॉ विवेक कुमार को गंभीर चोटें आई हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने विवेक कुमार को सी एच सी डेरापुर में भर्ती कराया जहां डॉक्टर मनोज गुप्ता ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया है डंफर की टक्कर से विद्युत पोल टूट जाने के कारण गांव व क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है।

## मौरंग भरा डंफर पलटने से प्राइवेट क्लीनिक संचालक जख्मी

डेरापुर (कानपुर देहात ) कैनविज टाइम्स संवाददाता । डेरापुर क्षेत्र के कुड़ावल गांव में रजधान की तरफ से आ रहा मौरंग भरा डंफर  दूसरे वाहन को साइड देते समय पलट गया जिससे मौरंग क्लीनिक के अंदर घुस गई उसमें क्लीनिक संचालक डॉ विवेक कुमार को गंभीर चोटें आई हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने विवेक कुमार को सी एच सी डेरापुर में भर्ती कराया जहां डॉक्टर मनोज गुप्ता ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया है डंफर की टक्कर से विद्युत पोल टूट जाने के कारण गांव व क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है

## डेरापुर खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

डेरापुर( कानपुर देहात) कैनविज टाइम्स संवाददाता। खंड विकास अधिकारी शिव गोविंद पटेल ने डेरापुर ब्लाक परिसर में बैठक कर ग्राम पंचायत अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिन तालाबों में अभी तक पानी नहीं भरा है उनमें  एक सप्ताह के अंदर पानी भरवाया जाय जिससे पशु पक्षी आदि गर्मी में  प्यासे न रहे  गांव के किसानों समाजसेवकों आदि को गौशाला में गायों के लिए  भूसा दान करने को प्रेरित किया जाय मनरेगा का कार्य सुचारू रूप से करवाया जाए जिससे मजदूरों के जीवन यापन में कोई बाधा उत्पन्न ना हो आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी हरनाथ संखवार ,अमरेश कुमार ,रिचा सचान, मगन सिंह, प्रमोद शुक्ला ,आशीष मिश्रा मौजूद रहे।

# नुक्कड़ सभा में इलाबांस पहुंचे मंत्री जयवीर सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

एलाऊ। मैनपुरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह ने बुधवार को किशनी विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में नुक्कड़ सभाएं की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी योजना से समाज का हर वर्ग खुश है। 4 जून को इसका परिणाम भी सामने दिखाई पड़ेगा। समाजवादी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि मैनपुरी से जीतकर समाजवादी पार्टी ने सिर्फ अपने परिवार का विकास किया है। सपा में एक ही परिवार के सारे लोग हर जगह चुनाव लड़ना चाहते हैं। भारतीय जनता पार्टी हर कार्यकर्ता को चुनाव लड़ने का अधिकार देती है। केंद्र? व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के समाज के हर वर्ग को मिल रहा है। अपराधों पर अंकुश लगाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाया है। सपा के जनप्रतिनिधि अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हैं। केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है, इसे कोई रोकने वाला नहीं है। उन्होंने किशनी क्षेत्र के इलाबांस, सकरा, नुनारी, हुसैनपुर, बुढौली, आदि गांवों में नुक्कड़ सभाएं कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल वाल्मीकि, चेयरमैन प्रतिनिधि राजाबाबू, जिला पंचायत सदस्य जीतू सिसौदिया, प्रवेश परमार प्रधान प्रतिनिधि इलाबांस, बबलू ख़ान, आलोक अग्निहोत्री नरेश परमार, भूपेंद्र सिंह, सौरभ, परमार, रविंद्र राठौर, अरुन राठौर, शिवाजी, अवनीश मिश्रा, राकेश मिश्रा, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**उक्त  मुकदमे की माननीय अपर जिला जज प्रथम श्री चंद्रशेखर की अदालत में चल रही थी सुनवाई**

कानपुर देहात । डेरापुर क्षेत्र के एक मंदिर में अलाव ताप रहे पुजारी की एक युवक ने कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर देने के मामले में माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम श्री चंद्रशेखर की अदालत ने सुनवाई करते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही उसपर ग्यारह हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार सिंह उर्फ के के सिंह ने बताया कि डेरापुर क्षेत्र के गांव सनिहापुर निवासी इंद्रपाल सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी इसमें बताया था कि उसके मामा भगवती प्रसाद डेरापुर क्षेत्र के गांव खल्ला में स्तिथ मुकुंदपुरी मंदिर में पूजा अर्चना करते थे और वहीं पर रहते थे। 21 दिसंबर 2016 की रात वह मंदिर के अन्य साधुओं के साथ अलाव ताप रहे थे उसी समय रतनियापुर निवासी सोनू उर्फ वीर अभिमन्यु हाथ में कुल्हाड़ी लिए मंदिर आकर खाना मांगने लगा । उसको खाना खत्म होने की बात कही गई तो वह भड़क गया और उसने बाबा भगवती प्रसाद के गर्दन पर कुल्हाड़ी मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। डर के कारण अलाव में बैठे लोग खल्ला गांव की ओर भाग गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने छान बीन की तो बाबा का शव मंदिर के पीछे झाड़ियों में पड़ा मिला।पुलिस ने मामले में आरोप पत्र अदालत में दाखिल किए थे।मामले की सुनवाई माननीय अपर जिला जज प्रथम श्री चंद्रशेखर की अदालत में चल रही थी।मंगलवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही उसपर ग्यारह हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है।

# सम्पूर्ण देश में रामराज्य की परिकल्पना को लेकर प्रधानमंत्री मोदी कर रहे काम : अरविन्द शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चित्रकूट । भारतीय जनता पार्टी द्वारा 236 चित्रकूट विधानसभा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन वृन्दावन गार्डे न अमानपुर में आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि यह भगवान राम की तपोभूमि है। यहा के कण-कण मे राम बसते है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राम के आदर्शो में चलने वाली पार्टी है और सम्पूर्ण देश में रामराज की परिकल्पना को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के किसी भी नेता का कोई भी सगा सम्बन्धी मंत्री, विधायक या संगठन के किसी भी दायित्व मे नही है, किन्तु अन्य पार्टियां पूर्णतया परिवार आधारित पार्टिया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है। आज देश का दुनिया में मान बढा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूर्ण विजय के संकल्प के साथ अपना बूथ जीतने के लिए संकल्पित प्रयास करें। यह चुनाव भारत को विश्वगुरू बनाने का चुनाव है। हर बूथ में घर-घर पहुंचकर जन-जन से सम्पर्क करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि बूथ अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी की रीढ है। असली लडाई बूथ में बूथ अध्यक्ष ही लडता है। हमे अपना बूथ जीतना है तभी हमारी जीत सुनिश्चित होगी। सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि आप सभी बूथ अध्यक्षों के दम पर ही पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे है। आप सबको आगामी 20 मई को लगकर पहले मतदान करना है फिर जलपान करना है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव कार्यकर्ताओं के सामूहिक नेतृत्व में लडा जा रहा है। आप सबके प्रयास से जब मतदान होता है तो भारत माता के माथे से कलंक का टीका धारा 370 हटती है, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे बनता है, वन्दे भारत ट्रेने चलती है, पहाडी में डिफेंस कॉरिडोर बनने लगता है, राम वन गमन पथ बनता है, श्रीराम की जन्मभूमि में भव्य दिव्य मंदिर बनता है। विधानसभा प्रभारी आशुतोष तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ता टोली बनाकर व्यापक जनसंवाद करें। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में भेद नहीं है। भारतीय जनता पार्टी ने जो भी वादा किया वह पूरा करने का काम किया है। पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि 1951 से लेकर आज तक भाजपा की नीतियों और सिद्धान्तों में कोई बदलाव नही हुआ है। जिन सिद्धांतों को लेकर पार्टी चली थी, उन्ही सिद्धान्तों पर आज भी कायम रहकर काम कर रही है। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य आनन्द त्रिपाठी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी, लोकसभा सह संयोजक शिवशंकर सिंह, मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा, रामनगर गंगाधर मिश्रा, मऊ सुशीला वर्मा, पहाड़ी सुशील द्विवेदी, विधानसभा संयोजक एवं जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, दिनेश तिवारी, राजीव त्रिपाठी, आभेष मिश्रा, बृजेश पांडेय, अश्विन अवस्थी, विपुल प्रताप, जय प्रकाश पांडेय, सुरेश अनुरागी, दिनेश पटेल, हीरो मिश्रा, आशीष कोल, कैलाश मिश्रा, विनीता द्विवेदी, धीरेन्द्र सेगर, रामरतन प्रजापति, सुनीता श्रीवास, पन्नालाल कोरी, अनीता सिंह, विनोद पांडये अखिलेश रैकवार, शिवाकांत पाण्डेय, गौरव करवरिया, राम प्रताप सिंह, रवि गुप्ता, श्रवण पटेल, विनीता द्विवेदी, लवलेश निषाद, दिव्या त्रिपाठी, अजू वर्मा, रामसागर चतुर्वेदी, सजय पांडेय, अर्पित जयसवाल, रमाकान्त पांडेय, राखी चैबे, माया प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक को अधिवक्ताओं ने दिया ज्ञापन

(कानपुर देहात) । अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराकर उन्हें समाप्त करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। विगत दिनों अलग अलग मामलों में दो अधिवक्ताओं के खिलाफ अकबरपुर थाना में मारपीट सहित एस सी एस टी एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था।उक्त मुकदमों की निष्पक्ष विवेचना कर मामला समाप्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को एकीकृत बार एसोसियेशन के पदाधिकारियों सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने अपर पुलिस अधीक्षक से मिलकर उन्हें ज्ञापन दिया।इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ,एकीकृत बार एसोसियेशन के महामंत्री संजय सिंह सिसौदिया,अध्यक्ष राधेश्याम कटियार ने कहा कि अधिवक्ताओं के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने के पूर्व बार संघों से वार्ता कर ली जाए नहीं तो वकीलों के खिलाफ फर्जी मुकदमे कायम होने से वकील निष्पक्ष और निर्भीक होकर काम नहीं कर पाएंगे।उन्होंने बताया कि अधिवक्ता यदुराज सिंह यादव के खिलाफ

# पत्रकारों के पेंशन और आवास की समस्या का होगा समाधान: अवनीश अवस्थी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मजदूर दिवस के अवसर पर यूपी प्रेस क्लब में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों के लिए पेंशन योजना, पत्रकार सुरक्षा कानून, पीजीआई में सभी श्रमजीवी पत्रकारों को चिकित्सा सुविधा और डेस्क कर्मियों को प्रेस मान्यता दिए जाने की मांग की गयी। यूनियन ने मुख्यमंत्री को संबोधित इन 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सीएम के सलाहकार और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवनीश अवस्थी को सौंपा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने मई दिवस पर सभी लोगों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कोविड में खत्म हुए 122 पत्रकारों के परिवार को सहायता दी थी। उन्होंने पत्रकारों को आश्वस्त करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है इसलिए ज्यादा नहीं बोल सकता हूं। लेकिन पत्रकारों के पेंशन और आवास की समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी मजदूर है जहाँ भी काम कर रहा उसकी इज्जत करे।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का विकसित भारत का सपना पूरा होगा। अवनीश अवस्थी ने मंच से वहां मौजूद सभी लोगों से मतदान करने की भी अपील की। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने कहा कि पत्रकारों की इतनी कम सैलरी पर 24 घंटे काम करना बहुत बड़ी बात है। रात में घटना हो या दिन में बारिश में ठंड में गर्मी में लगातार काम करते है। श्रमिक के काम का एक समय होता हैं लेकिन पत्रकार के काम करने का घंटा तय नहीं रहता। उन्होंने कहा कि वह सरकार से पत्रकारों के हितों के लिए मजबूती से पैरवी करेंगे। वहीं कार्यक्रम में यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकार और पत्रकारिता दोनों संक्रमण काल के दौर से गुजर रहे हैं। सरकार पत्रकारों के हितों का संरक्षण करने के उपाय करें। अखबार चलाने वाले मालिकान अब संविदा के तहत पत्रकारों को नौकरी में रखते हैं। इसलिए नौकरी खत्म होने का संकट हमेशा बना रहता है। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में मांग की गयी है कि मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, केरल समेत लगभग एक दर्जन से ज्यादा राज्यों में पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा है। यूपी सरकार भी पत्रकारों के लिए शीघ्र ही पेंशन योजना का ऐलान करे।

**कम सैलरी में पत्रकारों का 24 घंटे काम करना सराहनीय – पवन सिंह चौहान**

**यूनियन ने मुख्यमंत्री को संबोधित सौंपा 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन**

# ट्रेनिंग लेना सभी कार्मिको के लिए अनिवार्य: ज़िला निर्वाचन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार के द्वारा जानकारी दी गई कि जयनारायण पीजी कालेज में आयोजित होने वाला पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित हुआ। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बताया कि प्रथम पाली में सुबह 09 बजे प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। वहीं दूसरी पाली का प्रशिक्षण दोपहर 1:30 बजे शुरू हुआ।

प्रथम पाली व द्वितीय पाली हेतु नियत कुल 3138 कार्मिक जिसमें से 1569 पीठासीन अधिकारी के सापेक्ष कुल 1522 पीठासीन अधिकारी एवं 1569 प्रथम मतदान अधिकारी के सापेक्ष कुल 1545 प्रथम मतदान अधिकारी द्वारा उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। इस प्रकार पीठासीन अधिकारी की कुल उपस्थिति 97 प्रतिशत तथा मतदान अधिकारी की कुल उपस्थिति 98.47 प्रतिशत रही। अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अन्तर्गत कठोर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि ट्रेनिंग लेना सभी कार्मिको के लिए अनिवार्य है किसी भी दशा में नही छोड़ी जा सकती। साथ ही कड़े निर्देश दिए कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारी प्रथम के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अर्न्तगत कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए।

## थाना गुडम्बा वा सर्विलांस सेल उत्तरी के सफल प्रयास से लूट की घटना का हुआ खुलासा, लुटेरे अरेस्ट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ ।मध्य रात्रि को ही लूट की घटना को अंजाम देने वाले पांच लुटेरों को लूट के सामान व अवैध तमन्चे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना गुडम्बा मे वादी द्वारा लूट का मुकदमा पंजीकृत कराया गया था मुकदमे की तफ्तीश मे जुटी थाना गुडम्बा पुलिस ने सर्विलांस टीम उत्तरी की मदद से महज छह दिन मे ही घटना का खुलासा कर दिया साथ ही लूटे गए ज़ेवरात, घटना मे प्रयुक्त कार, मोटर साइकिल सहित दो देशी तमन्चे और जिंदा कारतूस को भी अपने कब्ज़े मे ले लिया है। अभियुक्तो के नाम युसुफ खान उर्फ मोहम्मद् आलम, कौशल कुमार सिंह, नूरुल पुत्र शहीद, सैफ पुत्र मकबूल और हलीम पुत्र मोहमद शकील है। अभियुक्तों पर विधिक कार्यवाही कर दी गई है।

## सीवर की सफाई को उतरे दो कर्मियों की मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। वजीरगंज थाना क्षेत्र में बुधवार को सीवर सफाई के दौरान दो कर्मचारी बेहोश हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जलकल, नगर निगम के साथ रेस्क्यू शुरू किया। कर्मियों को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों की मौत हो गयी।

वजीरगंज पुलिस के मुताबिक, शहीद स्मारक के पास बने एक सीवर की सफाई के लिए दो कर्मचारी उतरे। ये लोग सुरक्षा संबंधी उपकरण भी नहीं लिये थे। सीवर में उतरने के दौरान उससे निकलने वाली गैस के चपेट में आने से बेहोश हो गये। भीतर से कोई हरकत न होने पर झांक कर देखा तो दोनों बेहोश थे। आनन-फानन में नगर निगम और जलकल विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची टीमों ने कर्मचारियों को बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा। डॉक्टरों ने इलाज के दौरान दोनों को मृत घोषित कर दिया। अभी इन मजदूरों के नाम पता नहीं चल सके हैं।

## बेकाबू टैम्पो नाले में गिरा, 10 सवारी घायल

लखनऊ । गुडम्बा थाना क्षेत्र स्थित जगरानी अस्पताल के पास बुधवार को एक बेकाबू टैम्पो नाले में जा गिरा। हादसे में आठ से दस सवारियों को गंभीर चोटें आयी हैं।

गुडम्बा क्षेत्र में कई माह से चल रहे निर्माण कार्यों की वजह से रूट डायर्वट है। बुधवार मड़ियाव से सवारी लेकर आ रहा टैम्पो जगरानी अस्पताल के पास अनियंत्रित होकर बीस फीट के गहरे नाले में जा गिरी। टैम्पो में दस से आठ सवारियां बैठी थीं, जो टैम्पो समेत नाले में जा गिरी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। क्रेन की मदद से टैम्पो को बाहर निकाला।

## देश की जनता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों पर जता रही भरोसा : लोकदल

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने एक चुनावी जनसभा में कहा है कि 4 जून को एनडीए की विदाई तय है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जनता का खूब समर्थन मिल रहा है, इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार विजई होंगे, क्योंकि मतदाताओं ने गठबंधन के पक्ष में मतदान किया है देश की जनता ने एनडीए को 2014 व 2019 में खूब मौका दिया, लेकिन मोदी सरकार ने पूरा समय इधर-उधर की बात करने में निकाल दिया। देश खतरनाक स्थिति से गुजर रहा है। देश की जनता मौजूदा सरकार से निराश और हताश है। देश की जनता को सरकार ने परेशानी और संकट में डाला है। भाजपा सरकार के चंदा, नोटबंदी, जीएसटी लाने के फैसले से महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ा है। देश के अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है भाजपा संविधान को खत्म करने का प्रयास कर रही है। सिंह ने दावा किया है कि एनडीए 150 का आंकड़ा भी नहीं पार कर पाएगी 400 का आंकड़ा तो बहुत ही दूर की बात है।

## डीपीएस जानकीपुरम में प्रार्थना सभा का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जानकीपुरम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में श्रमिक दिवस से संबंधी प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसका आरंभ प्रातः कालीन प्रार्थना से किया गया। विद्यार्थियों ने अपने भाषण में श्रमिकों की उपयोगिता और परिश्रम का वर्णन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीरू भास्कर ने तथा उप प्रधानाचार्या ने कार्यक्रम की अत्यंत सराहना की तथा सभी को श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दी।

## धर्मपाल ने किया ''कमलज्योति'' के संकल्प पत्र विशेषांक का लोकार्पण



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के मुखपत्र ''कमलज्योति'' के संकल्प पत्र विशेषांक का लोकार्पण प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने बुधवार को प्रदेश पार्टी कार्यालय में किया। इस अवसर पर महामंत्री संगठन ने कहा कि पत्र पत्रिकाएं समाज का दर्पण है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब, किसान, युवा व महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक उन्नति के साथ भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए अबकी बार 400 पार का लक्ष्य पूरा करना है। धर्मपाल ने कहा कि मोदी सरकार में गरीब के पक्के घर के सपने पूरे हुए, 80 करोड़ लोगों तक राशन, किसानों के लिए सम्मान निधि तथा निशुल्क ईलाज की सुविधा मिल रही है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए कमल ज्योति पत्रिका के प्रबंध संपादक राजकुमार ने कहा कि संकल्प पत्र विशेषांक हम सब के बीच है। लोकतंत्र का महापर्व इस समय चल रहा है। अनेक पार्टियों ने अपने–अपने घोषणापत्र में लोकलुभावन वायदे किये हैं जो पूरे नहीं हो सकते। भाजपा का जो संकल्प पत्र है उसको मोदी की गारंटी कहा गया है। विकसित भारत बनाने की। भारत को एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने के लिए हम सब को मत देना है।इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्त, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, सह मुख्यालय प्रभारी लक्ष्मण चौधरी, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र सिंह पटेल व वर्षा सिन्हा उपस्थित रहीं।

## लोकसभा चुनाव क्षेत्रीय कार्यालयों का हवन पूजन के साथ विधि विधान से हुआ शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पक्ष में चुनावी गतिविधियों को और गति देने के उद्देश्य से विधानसभा स्तर पर लोकसभा चुनाव क्षेत्रीय कार्यालयों का विधि विधान से हवन पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। कैंट विधानसभा में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के साथ चंदरनगर स्थित कार्यालय पर, मध्य विधानसभा में बर्लिंगटन चौराहे पर प्रदेश उपाध्यक्ष और नोएडा विधायक पंकज सिंह ने राज्यसभा सांसद संजय सेठ और रजनीश गुप्ता के साथ, उत्तर विधानसभा में वरिष्ठ नेता नीरज सिंह और विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने पुरनिया स्थित कार्यालय पर, पूर्व विधानसभा में मुंशी पुलिया चौराहा निकट हनुमान मन्दिर के पास विधान परिषद सदस्य, लोकसभा चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा, पूर्व विधानसभा पार्टी प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव, महामंत्री त्रिलोक अधिकारी, पश्चिम विधानसभा में सेक्टर 13 राजाजीपुरम निकट गुड लक लॉन में भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव, रमेश तूफानी की उपस्थिति में पंडितो द्वारा मंत्रोच्चार, हवन पूजन के साथ विधि विधान से उपस्थित जन प्रतिनिधियों से पूजन अर्चन कराकर कार्यालय का उद्घाटन किया गया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि इस दौरान सभी विधानसभाओं के चुनाव संयोजक, प्रभारी, सह संयोजक, मण्डल अध्यक्ष, पार्षदगण, बूथ प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। वहीं इस मौके पर पूजा अर्चन के साथ सभी ने राजनाथ सिंह को ऐतिहासिक विजय दिलाने का संकल्प लिया।

## राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर कर्मचारियों को किया सम्मानित

मोहनलालगंज लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। निगोहां के संत फ्रांसिस इण्टर कॉलेज में बुद्धवार को राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कर दो दर्जन चतुर्थश्रेणी कर्मचारियो को सम्मानित किया गया।कालेज के प्रधानाचार्य विजय क्रास्ता ने कर्मचारियो को फूल माला पहनाकर व उपहार देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर कालेज के छात्रा -छात्राओं ने श्रमिकों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति देकर लोगो का मन मोह लिए।प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि किसी भी समाज, देश, संस्था और उद्योग में मजदूरों, कामगारों और मेहनतकशों की अहम भूमिका होती है। कामगारों के बिना कोई भी औद्योगिक ढांचा खड़ा नहीं रह सकता।इस मौके पर कालेज के सभी शिक्षक व छात्र-छात्राओ समेत कर्मचारी मौजूद रहे।

## विवाद के बाद बड़े भाई को पीटा,मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज क्षेत्र के अतरौली गांव निवासी संजय ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते मगंलवार की रात साढे नौ बजे के करीब छोटे भाई करन से कहासुनी के बाद विवाद हो गया,जिसके बाद छोटे भाई ने गाली-गालौज करते हुये उसकी जमकर पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकला।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरूद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## 18 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर मिला सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय लखनऊ के बहुउद्देशीय हाल में सहायक मण्डल कार्मिक अधिकारी रंजीत कुमार द्वारा 18 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर भाव भीनी विदाई देते हुए समापक भुगतान के रूप में समापक राशि का प्रपत्र तथा सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा रेलवे के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं अतुलनीय योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रविदास महरोत्रा ने नामांकन किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रविदास महरोत्रा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के लिए प्रत्याशी रविदास महरोत्रा ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय से एक जुलूस निकाला। नामांकन जुलूस मुख्य मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा।

समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रविदास ने नामांकन के बाद कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के चेहरे पर इस चुनाव में भाजपा को वोट मिलना मुश्किल है। राजनाथ सिंह को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने अपने नामांकन में दो मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री की व्यवस्था करायी।रविदास महरोत्रा ने कहा कि लखनऊ मध्य विधानसभा से उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी विधायक हुआ करते थे।

जो कि 2022 की विधानसभा चुनाव में अपनी स्थिति देखते हुए मध्य सीट छोड़ कर कैंट की ओर भाग गये थे।रविदास महरोत्रा ने कहा कि लखनऊ लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें हैं। इसमें दो विधानसभाओं में समाजवादी पार्टी के आज भी विधायक हैं। तीसरी उत्तर विधानसभा में दूसरे स्थान पर रहे हैं। फिर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रुप में वह स्थानीय चेहरा है। लोगों के बीच उठते बैठते मिलते हैं।

## लोस चुनाव : यूपी में 30 अप्रैल तक 33 लाख के मादक पदार्थ और नकदी जब्त

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सक्रिय उड़नदस्ता टीम ने मंगलवार को 492.11 लाख रुपये के मादक पदार्थ, नकदी बरामद की है। इसमें 35.15 लाख रुपये नकद धनराशि, 55.24 लाख रुपये कीमत की 21016.17 लीटर शराब, 401.63 लाख रुपये कीमत की 49925 ग्राम ड्रग एवं 0.09 लाख रुपये कीमत की पांच अन्य सामग्री जब्त की गयी।प्रमुख जब्ती में जनपद बरेली की फरीदपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 3.32 करोड़ रुपये की अनुमानित कीमत की 6090 ग्राम ड्रग, जनपद पीलीभीत की पीलीभीत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 40.40 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 202 ग्राम ड्रग, जनपद शाहजहांपुर की कटरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 15 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 300 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी तथा जनपद सम्भल की सम्भल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10.80 लाख रुपये शामिल है।प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को बताया कि 30 अप्रैल तक कुल 33557.50 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये हैं। इसमें 3280.62 लाख रुपये नकद धनराशि, 4688.76 लाख रुपये कीमत की शराब, 22229.42 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2193.07 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं बरामद की।

## दो दिवसीय ए–आई स्टार्टअप समिट 2024 का शुभारम्भ




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय में दो दिवसीय ए-आई स्टार्टअप समिट 2024 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय स्थित डॉ अखिलेश दास गुप्ता आडिटोरियम में किया गया, जिसमें देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों के वक्ताओं ने अपने विचार रखे और ए-आई के महत्व पर चर्चा की। यह कार्यक्रम बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन अलका दास गुप्ता और प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन और प्रेरणा से आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ ए के मित्तल, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफ़ेयर प्रो डॉ एस एम के रिजवी, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो डॉ प्रवीण कुमार शुक्ला ने किया। जिसमें आईआईटी कानपुर से प्रो निश्चल वर्मा, ट्रिपल आईटी प्रयागराज से प्रो विजेन्द्र सिंह, प्रो कृष्ण प्रताप सिंह, प्रो सोनाली अग्रवाल, अमेरिका स्थित डेल टेक्नालॉजी से अभिषेक शुक्ल, मेक्सिको से वरिष्ठ शोधकर्ता डॉ संजू तिवारी, बीबीएयू लखनऊ से डॉ पवन चौरसिया, आईईटी लखनऊ से डॉ उपेन्द्र कुमार, यूके स्थित बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी से डॉ आर्गेटा इलियाग, डॉ मो मेघात गैबर, अलस्टर यूनिवर्सिटी से डॉ मुस्कान सिंह, जर्मनी स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ ल्यूबेक से डॉ स्वेन ग्रोपे, अमेरिका स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ मेरीलैंड बाल्टिमोर से डॉ मानस गौर ने ए-आई से सम्बंधित विषयों पर अपने अपने विचार रखे।

## 4 माह से खुला पड़ा है गहरा नाला, हादसे का इंतजार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊ के जानकीपुरम क्षेत्र में कुछ दिन पहले सीवर में गिरने से आठ साल के मासूम बच्चे की मौत हो गयी थी। इस घटना से भी लखनऊ नगर निगम की आँख नहीं खुली है। नगर निगम जोन 6 भी किसी बड़ी घटना का इन्तिज़ार कर रहा है।

यहाँ भवानी गंज वार्ड के अंतर्गत आने वाले दीन दयाल रोड पर नूर मस्जिद के निकट एक लगभग 12 फ़ीट गहरे नाले पर ढका चेम्बर लगभग पिछले 4 महीनों से टूटा पड़ा है जिसमें गिरकर कई लोग घायल भी हो चुके हैं गनीमत यह रहा कि जिस वक्त लोग इसमें गिरे उस समय इस नाले में पानी कम था इसलिए कोई बड़ी घटना पेश नहीं आई। इसी रोड से शाहगंज को भी एक रास्ता जाता है जिससे राहगीर यहाँ से गुजरते हैं इस गहरे खुले हुए नाले से किसी भी वक्त कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानी लोगों का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत नगर निगम में की जा चुकी है किंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे मे नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को चाहिए है कि इससे पहले की कोई बड़ी घटना पेश आए इस नाले के चेंबर को तुरंत बनवाये जिससे की आम जनता की हिफाजत हो सके

# चर्चाएं मुखर मतदाता मौन, सीतापुर का अगला सांसद कौन?

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सीतापुर। जनपद सीतापुर का लोकसभा चुनाव अब अपने आप में एक नई तूल पकड़ रहा है। सभी पार्टियों के प्रत्याशी कड़कड़ाती धूप में भी जमीनी स्तर पर कार्य करने के लिए जुट गए हैं। पार्टी के प्रत्याशियों की गाड़ियां अब गांव-गांव गली-गली मोहल्ले में गूंजने लगी है। लोकसभा चुनाव में चल रही त्रिकोणी लड़ाई से सभी दलों के प्रत्याशियों में चुनाव का डर देखने को मिल रहा है। अगर बात करें ग्राउंड लेवल की रिपोर्ट की तो युवा वर्ग का मतदान भाजपा के समक्ष पड़ सकता है। लेकिन कुछ युवाओं का कहना है कि भाजपा की सरकार बनने के बाद शिक्षा, व्यवसाय और बेरोजगारी अपनी चरम सीमा पर है। और वही मध्यम वर्ग के लोगों का आरोप है कि सरकार बनने के बाद स्वास्थ्य महकमा काफी डगमगाया हुआ है। अगर बात करें दूसरे दलों के प्रत्याशियों की वह अभी कुछ समय पहले भाजपा का ही एक परिवार थे। राजनीतिक जीवन में वर्चस्व बनाने के लिए कई दिग्गज नेता अलग-अलग तरीके के पैतरे अजमाते हुए नजर आ रहे है। वहीं पे अगर बात की जाए ग्राउंड लेवल रिर्पोट की तो सुर्खियों में बहुत सारे नेता हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। क्योंकि भाजपा के विरोध में चुनाव लड़ रहे महेंद्र सिंह यादव और राकेश राठौर दोनों प्रत्याशियों का राजनीतिक जीवन में एक वर्चस्व रहा है। बहुजन समाज पार्टी से प्रत्याशी महेंद्र सिंह यादव भी भाजपा के लिए एक कठिन प्रत्याशी के रूप में सामने आते हैं। बात की जाए अगर कंग्रेस और सपा के गठबंधन प्रत्याशी राकेश राठौर की तो वह भी युवा से लगाकर मध्यम वर्ग के सभी मतदाताओं में अपनी एक पहचान रखते हैं। जो कि भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा के लिए एक कठिन चुनौती है। हम बात करें अगर भाजपा के प्रत्याशी राजेश वर्मा की तो पूरा संगठन व पार्टी के स्टार प्रचारकों का आनेवाले दिनों में जमावड़ा देखने को मिलेगा पार्टी संगठन कोई रिस्क नही उठाना चाहती ट्रैक रिकार्ड के अनुसार बसपा दो बार व भाजपा से दो बार सांसद रहे हैं। सीतापुर लोकसभा क्षेत्र में काफी राजनीतिक पकड़ व राजनीतिक दब दबा रहा है। क्योंकि पार्टी ने इस बार फिर से एक बार राजेश वर्मा पर विश्वास बनाए रखने का काम किया है। अब देखना यह है कि क्या इस जलजले को राजेश वर्मा कायम रख सकेंगे या फिर इसमें कुछ हेरा फ़ेरी हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक़ भाजपा और गठबंधन के प्रत्याशी में जोरदार टक्कर हो सकती है। लेकिन सवाल यह भी उठता है कि इस टक्कर में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी महेंद्र सिंह यादव भी कड़ी टक्कर देते नजर आ रहे है। फिलहाल लोकसभा चुनाव 2024 पूर्णरूप से खुला नही है मतदाताओं की बात करे वो भी पूर्णमन नही बना सके है चुनाव तिथि आते आते चुनाव और मुखर होता जाएगा सांसद कौन होगा वो सिर्फ चुनाव परिणाम के दिन मालूम हो पायेगा ।

# मात्र 11 दिन में लगभग 4 करोड़ की अविश्वसनीय सहायता

## टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया सहयोग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। टीचर्स सेल्फ केयर टीम उ.प्र. के संस्थापक विवेकानंद आर्य की दूरगामी सोच से मात्र 11 दिन में 7 दिवंगत साथियों के परिवारों को 3 करोड़ 92 लाख से अधिक की मदद दिवंगत साथियों के परिवार को पहुँच चुकी है।जनपद सीतापुर के शिक्षकों द्वारा इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी करते हुए लगभग 5550 से अधिक दानदाताओं के माध्यम से लगभग 9 लाख 72 हजार की धनराशि दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को उलब्ध कराई है।प्रदेश टीम से वरिष्ट उपाध्यक्ष विवेक मिश्र व जिला संरक्षक बालसरोज़ व जिला संयोजक विजय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में दानदाता साथियों ने यह अकल्पनीय कार्य पूर्ण किया है। जिला संयोजक विजय कुमार श्रीवास्तव ने जनपद के सभी सम्मानित टी.एस.सी.टी. सदस्यो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब कड़ियों की भाँति है जो जुड़कर जंजीर बन जाती है और आपस मे बहुत ही मजबूत गठजोड़ बनाती है। जिला व ब्लाक टीम की तरफ से प्रवक्ता प्रदीप कुमार द्वारा भी सभी सम्मानित टी.एस.सी.टी. सदस्यो/दानदाता साथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि मात्र 25 रु से किसी परिवार को मिलने वाले 56 लाख उन्हें काफी हद तक आर्थिक दुश्वारियों से दूर करेंगे जिसके लिये सभी सदस्य आभार व्यक्त करते हैं।

जिला सह-संयोजकगण नवीन कुमार,अनूप कुमार श्रीवास्तव, अनूप कुमार प्रजापति, अनिल अवस्थी, अमित कटियार,मनोज कुमार वर्मा,सुनील कुमार,रवि शुक्ला,एस0 पी0 सिंह,रामेंद्र कुमार श्रीवास्तव,सुशील कुमार पाण्डेय,जिला मीडिया प्रभारी विजय नाथ चौरसिया एवं जिला आई.टी. सेल प्रभारी रोहित खरया ने भी जनपद सीतापुर के सभी टी.एस.सी.टी.सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# अवैध मदिरा निर्माण, तस्करी, बिक्री पर अंकुश लगाने को चला अभियान, 11अभियोग दर्ज

लखीमपुर-खीरी। आबकारी आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व मे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, तस्करी तथा परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के लिए प्रशासन, पुलिस, आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें प्रवर्तन अभियान चला रही।

डीईओ राजवीर सिंह के नेतृत्व में सभी आबकारी निरीक्षक लगातार अपने-अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे है, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये। बुधवार को जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 11 अभियोगो को पंजीकृत किया गया। 268 लीटर अवैध शराब और 1610 किग्रा लहन बरामद की। बुधवार को जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक ह्रदय नारायण क्षेत्र 2 मोहम्मदी ने ग्राम सरैया थाना मोहम्मदी में दबिश दी। आबकारी निरीक्षक मनोज यादव क्षेत्र-3 निघासन ने ग्राम खैरीगढ़, चिरकुआ, बेलराया थाना सिगाही में दबिश दी।

# सावधान ! ग्राम विकास अधिकारी कक्ष में सामान्य जनता का प्रवेश वर्जित?

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रेउसा सीतापुर। अपनी क्रियाकलापों के लिए मशहूर विकासखंड रेउसा हमेशा चर्चा में रहता है। जिले के उच्चाधिकारियों द्वारा पूर्व में विकासखंड परिसर में ग्रामविकास अधिकारी के कक्ष में प्राइवेट कर्मचारी की मौजूदगी के लिए जहां सख्त मनाही के दिशा निर्देश दिए गए थे वही सामान्य व्यक्तियो की समस्याएं सुनने की भी बात सामने आई थी। परंतु वर्तमान में रेउसा खंड विकास परिसर में ग्रामविकास अधिकारियों को आवंटित कक्षों में स्थित एकदम विपरीत दिखाई देती है।


कक्षों में अनाधिकृत लोगों के साथ ग्रामविकास अधिकारियों की कोल्डड्रिंक समोसा पार्टी तो आम हो चुकी है ऐसे में उसी समय यदि गलती से यदि कोई व्यक्ति (मुकेश त्रिवेदी के) कक्ष में पहुंच जाए तो अभद्रता पूर्वक बात की जाती है। उससे यह कहा जाता है कि तुम यहां कैसे आ गए क्या पता हम कौन सा गोपनीय कार्य कर रहे हैं बाहर जाओ। ऐसे में बड़ा प्रश्न यह है कि खंडविकास परिसर में आवंटित मुकेश त्रिवेदी के कक्ष में आख़िर ऐसे कौन से गोपनीय कार्यों को अंजाम दिया जाता है कि सामान्य व्यक्ति को आने की मनाही है।

क्या ग्राम विकास अधिकारियों को अपने निजी विलासिता को पूर्ण करने के लिए कक्षों का आवंटन सरकार द्वारा किया गया है या फिर जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए ? इस संदर्भ में जब खंड विकास अधिकारी विवेकमणि त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी मीटिंग में है मामले को देखते है।

# लहरपुर में आज गृहमंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे चुनावी जनसभा

## फ्लाईग अब्जेक्ट/ड्रोन उड़ान आदि को प्रातः 06-00 बजे से रात्रि 10-00 बजे तक किया गया प्रतिबन्धित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। केंद्रीय गृह मंत्री भारत सरकार माननीय अमित शाह 2 मई 2024 दिन गुरुवार दोपहर 2:30 बजे सीतापुर लोकसभा के अंतर्गत लहरपुर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राजेश वर्मा के पक्ष में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा का आयोजन लहरपुर पक्का तालाब के सामने तहसील के निकट होगा।

अपर जिला मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक, सीतापुर की आख्या दिनांक 01.05.2024 के द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 02.05.2024 को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार के जनपद सीतापुर के क्षेत्रान्तर्गत थाना क्षेत्र लहरपुर में भ्रमण कार्यक्रम हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्तावित है। मा0 केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के भ्रमण के समय आपराधिक/अराजक तत्वों द्वारा द्वारा ड्रोन कैमरा व अन्य उड़ने वाले उपकरणों का प्रयोग की संभावना से इन्कार नही किया जा सकता है मा0 केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार की सुरक्षा के दृष्टिगत ड्रोन कैमरा व अन्य उड़ने वाले उपकरणों के प्रयोग पर प्रतिबन्ध लगाया जाना समीचीन है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 02 मई, 2024 को जनपद सीतापुर के थाना लहरपुर क्षेत्रान्तर्गत हेलीपैड स्थल/कार्यक्रम स्थल एवं उसके आसपास अन्तर्गत फ्लाईग अब्जेक्ट/ड्रोन उड़ान आदि को प्रातः 06-00 बजे से रात्रि 10-00 बजे तक प्रतिबन्धित किया जाता है।

उन्होंने उपरोक्त तात्कालिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये यह संभव नहीं है कि जिन पर यह आदेश लागू होगा, को सूचित कर उन्हें सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिया जाये, अतः यह आदेश तत्काल प्रभाव से एकपक्षीय रूप से पारित किया है, जो सम्पूर्ण तहसील लहरपुर क्षेत्रान्तर्गत प्रभावी होगा।

समस्त सम्बन्धित द्वारा उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उक्त आदेश का उल्लघंन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भा0द0सं0 की धारा-188 एवं अन्य विधिक प्राविधानों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# अनाथ बच्चों का आशियाना बना आदर्श ग्रुप आफ एजुकेशन

महमूदाबाद/सीतापुर सीतापुर जिले में तो ऐसे बहुत सारे विद्यालय हैं जो अच्छी शिक्षा और अच्छे आचरण के लिए अपने आप में एक अलग पहचान रखते हैं। लेकिन वही अगर बात करें अच्छी शिक्षा और अच्छे आचरण के साथ-साथ अनाथ बच्चों की फ्री शिक्षा की तो वही आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रथम स्थान पर हैं। आज के समय में अगर देखा जाए तो कुछ लोगों का यह भी कहना है कि कुछ विद्यालयों ने तो शिक्षा को एक व्यापार के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। महमूदाबाद के आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में ऐसे बहुत से छात्र छात्राएं फ्री में शिक्षा ग्रहण करते हैं जिनके माता-पिता इस संसार में नहीं है। आदर्श ग्रुप आफ एजुकेशन ऐसे बच्चों को फ्री में शिक्षा देने का कार्य करता है। आदर्श ग्रुप आफ एजुकेशन की प्रबंधक आशा देवी का यह मानना है कि जिन बच्चों के माता-पिता इस संसार में नहीं रह जाते है ,और वह अनाथ हो जाते हैं उनके लिए हमारी तरफ से यह एक सुनहरा अवसर दिया जाता है कि वह बच्चे शिक्षा जगत श्रेणी में आकर अपना और अपने परिवार का नाम रोशन कर सके। इस विद्यालय के अध्यक्ष त्रिलोक वर्मा और उनके बेटे अमन ज्योति बताते हैं कि मेरे विद्यालय में आए हुए अनाथ बच्चों के ऊपर खासकर नजर रखी जाती है और अच्छी से अच्छी शिक्षा देने के लिए समय त्समय पर उन बच्चों को प्रेरित किया जाता है। विद्यालय में आए हुए अनाथ बच्चों को हम लोग अपने परिवार के सदस्य के रूप में रखते हैं और उनकी देखभाल करते हैं।

## विद्यालय के प्रधानाचार्य ने क्या कहा

प्रधानाचार्य सुधीर कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय में आए हुए सभी अनाथ बच्चों को और अन्य बच्चों में हम लोग कोई भी मतभेद नहीं देखते हैं। तथा अनाथ बच्चों की ध्यान पूर्वक देखभाल की जाती हैं। हमारा विद्यालय एक परिवार के रूप में काम करने का कार्य करता है।

# ईवीएम और वीवीपैट का हुआ द्वितीय रेंडमाइजेशन



लखीमपुर-खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन प्रकिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढंग से सुव्यवस्थित सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने बुधवार को जिले में विद्यमान दोनो लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की सभी आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के लिए ईवीएम और वीवीपैटों का द्वितीय रेंडमाइजेशन हुआ।

28 खीरी संसदीय क्षेत्र की सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी, 29 धौरहरा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी, सीडीओ अनिल कुमार सिंह सिंह ने दोनों संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों, उनके अभिकर्ताओं, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम और वीवीपैटों का रेंडमाइजेशन कार्य कराया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में ईवीएम और वीवीपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन में जिले के कुल बूथ 2890 के सापेक्ष 125 प्रतिशत कंट्रोल यूनिट,125 प्रतिशत बैलेट यूनिट और 135 प्रतिशत वीवीपैट का रैंडमाइजेशन हुआ। इस रेंडमाइजेशन में इन मशीनों का बूथवार आवंटन कर दिया गया है। इस अवसर पर एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह, प्रभारी अधिकारी (ईवीएम) बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी संजय आनंद जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी तौसीफअहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा दोनों संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों उनके अभिकर्ताओं, राजनीतिक दलों के जुड़े हुए प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# दरोगा ने सड़क पर बुलेट खड़ी कर, ठाठ से रोड किनारे खड़े होकर खाई रबड़ी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। कोतवाली नगर क्षेत्र के तामसेनगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्रीकगंज चौराहे पर बना एक दरोगा का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा जिसमें दरोगा जी ने अपनी बुलेट UP-32JM-4624 को चौराहे की मोड़ पर सड़क पर खड़ी कर मिठाई की दुकान पर रबड़ी खड़े होकर खाते दिख रहे हैं व्यस्ततम चौराहे पर गाड़ियों का आवागमन काफी रात तक बना रहता वीडियो में यह भी दिख रहा कि दरोगा जी अपनी बुलेट मोटरसाइकिल को ट्रैफिक के चलते सड़क पर ही खड़ी करने के बावजूद भी नहीं हटवा रहे और वीडियो को बनते देखा भी फिर भी आराम से वीडियो के लास्ट में अपनी वर्दी और नेम प्लेट को सही करते हुये अपने साथ सिपाही को पीछे सीट पर बैठाकर बुलेट स्टार्ट कर चले जाते हैं इस वायरल वीडियो से समाज में दरोगा जी के प्रति अविश्वसनीय बातें चर्चा में है।

और जांच का विषय यह भी बन रहा की क्या वजह रही की रात दस 10:00 बजे के बाद यह वीडियो जो बना वायरल हो रहा वो कोई और नहीं चौकी इंचार्ज तामसेनगंज विनोद गिरि का ही निकला वायरल वीडियो जिसने भी बनाया कहि क्षेत्रीय चौकी इंचार्ज पर दबाव बनाने की तो वजह नहीं क्योंकि सड़क की मोड़ पर खड़ी बुलेट के पीछे एक चार पहिया कार सफ़ेद कलर जिसकी लाइट जलने की वजह से कार की नंबर प्लेट साफ नहीं दिख रही है और रात दस 10:00 बजे बाद कितनी भी जाम हो गाड़ी साइड से निकाली जा सकती थी कहीं चौकी इंचार्ज और वीडियो बनाने वालों के बीच में कोई विवाद पुराना तो नहीं लोगों में और भी तरह- तरह की बातें वायरल वीडियो चर्चा बनी हुई है।

# सकरन में तकनीकी सहायकों का बोलबाला,करवा रहे मनरेगा कार्यों में मनचाहा घोटाला

## न लेबर न काम फिर भी मनरेगा में निकल रहा पूरा दाम

### फर्जी कामों की एमबी पास करने के आका खेल रहे खेल,टीए छैल बिहारी व रविंद्र वर्मा पर नहीं कोई नकेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सकरन(सीतापुर)। चुनावी समय मे आचार संहिता के चलते ग्राम पंचायतों के बहुत से कामों पर लग चुके विराम को गति दे रही मनरेगा योजना जो मजदूरों के पेट से सीधे जुड़ी हुई योजना है। आज जब दुनिया मजदूर दिवस मना रही तब सकरन की करीब दो दर्जन ग्राम पंचायतों में सिर्फ कागजों पर ही फर्जी मजदूरों की हाजिरी,समोसे कोल्डड्रिंक के बलबूते 50 मजदूरों के स्थान पर 5 मजदूरों की एमएमएस,पुरानी फोटो अपलोडिंग के साथ तकनीकी सहायक रविन्द्र वर्मा व छैल बिहारी द्वारा स्वयं ग्राम प्रधानों से काम को ठेके पर लेकर सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर गरीबों के हक को डकारा जा रहा।ग्रामपंचायतों उमरा कला, उमरा खुर्द,सुमरावां,काजीपुर,प्यारापुर,सकरन,गठिया कला, अंगरासी,सेमरा खुर्द इत्यादि में मनरेगा काम कागजों पर तो खूब धमा चौकड़ी मचा रहा है पर जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही।

राजनैतिक पकड़ व सजातीय राजनीतिज्ञों के तालमेल की अद्वितीय प्रतिमूर्तियाँ जो तकनीकी सहायक के रूप में पूरे क्षेत्र में मनरेगा कार्यों में स्वयं ठेकेदारी करते मिलेंगे या अपने मातहतों के जरिए करवाते हैं मनरेगा काम,यही नहीं यदि कोई ग्राम प्रधान टीए छैल बिहारी व रविन्द्र वर्मा की ग्रामपंचायतों में करवाना चाहे काम तो उसे ये लोग नतमस्तक न होने तक दिन में ही तारे दिखा देने तक करते हैं हर सम्भव प्रयास।इसी राजनैतिक गठजोड़ के जरिए ये लोग रोजगार सेवकों को हैंडल कर खूब मचाते हैं लूट।

मनरेगा लूट में धोबीपछाड दांव सीख चुके पहलवान टीए छैलबिहारी व रविन्द्र पूरी योजना व ग्रामप्रधानों,मनरेगा मजदूरों को दे रहे पछाड़ और जमीनी हकीकत से इतर हवा में ही हवाहवाई तरीके से करवा रहे काम।

## सकरन क्षेत्र में नहीं खुल रहे आंगनबाड़ी केंद्र

सकरन/सीतापुर। अपनी कार्यशैली के जरिये सदैव सुर्खियों में रहने वाला बाल विकास विभाग सकरन एकबार पुनः बटोर रहा सुर्खियां,दर्जनों आंगनबाड़ी केंद्रों में लटक रहे ताले व पोषण के घोटाले आम बात जिसके लिए आए दिन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व समूहों में नोक झोंक के साथ मामले परियोजना कार्यालय व ब्लॉक मुख्यालय पहुंच रहे।खैर कुछ हो इस कर्तव्यहीनता व लूट की जिम्मेदार सिर्फ अनगंबड़ियाँ ही नहीं इसके पीछे सुपरविजन कर रही सुपरवाइजरों के साथ उच्च अधिकारियों का भी वरदहस्त है व एसएचजी के पीछे उनके अधिकारी जो हर माह एक निश्चित रकम की करवा रहे वसूली परिणामतः गर्भवती,धात्री व मासूम बच्चे पोषाहार न पा हो रहे कुपोषण के शिकार और सरकारी पोषाहार से जनरल स्टोर संचालक हो रहे गुलजार।पोषाहार में मिलने वापी दलिया के आटे,चने के बेसन व खाद्य तेल का गोरखधंधा अपने उफान पर।इसी के चलते सुपरविजन न होने के कारण अधिकांशतः आंगनबाड़ी केंद्रों में लटक रहे ताले।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रति आंगनबाड़ी प्रति माह एक निश्चित रकम 5 से 7 सौ रुपए वसूली जा रही और समूहों से 1 हजार से 2 हजार रुपए प्रति उठान पर तो ऐसी स्थिति में कैसे खुलें तले व कैसे हो पूर्ण पोषण वितरण।

आंगनबाड़ी केंद्रों में बड़ी संख्या में बनवाए जा रहे शौचालयों में जिस तरीके से जिम्मेदारों द्वारा लूट मची है कि मानो अब ईंट भट्ठे सिर्फ पीली ईंट ही बना रहे और निर्माण के सभी मानकों की अनदेखी कर मानक विहीन बिल्डिंग मटेरियल से शौचालयों का कराया जा रहा निर्माण जिससे कभी भी मासूमों की जान को हो सकता खतरा फिर किसी भी हादसे की स्थिति में नहीं ढूंढे मिलेंगे ठेकेदार।

बाल विकास परियोजना में इस तरह की मनमानी से गरीब तबके के मजदूर किसान वर्ग के परिवारों को लूटने का किया जा रहा कुत्सित प्रयास और गरीबों के हकों पर डाला जा रहा डाका, उसके स्वास्थ्य,शिक्षा ही नहीं जीवन से भी किया जा रहा खिलवाड़।

# आगामी सत्र में परेशानियों से बचने के लिए मौके पर रह कर कराए सर्वे: ओपी चौहान



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पलियाकलां-खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड एवं गन्ना विकास परिषद द्वारा संयुक्त रुप से गन्ना सर्वे का कार्य प्रारंभ कर दिया है। पलिया समिति द्वारा 31 व भीरा समिति द्वारा 4 बेलरायां समिति द्वारा 5 संपूर्णानगर समिति द्वारा 1 संयुक्त सर्किल बनाई गई है। जिन्होंने चीनी मिल क्षेत्र में गन्ने का सर्वे का कार्य शुरू कर दिया है।

बुधवार को चीनी मिल के यूनिट हेड ओ पी चौहान द्वारा मझगई क्षेत्र के ग्राम तिकोना फार्म में चल रहे सर्वे कार्य की कृषक लखविंदर सिंह, ज्ञानेश शुक्ला, रमाकांत पांडेय, अनुपम मिश्रा के प्लाट पर जाकर जांच की, सर्वे कार्य खेत की नाप गन्ना प्रजाति को सही पाया। सर्वे कार्य में उपस्थित कृषकों को यूनिट हेड द्वारा वर्तमान समय में गन्ना फसल के क्षति पहुंचाने वाले कीट अंकुर वेधक व चोटी बेधक से बचाव हेतु 150 मिलीलीटर कोराजन कीटनाशक प्रति एकड़ प्रयोग करने की सलाह दी ,साथ ही गन्ना फसल में यूरिया उर्वरक 50 किलो प्रति एकड़ ट्राप ड्रेसिंग करने हेतु बताया ताकि गन्ना फसल मैं अधिक फुटाव हो सके ।

उन्होंने यह भी बताया कि सभी किसान अपने गन्ना को कीट व रोग के प्रयोग से बचाव कर अधिकतम लाभ लें। यूनिट हेड ने क्षेत्र के सभी किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि वे अपने खेत का सर्वे मौके पर रह कर अपने सामने कराए । जिससे आने वाले पेराई सत्र में कोई परेशानी न हो।

## बाबा परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर, 10 मई को निकली जाएगी भव्य शोभायात्रा

पलियाकलां-खीरी। श्रीकुल आश्रम में पूर्व कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 28 अप्रैल को सायं 7:30 बजे परशुराम जयंती कार्यक्रम के संबंध में वरिष्ठ चिकित्सक डाक्टर एकके अवस्थी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमें पूर्व की भांति बैठक का निर्धारण एजेंडा पढ़कर सुनाया गया। जिसमें सर्व संबंध से विचार किया गया की शहर में पांच तोरण द्वार बनाए जाएंगे पूर्व निर्धारित तीन दिवसीय कार्यक्रम के अनुसार 8 मई को 9:00 बजे राम चरित मानस का पाठ प्रारंभ होगा। 9 में को पाठ के समापन उपरांत प्रसाद वितरण कर रात्रि में स्थानिक कवियों द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, तदूप्रांत 10 मई को प्रातः कालीन बेला में बाबा परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में हवन पूजन कर षोडशोपचार दुग्धाभिषेक, तदुपरांत माता रेणुका रसोई कन्या भोज तथा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एक कुक्षी नगर परिक्रमा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रीकुल उपासक पंडित गोविंद माधव मिश्रा, कृष्ण कुमार गोपी, धनेंद्र शुक्ला, सुनील गुप्ता , ''पंडित'' अतुल गुप्ता, एडवोकेट गगन मिश्रा, नीरज बाजपेई, पत्रकार सुरेश कुमार मिश्रा, चांद कुमार जैन आदर्श अग्रवाल, सोमेश माधव मिश्रा, डीके श्रीवास्तव, रामू वर्मा, शेर वर्मा, गेंदू महाराज, उमाशंकर मिश्रा, देवेंद्र कुमार, विश्वंकात त्रिपाठी सहित तीन दर्जन से अधिक देवदार मौजूद रहे।

## इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांगे वोट



पलियाकलां-खीरी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पलिया नगर में भ्रमण कर खीरी लोकसभा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा के लिये वोट मांगे गए।अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगर अध्यक्ष आबिद हुसैन खां ''क़मर'' के आवास पर कांग्रेस कार्यकर्त्ताएकत्रित हुए तत्पश्चात वहीं से टोली के रूप में चलकर बाज़ार में दुकान-दुकान जाकर गठबन्धन प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा को जिताने की अपील की। इस दौरान किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष बृज मौर्या, वरिष्ठ कांग्रेसी अमर गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सपा संजीव कुमार ''मुन्ना'', पूर्व यूथ जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस आकिब खां, यूथ जिला महासचिव कांग्रेस मोइन अहमद जवेदी, जिला महासचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस आदिल खां, तहसील अध्यक्ष किसान कांग्रेस इरशाद अली, पूर्व प्रधान रामचंदर, गुरनाम सिंह, अमनप्रीत सिंह, नितेश शुक्ला, श्रीचंद, रामलखन सिंह (एडवोकेट), हंसराज मोतीलाल मास्टर मुन्ना खान संदीप गौतम थारू क्षेत्र के आसाराम, रावण दास रामू राणा रामचंदर बंदरबरारी आदि भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देश में फिर से मोदी की सरकार बनाने के लिए हर बूथ पर कमल खिलाना है : खन्ना

## सपा नेता कौशल किशोर यादव को वित्तमंत्री ने भाजपा की सदस्यता दिलाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना का लोकसभा प्रत्याशी व सांसद अरुण सागर और उनके समर्थकों ने स्वागत किया। उसके बाद गढ़िया रंगीन, कटरा, खुदागंज, मझिला, और निगोही में ताबड़तोड़ जनसंपर्क अभियान किया। कटरा स्थित चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की, जिसमे उन्होंने सपा नेता कौशल किशोर यादव को भाजपा की सदस्यता दिलाई। उसके बाद खुदागंज के नवादा मोड़ स्थित चरखोला में होने वाली सीएम की जनसभा स्थल का निरीक्षण भी किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और लोकसभा प्रत्याशी व सांसद अरुण सागर की मौजूदगी में समाजवादी के वरिष्ठ नेता व नगर पंचायत कटरा के पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी कौशल किशोर यादव को भाजपा की सदस्यता दिलाई। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने 6 मई को खुदागंज के नवादा मोड़ स्थित चरखोला में होने वाली सीएम की जनसभा को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि शाहजहांपुर में चौथे चरण में 13 मई को लोकसभा चुनाव होना है। आने वाले चुनाव के लिए अभी से मेहनत करना है जिससे कि पिछली बार से भी बड़ी जीत अरुण सागर को मिले। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए मोदी सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाते हुए फिर से एक बार हर बूथ पर कमल खिलाने की अपील की। वहीं लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर ने कटरा विधानसभा स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले चुनाव में 2 लाख 70 हजार वोट से जीत मिलना कार्यकर्ताओं की मेहनत को दर्शाता है। इस बार इससे भी बड़ी जीत हासिल करना है। जिससे गठबंधन और बीएसपी प्रत्याशी जमानत ही जब्त हो जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि सभी अपने अपने क्षेत्रों में जाकर मोदी सरकार की तमाम योजनाओं के बारे में लोगों को बताएं। जिनको लाभ नही मिल पाया उनको मोदी सरकार आने के बाद जल्द लाभ दिलाने का वादा करें। जिससे कि हर बूथ पर सिर्फ कमल वाला बटन दबे। जिससे देश में फिर से मोदी की सरकार बने। इसके बाद अरुण सागर ने जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि जीत मिलने के बाद पांच साल तक उन्होंने लगातार इमानदारी से जनता की सेवा की है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं का लाभ पहुंचाया है।

जिसका लाभ जनता को मिला भी है। बगैर किसी भेदभाव के विकास कराया और अगर दोबारा से जनता चुनती है तो, इससे भी ज्यादा विकास कार्य कराए जाएंगे। केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद कानून व्यवस्था हो, स्वास्थ और शिक्षा पर ज्यादा काम किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन गरीबो का ध्यान रखा। जिनको उम्मीद भी नही थी कि, पक्के मकानों में रहेंगे। उनके लिए पक्के आवास बनवाकर दिए। शौचालय के साथ जल जीवन मिशन के अंतर्गत शुद्ध पेयजल की घर घर तक व्यवस्था कराई गई। लोकसभा प्रत्याशी व सांसद अरुण सागर ने कहा कि, हुलासनगरा रेलवे क्रासिंग और नेशनल हाइवे बनाने के लिए बजट लाकर उसको बनवाया। इसी हाइवे से लोगों का यातायात करना मुश्किल हो जाता था। हुलासनगरा के पास लंबी लंबी जाम लगती थी, पूरा दिन जाम में फंसकर लोग परेशान होते थे। लेकिन मोदी सरकार आई और पांच साल पहले जिस तरह से प्रचंड जीत दिलाई। उसी कर्ज उतारने की कोशिश कर रहे हैं। लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर ने जनता से अपील की है कि छह जून को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुदागंज के नवादा मोड़ स्थित चरखोला में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। सीएम की जनसभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर जनसभा को सफल बनाना है। इस दौरान विधायक वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस', जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह, जिला महामंत्री अनिल सिंह कमांडो, मंडल अध्यक्ष जगदीश राठौर, मंडल अध्यक्ष रजत शर्मा आदि तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

# भांजे को जमीन देना चाहता था लेखराम नाराज भतीजों ने गोली मार कर दी हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव बरौरा निवासी लेखराम (40) हत्या उनके भतीजों ने नौ बीघा जमीन के लालच में की थी। लंबे समय से खेत पर फसल बोने वाले संतोष व गुड्डू को जमीन हाथ से निकल जाने का डर था। भतीजों का चाल-चलन ठीक नहीं होने की वजह से लेखराज भांजे के नाम जमीन करना चाह रहा था। सोमवार को जमीन के ही विवाद में भतीजों ने गोली मारकर हत्या कर दी। शिवसागर कनौजिया के बेटे लेखराज व वीरेश पाल के पास 18 बीघा जमीन है। एक पैर से दिव्यांग लेखराम के अविवाहित होने के चलते वह बड़े भाई वीरेश के साझे में रहते थे। वीरेश व उनके पुत्र ही जमीन पर खेती करते आए थे। भतीजों को उम्मीद थी कि लेखराज उनके नाम जमीन कर देंगे, लेकिन पिछले कुछ समय से वह निगोही के सातेपुर में रहने वाली बहन सुनीता के बड़े बेटे अरविंद के नाम अपने हिस्से की खेती करने की जिद पर अड़ गए थे। बताते हैं कि सुनीता भी जमीन लेने को राजी नहीं थी। इसी बात को लेकर भतीजों व लेखराज के बीच मन-मुटाव हो गया था। सोमवार की रात करीब सात बजे संतोष शौचालय की ओर जा रहा था। तभी लेखराज ने उसे गाली देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर दोनों भिड़ गए। इस बीच संतोष का भाई गुड्डू भी आया और दोनों ने चाचा को पीटना शुरू कर दिया। लाठी-डंडों से पीटने के बाद लेखराज को तमंचे से गोली मार दी। उसकी मौके पर मौत हो गई। लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से भाग गए थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। लेखराज के शरीर पर चोटों के निशान भी मिले हैं। हमलावरों ने उनके दो गोली मारी हैं। एक गोली सीने व दूसरी माथे पर लगी है। दोनों ही फायर नजदीक से मारे जाने की वजह से पार निकल गईं। मृतक के भाई वीरेश सिंधौली में सरसों की पेराई कराने के लिए गए थे। वह करीब नौ बजे लौटे तो उन्हें मकान के बाहर काफी भीड़ लगी मिली। जानकारी करने पर लोगों ने हत्या के बारे में बताया। इस बीच गांव के प्रधान फकीरे लाल ने सिंधौली थाने में सूचना दी।भतीजों के चाल-चलन नहीं थे ठीक, जमीन देने से था एतराज,वीरेश ने बताया कि छोटे भाई लेखराज गांव के लोगों की बातों में आ गया था। वह हर बार भतीजों के चाल-चलन ठीक नहीं होने की बात कहते हुए जमीन भांजे के नाम करने को कहता था।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु 49 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र फतेहपुर में दिनांक 01 मई 2024 को कुल 06 हुए हुए नामांकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार साध्वी निरंजन ज्योति शिष्या अच्युतानन्द निवासीऽ161 रमेडी जेल तालाब रोड हमीरपुर ने 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म दाखिल किया। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के उम्मीदवार श्री रामबिहारी पुत्र श्री रामबली शुक्ला, निवासीऽ240 बाजार दक्षिणी 4 कस्बा व तहसील बिंदकी फतेहपुर ने 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म दाखिल किया। बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार श्री मनीष सिंह सचान पुत्र श्री संतशरण, निवासीऽ1220 किदवई नगर पुखरायां नगर पालिका परिषद तहसील भोगनीपुर जिला कानपुर देहात ने 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म दाखिल किया। निर्दलीय के उम्मीदवार श्री बीरेंद्र सिंह पुत्र श्री मातादीन, निवासीऽ339/340 आवास विकास कालोनी फतेहपुर ने 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म दाखिल किया। सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के उम्मीदवार श्री राजेश कुमार पटेल पुत्र श्री जोखूराम, निवासीऽग्राम नेवादा पोस्ट बहुता तहसील पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ ने 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म दाखिल किया। परिवर्तन समाज पार्टी के उम्मीदवार श्री कमलेश कुमार सिंह पुत्र स्व0 राजबहादुर सिंह, निवासीऽ277बी/2 कंधईपुर धूमनगंज प्रयागराज ने 02 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म दाखिल किया। साथ ही पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक आज 06 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र का फार्म प्राप्त किए, जिसका विवरण निम्नानुसार है। निर्दलीय के उम्मीदवार श्री पंकज अवस्थी पुत्र श्री ओमप्रकाश अवस्थी, निवासीऽएम0आई0जी0 68 क, ब्लॉक गुजैनी उद्योग नगर कानपुर ने स्वयं 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म प्राप्त किया। निर्दलीय के उम्मीदवार श्री ओमप्रकाश सिंह पुत्र श्री भारत प्रसाद, निवासीऽ147 कृष्ण बिहारी नगर फतेहपुर ने स्वयं 03 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म प्राप्त किया। निर्दलीय के उम्मीदवार श्री सुशील कुमार पुत्र भोला सिंह, निवासीऽघोसिन का पुरवा मजरे खरगूपुर बरगला फतेहपुर ने स्वयं 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म प्राप्त किया। निर्दलीय के उम्मीदवार श्रीमती सावित्री देवी पत्नी भोला, निवासीऽ घोसिन का पुरवा खरगूपुर बरगला फतेहपुर के लिए श्री कृष्ण कुमार सिंह पुत्र श्री राजबहादुर सिंह निवासीऽग्राम सेनीपुर, पोस्ट सनगांव फतेहपुर ने 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म प्राप्त किया। बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार श्री मनीष सिंह सचान पुत्र श्री संतराम, निवासीऽपुखराया किदवई नगर कानपुर देहात के लिए श्री संजय कुमार सचान पुत्र श्री रामप्रकाश सचान, निवासीऽपप्पी का हाता हरिहरगंज फतेहपुर ने दोबारा 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म प्राप्त किया। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के उम्मीदवार श्री रामबिहारी पुत्र स्व0 रामबली, निवासीऽस्टेट बैंक नई गली ललौली रोड फतेहपुर ने दोबारा 01 सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म प्राप्त किया।

# सफलता प्राप्त करने ज्यादा उस पर टिके रहना और आगे बढ़ना मुश्किल : हेमचन्द्र

एजेंसी



**विद्या भारती के छात्र विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे: च्यवन भार्गव**

**विद्यालय के 134 भैया-बहन सम्मानित**

**ज्वाला देवी इण्टर कॉलेज में हुआ बोर्ड परीक्षा प्रतिभा अलंकरण समारोह**

प्रयागराज। प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित सिविल लाइन स्थित ज्वाला देवी इण्टर कालेज में बोर्ड परीक्षा मेधावी समारोह आयोजित हुआ। जिसमें 90 प्रतिशत एवं उसके अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 134 भैया बहनों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विद्या भारती पूर्वी उप्र क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र ने कहा कि सफलता प्राप्त करना जितना कठिन है उससे अधिक उस स्थान पर टिके रहना या उससे आगे जाना है। उन्होंने कहा कि सभी भैया-बहनों को इस स्थान को बनाये रखने अथवा इससे आगे जाने के लिए और परिश्रम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अपने पूर्वी उप्र से जिन्होंने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। उनसे बात करने पर ज्ञात हुआ कि उनका उद्देश्य प्रशासनिक सेवा में सर्वोच्च पद प्राप्त कर देश की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि पुरस्कार किसी व्यक्ति के जीवन में उत्साह एवं गति प्रदान करते हैं। यदि इसका प्रारम्भ छात्र जीवन से हो जाये तो निश्चित रुप से उसे नित नये कीर्तिमान स्थापित करने से कोई रोक नहीं सकता। इसमें सम्बन्धित संस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अपने अध्यक्षीय आशीर्वचन में प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष च्यवन भार्गव ने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों से निकले युवा आज भारत में ही नहीं पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहें हैं और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलायें गये मेक इन इंडिया कांसेप्ट के माध्यम से पूरे देश की दिशा एवं दशा परिवर्तित करने में अपनी भूमिका निभाकर एक नये भारत का निर्माण कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि इविवि जीव विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ केपी सिंह ने कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता। सफलता सदैव कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगन एवं देश हित में काम करने की भावना से ही मिलती है। मुझे गर्व है कि विद्या भारती ऐसे कर्मठ नवयुवकों को तैयार करने वाली खान के रुप में जानी जाती है। अतिथियों का सम्मान विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने किया। तत्पश्चात उन्होंने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि भैया बहनों ने अपने कठिन परिश्रम व लगन से विद्यालय के विगत कई वर्षों के रिकार्ड को धराशायी करते हुये प्रदेश (प्रदेश में तीसरा स्थान) एवं जिले (जिले में सातवां स्थान) की मेरिट में जो अपना परचम लहराया है उसके लिये भैया-बहन एवं उनके अभिभावक बधाई के पात्र हैं।

## अयोध्या पहुंचकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर बुधवार को राम नगरी पहुंचे। यहां पर सबसे पहले उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में भगवान राम लला के दर्शन किए। इस अवसर पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की अमेठी और रायबरेली से उम्मीदवारी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि यह भ्रमित और भ्रष्ट पार्टी की स्थिति है। भ्रष्टाचार के कारण वो चोला बदलते हैं। खुद यूपीए से निकलकर भारतीय गठबंधन बन जाते हैं, तो कभी-कभी वे एक उम्मीदवार से दूसरे उम्मीदवार के पास चले जाते हैं। यह पार्टी के लिए असमंजस की स्थिति है। अनुराग ठाकुर जनपद बस्ती में भाजपा उम्मीदवार हरीश द्विवेदी और डुमरियागंज से जगदंबिका पाल के नामांकन के लिए यूपी दौरे पर पहुंचे थे।

## इंडी गठबंधन के सपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

जालौन। लोकसभा चुनाव का पांचवां चरण 20 मई को संपन्न कराया जाना है। इसी के मद्देनजर नामांकन प्रक्रिया चल रही है। बुधवार को गठबंधन की तरफ से सपा प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार ने पहला सेट दाखिल किया।

बता दें कि, आगामी 20 मई को जालौन-गरौठा-भोगनीपुर सीट पर मतदान किया जाना है। गठबंधन की तरफ से सपा प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार ने अपना पहला नामांकन सेट दाखिल किया। वहीं सेट दाखिल करने की बाद मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि अगर चुनाव में जीत मिलती है तो क्षेत्र की समस्याओं को दूर किया जायेगा। किसानों के लिए सिंचाई की प्रमुख समस्याओं को दूर किया जायेगा। युवाओं के लिए रोजगार और शिक्षा के स्तर में बढ़ोतरी की जाएगी।

## वाराणसी के डीआईजी ने नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया

जौनपुर। लोकसभा सदर व मछलीशहर सुरक्षित निर्वाचन क्षेत्र के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित चल रहे नामांकन कक्ष का बुधवार को वाराणसी के डीआईजी डॉ. ओपी सिंह ने पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा के साथ निरीक्षण किया। यहां व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का शक्ति से पालन करने का निर्देश दिया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कहा की दो लोकसभा के लिए चल रहे नामांकन कअक्षौर कई बूथों का निरीक्षण किया गया। सभी जगह ठीक-ठाक व्यवस्थाएं हैं। संवेदनशील स्थानों को चेक किया गया, सभी जगह शांति व्यवस्था बनी हुई है। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी की जा रही है। सभी संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। नामांकन कक्ष के आसपास बैरिकेडिंग के साथ भारी मात्रा में पुलिस बल लगाया गया है।

## कानपुर: सोशल मीडिया में वायरल वीडियो मामले में मुकदमा दर्ज

कानपुर । सोशल मीडिया में वायरल हुए वीडियो को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार ने कलक्टरगंज थाने में मुकदमा दर्ज करके जांच करने का आदेश दिया। वायरल हुए वीडियो में हिस्ट्रीशीटर अपराधी के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने बताया कि सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में एक अपराधी दिखाई दे रहा है, जिसके खिलाफ कलक्टरगंज थाने में 30 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। यह वीडियो लगभग पांच माह पुराना लग रहा है। इस संबंध में मुकदमा दर्ज करके जांच करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही वीडियो में जो असलहे लहराए जा रहें उसके संबंध में भी मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

## देवरिया: अलग-अलग दुर्घटना में दो की मौत, युवक घायल

देवरिया । जनपद में विभिन्न थाना क्षेत्र के अलग-अलग दुर्घटनाओं में बुधवार को दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, सड़क हादसे में घायल युवक को इलाज के लिए देवरिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। बनकटा थाना क्षेत्र के सोहनपुर गांव के रहने वाले सूरज कुशवाहा (18) और कृष्णा कुशवाहा (18 ) पुत्र सुकई बाइक से कहीं जा रहे थे। सोहनपुर रुस्तमपुर के पासअज्ञात वाहन की चपेट आने से गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने सूरज को मृत घोषित कर दिया। इसी तरह गौरी बाजार थानाक्षेत्र के पोखार भिंडा देवकुआ निवासी रामदयाल (45) की रेलवे लाइन के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई । जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

# धार्मिक उन्मान एवं शान्ति व्यवस्था विगाड़ने की सम्भावना पर गिरफ्तारी गलत : अमोदकंठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। इंचार्ज मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमोदकंठ ने बछरावां थाना क्षेत्र के टेला बरौला गांव में धार्मिक चबूतरे को तोड़ने व धार्मिक उन्मान फैलाने के आरोपियों की पुलिस रिमाण्ड की याचना को न केवल खारिज कर दिया, बल्कि अभिरक्षा में मौजूद तीनों आरोपियों को रिहा भी कर दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मात्र धार्मिक उन्मान एवं शान्ति व्यवस्था बिगाड़ने की सम्भावना के आधार पर पुलिस लोगों को गिरफ्तार करना शुरू कर देगी तो वह किसी भी व्यक्ति को बिना किसी पर्याप्त आधार तथा बिना उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तों का पालनें किये दण्ड प्रक्रिया संहिता के नियमों की अवहेलना करते हुए गिरफ्तारी किये जाने का बिना कोई कारण दशति हुए हिरासत में ले लगी। जिससे संविधान में प्रतिपादित अनुच्छेद-21 के अधिकार नागरिकों को नहीं प्राप्त हो सकेंगे। अदालत ने कहा कि अभियुक्त महफुजुलहक, सनी खां उर्फ मजहरूलहक तथा मजम्मिल खां की अपराध संख्या-283/2024 धारा-147, 295 व 506 में गिरफ्तारी स्वीकार करने का आधार पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा अदालत ने अभियुक्तों के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह भदौरिया की इस दलील को स्वीकार किया कि पुलिस ने धारा-41ए, दप्रसं की नोटिस का तामीला नहीं कराया है, जो आवश्यक था। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि उच्चतम न्यायालय की विधि व्यवस्था अरनेश कुमार-बनाम-बिहार राज्य एवं अन्य क्रि.अ.सं.-127/2014 में यह विधि व्यवस्था दी गयी है कि सभी मामले जिनमें सजा 7 वर्ष से कम है ऐसे मामले में धारा-141ए, दं.प्र.सं. का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है, साथ ही मजिस्ट्रेट पर यह दायित्व है कि ऐसे मामले में सामान्य तथा मैकेनिकल रूप में रिमांड स्वीकृत नहीं किया जाना चाहिए। अदालत का मानना था कि पुलिस ने केस डायरी में ऐसा कोई उल्लेख नहीं किया है कि अभियुक्त ने विवेचना में सहायता अथवा भागने का कोई प्रयास किया तथा जांच में सहयोग न करने का कोई कोई कथन किया हो।

## प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवारों ने किया नामांकन

प्रयागराज। इलाहाबाद एवं फूलपुर लोकसभा से भाजपा के दोनों प्रत्याशियों नीरज त्रिपाठी (इलाहाबाद) और प्रवीण पटेल (फूलपुर) ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। दोनों के नामांकन जुलूस में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आने की चर्चा थी लेकिन वह नहीं पहुंच पाए। कौशाम्बी सीट से विनोद सोनकर ने भी नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। उनके साथ केशव प्रसाद मौर्य मौजूद रहे। इलाहाबाद संसदीय सीट से भाजपा के उम्मीदवार नीरज त्रिपाठी एवं फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल अपनी धर्मपत्नी गोल्डी पटेल एवं बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे। दोनों प्रत्याशियों ने रिटर्निंग आफिसर के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। इसके पूर्व भाजपा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक आजाद पार्क के सामने पहुंच गए थे। वहीं से भाजपा का जुलूस पूरे लाव लश्कर के साथ निकला।

## जिला महिला अस्पताल की एसआईसी और मैट्रन को दी विदाई

मेरठ । जिला महिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका डॉ. ज्योत्सना कुमारी और मैट्रन मोनिता अग्रवाल को सेवानिवृत्ति पर बुधवार को विदाई दी गई। इस दौरान उनके कार्यकाल को याद किया गया। जिला महिला अस्पताल के हौसला तरंग सेंटर में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका डॉ. ज्योत्सना कुमारी और मैट्रन मोनिता अग्रवाल को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया गया। जिला महिला अस्पताल के कार्यवाह प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश शर्मा ने दोनों अधिकारियों को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों के संपूर्ण कार्यकाल का वर्णन किया गया और उनके योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम का संचालन फार्मासिस्ट राकेश कुमार सिंह, संगीता और नूपुर ने किया। प्रांतीय चिकित्सा सेवा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुभाष ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संजीव त्यागी ने डॉ. ज्योत्सना कुमारी के कार्यकाल को याद करते हुए उनके सहयोगी रवैये की प्रशंसा की।

## मुरादाबाद एयरपोर्ट पर फ्यूल स्टेशन के लिए नहीं मिली अनुमति, जून में स्पष्ट होगी उड़ान की स्थिति

मुरादाबाद । डीजीसीए ने एचपीसीएल कंपनी को एयरपोर्ट पर फ्यूल स्टेशन बनाने की अनुमति नहीं दी है। इस कारण उड़ान का पेच अटका है। वहीं विमानन कंपनी फ्लाई बिग ने उड़ान के लिए तैयार होने का दावा किया है। एयरपोर्ट मैनेजर श्याम सुंदर महला ने बताया कि फ्यूल का प्रबंध होते ही उड़ान शुरू कर दी जाएगी।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14217-SLR-F2-PYGS-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.04.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.05.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.05.2024 at 12:30 hrs |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 19402-SLR-F2-LKO-ADI-22-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.04.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.05.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.05.2024 at 12:40 hrs |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20415-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.04.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.05.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.05.2024 at 12:50 hrs |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22122-SLR-F2-LKO-LTT-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.04.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.05.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.05.2024 at 13:00 hrs |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20413-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.04.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.05.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.05.2024 at 13:10 hrs |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12231-SLR-F2-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.04.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.05.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.05.2024 at 13:20 hrs |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12429-SLR-F2-LKO-NDLS-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.04.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.05.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.05.2024 at 13:30 hrs |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12184-SLR-R1-PBH-BPL-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.04.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.05.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.05.2024 at 13:40 hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1295/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# डल झील से कम नहीं है सप्त सरोवरों का अद्भुत संगम, बुंदेलखंड का कश्मीर है चरखारी

एजेंसी

**चंदेल कालीन समय में तैयार हुए सरोवर**

**अनूठी कला का अद्भुत नमूना हैं सप्त सरोवर**

महोबा। उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड अपनी अनूठी परंपरा,वास्तु कला और कलाकृतियों के लिए भी देश में अलग पहचान रखता है। यहां चंदेल कालीन राजाओं के शासनकाल में तैयार कराई गई इमारतों की अनूठी वास्तु कला देखते ही बनती है। जिले के चरखारी कस्बा में बने सप्त सरोवरों का अद्भुत संगम सहज ही लोगों को आकर्षित करता है। यह सप्त सरोवर वर्ष भर जल से संतृप्त रहते हैं। डल झील की तरह मनोरम छटा बिखरने वाले इन सरोवरों के कारण चरखारी को बुंदेलखंड का मिनी कश्मीर कहा जाता है।

जनपद मुख्यालय से लगभग 18 किलो मीटर दूर चरखारी कस्बा स्थित है। यहां की मनोरम छटा दूर से ही नजर आने लगती है। यहां का नजारा कश्मीर की वादियों से कम नहीं हैं। कस्बे के बीच में और बाहर बने सरोवर यहां के दृश्य को मनोरम बना देते हैं। भगवान श्री कृष्ण के प्रतीक स्वरूप बने 108 मंदिर यहां विशेष आस्था के केंद्र हैं। यहां बने सप्त सरोवर आपस में जमीन के नीचे से जुड़े हुए हैं। सरोवरों में सबसे पहला सरोवर गोला तालाब है। इसके चारों ओर से गोल होने के कारण इसका नाम गोला तालाब पड़ा। बारिश का पानी सबसे पहले बस्ती से इसी सरोवर में पहुंचता है। सरोवर के पूरा भरने के बाद यहां का पानी कोठी तालाब में चला जाता है। इसके पास राजाओं की कोठी बनी थीं इसलिए इसका नाम कोठी तालाब पड़ा। इन कोठियों में राजाओं के मेहमान आराम फरमाते थे। और सुंदर मनोरम दृश्य का आनंद लेते थे।

कोठी तालाब से पानी जय सागर तालाब में मिलता है। राजा जयसिहं ने इसका निर्माण कराया था। जिससे इसका नाम जयसागर पड़ा। जयसागर से पानी होकर मलखान सागर में जाता है। मलखान सागर का नाम मलखान सिंह जू देव महाराज के नाम पर पड़ा। इन्हें सर की उपाधि भी मिली थी। इनके द्वारा चरखारी में मेले का आयोजन प्रारंभ कराया था। यहां से पानी रपट तलैया में पहुंचता है जहां से आगे रतन सागर भरता है। रतन सागर को राजा रतन सिंह ने तैयार कराया इसीलिए इसका नाम रतन सागर पड़ा।

# बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री ने श्रेया वर्मा ने किया नामांकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा : समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा ने बुधवार को गोंडा संसदीय सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।उन्होंने दो सेटों में अपना पर्चा भरा। नामांकन से पूर्व उन्होंने शहर के दुखहरननाथ मंदिर और काली भवानी मंदिर पहुंचकर मत्था टेका और आशिर्वाद लिया फिर श्रेया के साथ समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, पूर्व विधायक नंदिता शुक्ला, पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह व सदर विधानसभा से सपा प्रत्याशी रहे सूरज सिंह मौजूद रहे।समाजवादी पार्टी ने गोंडा संसदीय सीट से इस बार पूर्व केंद्रीय इस्पात मंत्री स्व बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है। स्व बेनी वर्मा वर्ष 2009 में गोंडा सीट से सांसद रह चुके हैं।अब श्रेया भी अपने बाबा के नक्शे कदम पर गोंडा लोकसभा



सीट से चुनाव मैदान में हैं।श्रेया का मुकाबला भाजपा के टिकट पर लगातार दो बार जीत दर्ज कर चुके सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया से है।बुधवार को श्रेया वर्मा ने अपने समर्थकों के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।उनके साथ सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, पूर्व विधायक नंदिता शुक्ला,पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह व सदर विधानसभा से सपा प्रत्याशी रहे सूरज सिंह के साथ सुबह 11.45 बजे कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची और जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा के समक्ष दो सेटों में अपना नामांकन पत्र जमा किया।

## भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह कर चुके हैं नामांकन

भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया अपना नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं।उन्होने मंगलवार को ही अपना नामांकन किया था।कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया तीसरी बार भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं।

## निर्दलीय प्रत्याशी ने खरीदा पर्चा

गोंडा लोकसभा सीट से नामांकन के लिए तीन निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन पत्र खरीदा।रिटर्निंग अफसर ने बताया कि सदर विधानसभा क्षेत्र के बिसवां दामोदर गांव के रहने वाले राजकुमार ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर एक सेट नामांकन पत्र खरीदा है।दूसरा ओमप्रकाश तिवारी निवासी किरतापुर रेहरा बाजार बलरामपुर ने लोकसभा गोण्डा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया है वहीं तीसरे प्रत्याशी राम उजागर निवासी भरथापुर बलरामपुर ने लोकसभा गोण्डा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया है।चौथे प्रत्याशी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा निवासी किरतापुर रेहरा बाजार उतरौला बलरामपुर ने स्वयं लोकसभा गोण्डा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में एक सेट फार्म लिया गया।

## महंगाई से महिलाएं परेशान

हम चाहते हैं महिलाएं एकदम पूरी हिम्मत से आगे अपनी सारी परेशानियां और दिक्कतें रखें। महिलाएं घर में रहती हैं। छोटे से बजट में घर चलाने में उनको बहुत दिक्कत होती है। महिलाओं का दर्द कोई समझ नहीं पता है। महंगाई से सबसे ज्यादा दर्द हमारे महिलाओं को होती है।

## गोंडा में बहुत प्यार मिल रहा

भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया द्वारा सपा प्रत्याशी को बाहरी प्रत्याशी बताए जाने पर कहा कि हमको गोंडा में बहुत प्यार मिल रहा है।हम जहां भी जाते हैं लोग कहते हैं कि बिटिया हमने आपको इतनी उम्र में देखा है इतनी उम्र में देखा है।यहां पर बाहरी प्रत्याशी वह होता है जो जनता के बीच मौजूद न हो।जो दस साल से सांसद हो जनता भी उनको ना पहचाने बाहरी प्रत्याशी वह हुए कि हम हुए।

# आबकारी दुकानों की बन्दी के लिए आदेश जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत चतुर्थ चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 (अ.जा.) बहराइच में 13 मई 2024 तथा पंचम चरण में 20 मई 2024 को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-57 (आंशिक) कैसरगंज में सम्पन्न होने मतदान तथा 04 जून 2024 को जनपद में सम्पन्न होने वाली मतगणना को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्टेझट/जिला निर्वाचन अधिकारी, बहराइच मोनिका रानी ने थोक एवं फुटकर बिक्री की समस्त आबकारी अनुज्ञापन (देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भांग, एफ.एल.-2, एफ.एल.-2बी, एफ.एल.-9/9ए, एफ.एल.-16/17, एफ.एल.-41 एवं एफ.एल.-49) दुकानों की बन्दी के सम्बन्ध में आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार बन्दी के दिवसों के लिए किसी भी अनुज्ञापी को कोई प्रतिफल अथवा प्रतिपूर्ति देय नहीं होगा।




डीएम द्वारा जारी आदेश के अनुसार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 (अ.जा.) बहराइच अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच सदर, नानपारा, बलहा, मटेरा, महसी अन्तर्गत तथा 08 कि.मी. की परिधि में स्थित समस्त आबकारी अनुज्ञापन 11 मई 2024 को सांय 06:00 बजे से 13 मई 2024 को मतदान की समाप्ति तक, लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-57 (आंशिक) कैसरगंज के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज एवं पयागपुर अन्तर्गत तथा 08 कि.मी. की परिधि में स्थित समस्त आबकारी अनुज्ञापन 18 मई 2024 को सांय 06:00 बजे से 20 मई 2024 को मतदान की समाप्ति तक पूर्णतया बन्द रहेंगे। इसी प्रकार मतगणना दिवस 04 जून 2024 को शुष्क दिवस रहेगा अर्थात समस्त आबाकरी अनुज्ञापन बन्द रहेंगे।

# पोस्टर बैनर दरकिनार, ठंडे पड़े प्रिंटिंग प्रेस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। लोकसभा चुनाव में कुछ समय पहले की बात है जब उम्मीदवार व उनके समर्थक अपने अपने छेत्र में चुनावी बिल्लों,पोस्टर, बैनर से प्रचार करते थे।पर धीरे धीरे समय बदलने के बाद ही प्रचार का तौर तरीका भी बदल गया है।राजनीतिक दलों के साथ ही प्रत्याशी और उनके समर्थक सोशल मीडिया के सहारे चुनावी प्रचार करते हुए नजर आ रहे है।फ़ेसबुक, वॉट्सअप,एक्स (ट्विटर) के साथ ही इंस्ट्राग्राम पर चुनावी रैलियां,नुक्कड़ सभाएं,बैठके, जनसंपर्क की फोटो वीडीओ अपलोड कर अपनी ताकत का एहसास कराया जा रहा है।जिसका नतीजा है की चुनावी शोरगुल जमीनी स्तर से ज्यादा सोशल मीडिया बन चुका हैं।

प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के चेहरो पर मायूसी छाई देखी जा सकती है।अब शोशल मीडिया चुनावी प्रचार का अहम हिस्सा बन चुका है।जिसकी चमक से दावेदार भी अछूते नहीं रह गए है।ऐसे में फोटो के साथ ही नेताजी व उनके समर्थक रील्स में भी अपना प्रचार करते हुए नजर आ रहे है।समर्थक भी फोटो विडीओ अपलोड



करने में पीछे नहीं रह रहे है।ऐसे में अब शोशल मीडिया के सहारे ही चुनावी प्रचार प्रसार को असरदार माना जाने लगा है।

यही वजह है की उम्मीदवारों के सोशल चुनावी सीजन का प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को इंतजार रहता था। प्रिंटिंग प्रेस से जुड़े लोग बताते है की छोटे चुनाव में तो सहालग जैसी धूम रहती है।बड़े चुनाव में इस बार बिल्कुल फीका पन रहा है। प्रिंटिंग प्रेस के पोस्टर बैनर पैंपलेट में चुनाव आयोग की सख्ती से उम्मीदवार पहले जैसा पोस्टर पैंपलेट बैनर बिल्ला छपवाने से गुरेज कर रहे है।प्रिंटिंग प्रेस वालों का चुनावी सीजन में इतना काम रहता था की दिन क्या रात में भी काम निपटाना पड़ता था ।इस बार ऐसा कुछ भी नहीं दिख रहा है।मीडिया अकाउंट इस समय बेहद सक्रिय दिख रहे है।चुनाव प्रचार के बीच अब प्रिंटिंग प्रेस,पेंटर और माइक साउंड से रिक्शा पर बैठकर प्रचार अब फीका पड़ गया है।हालात यह है की पहले के चुनाव की प्रचार में जहां इनकी प्रमुख भूमिका रहती थी वहीं अब कोई पूछने वाला नहीं।पहले समय में चुनावी प्रचार शुरू होते है प्रिंटिंग प्रेस पर काम बढ़ जाता था।उम्मीदवार तरह तरह के पोस्टर, बैनर,पैंपलेट, बिल्ले छपवाते थे।चुनाव के समय प्रिंटिंग प्रेस वालो का यह हाल रहता था की अन्य काम के लिए वह सीधे तौर पर हामी भरने से परहेज़ करते थे।

# लूट की झूठी कॉल पर घंटो हांफती रही पुलिस मोबाइल लोकेशन से हुआ खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। एक युवक ने बल्दीराय पुलिस को खुद के साथ हुई लूट को लेकर कॉल किया। जिसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। एसपी-एएसपी समेत समूचा तंत्र थाने पर जमा हो गया। मोबाइल लोकेशन और जांच में पता चला कि पीड़ित ने रुपए अपने अड्डे पर रखा और फिर पुलिस को गुमराह करते हुए उसने लूट की झूठी सूचना दी। पुलिस ने रुपए बरामद करते हुए आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया है।

बल्दीराय थानाक्षेत्र के पूरे रिसाल मजरे डीह निवासी सर्वेश पुत्र राम मिलन कोरी ने मंगलवार को पारा बाजार की एचडीएफसी बैंक शाखा से दो लाख तीस हजार रुपए निकाले थे। वो वहां से घर गया तो गांव के पास श्रीनगर चौराहे पर डीह के विशुनपुर निवासी सुधीर मिश्र के जन सेवा केंद्र पर उसने रुपए रख दिया। और लौटकर पारा बाजार की तरफ फिर गया। पारा के पहले



गनापुर के पास से डायल 112 को उसने सूचना दी कि दो अपाची सवार अज्ञात बदमाशों ने उससे पैसा छीन लिया है। इस सूचना पर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। एसपी सोमेन वर्मा, एएसपी अरुण चंद्र और सीओ बल्दीराय सौरभ सावंत क्राइम ब्रांच टीम के साथ थाने पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने जांच शुरू किया। क्राइम ब्रांच टीम ने मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज आदि से छानबीन किया। पुलिस ने पाया कि रुपए निकालने के बाद सर्वेश डीह गया था। वापस आकर उसने लूट की सूचना दी थी। इसी आधार पर पुलिस ने सर्वेश को पकड़ा तो उसने जनसेवा केंद्र से रुपया बरामद करवाया। उसने पुलिस को बताया कि उसने बैंक से लोन लिया था।किसी ने बताया था कि इस तरह बताओगे तो लोन माफ हो जायेगा। इस बाबत एसओ बल्दीराय आरबी सुमन ने बताया कि शुरुआत से ही घटना संदिग्ध लग रही थी। आरोपी से कड़ाई से पड़ताल की गई और सर्विलांस से मदद ली गई तो सच्चाई सामने आ गई। आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ईवीएम का द्वितीय रैण्डमाईज़ेशन सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र बहराइच में जिलाधिकारी मोनिका रानी व सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं प्रत्याशियों के निर्वाचन अभिकर्ताओं की मौजूदगी में 56-बहराइच (आ ज.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों 282-बलहा, 283-नानपारा, 284-मटेरा, 285-महसी व 286-बहराइच के बूथवार इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का द्वितीय रेण्डमाइज़ेशन का कार्य सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, नानपारा अश्वनी पाण्डेय, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव, प्रभारी ईवीएम कमला शंकर, सहायक निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी, भाजपा से बैजनाथ रस्तोगी, सपा से चन्द्रकांत, बसपा से धमेन्द्र कुमार, भारतीय आवाम पार्टी (राष्ट्रीय) राजेन्द्र सिंह, राष्ट्र धारक दल के रोशन लाल नाविक, निर्दलीय प्रत्याशी जगराम, जर्नादन गोंड व रमेश बाल्मीकी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## घटिया निर्माण को लेकर भुगतान पर रोक लगाने की सीएम-डीएम से लगाई गुहार

सुल्तानपुर। वार्ड नंबर एक करौदिया की सभासद अनीता सोनकर ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बनने वाले शौचालय के निर्माण पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री, जिलाधिकारी सहित तमाम उच्चाधिकारियों से शिकायत करते हुए शौचालय निर्माण कार्य की जांच करने की मांग उठाई है। साथ ही सभासद ने पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र देकर भुगतान ना करने की मांग की है। सभासद ने कहाकि कई बार पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी से घटिया निर्माण की शिकायत की। बावजूद इसके पालिका प्रशासन ने कोई कार्रवाई नही की। वार्ड में जो कार्य हो भी रहे है, उसकी मध्यम गति को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। अभी तक करौदिया वार्ड में सिर्फ एक बार विकास कार्य 14वीं वित्त आयोग से स्पेशल कम्पोनेंट प्लान में हुआ था, उसके बाद से फिर वार्ड में विकास कार्य के नाम पर कुछ खास नही हुआ और अब जब थोड़ा-बहुत शुरूआत हुई भी तो घटिया निर्माण को लेकर सभासद ही संतुष्ट नही तो वार्ड के लोग कितना संतुष्ट होगें। बहरहाल देखना होगा कि सभासद की शिकायत पर शासन और पालिका प्रशासन कितना गंभीरतापूर्वक कार्यवाई करता है।

## टांडा बिजैसी न्यूरिया में हाईटेक नर्सरी के निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्य सम्पन्न हुआ

पीलीभीत। हाईटेक नर्सरी परियोजना की निर्माण स्थापना में कुल रू0. 128.53 लाख व्यय होगा हाईटेक नर्सरी की निर्माण व स्थापना हो जाने के बाद जनपद पीलीभीत के सब्जी उत्पादकों को उनके वांछनानुसार गुणवत्तायुक्त व रोगमुक्त सब्जी बेहन व पौध आसानी से सुलभ हो सकेगा। विभाग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश के अन्तर्गत कृषकों द्वारा अपने स्वयं के व्यय से क्रय किये गये वांछित सब्जी बीज उपलब्ध कराने पर उन्हे 01 रूपया प्रति पौध की दर से पौध उत्पादन कर उपलब्ध कराया जायेगा। यदि कृषक द्वारा बीज उपलब्ध न कराकर सीधे पौध क्रय किया जाता है तो उसे प्रति पौध 02 रूपया देना पड़ेगा। हाईटेक नर्सरी का निर्माण होने से कृषकों की मॉग के दृष्टिगत प्रतिवर्ष 05 लाख से अधिक पौधों का उत्पादन किया जा सकता है। पौध उत्पादन का कार्य इजराईल तकनीकी के आधार पर को-को पिट में तैयार किया जायेगा। को-को पिट में तैयार किये गये पौधे एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में काफी आसान होने के साथ-साथ रोपित किये गये पौधों की जीवितता शत-प्रतिशत बना रहता है। हाईटेक नर्सरी का निर्माण कार्य लगभग 04 माह में पूर्ण हो जायेगा। पूर्ण विश्वास है कि रबी मौसम मे तैयार होने वाली सब्जियों जैसे-सं0 टमाटर, गोभी, शिमला मिर्च, संजमिर्च, पत्तागोभी, अन्य लतावर्गीय सब्जियों आदि का बेहन व पौध उपलब्ध होने लगेगा। इस हाईटेक नर्सरी का संचालन महिला समूह के माध्यम से प्रशिक्षण के उपरान्त कराया जायेगा।जिससे अधिकांश महिला समूह को रोजगार का अवसर मिल सकेगा। इस कार्य मे जिला उद्यान अधिकारी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों का भरपूर सहयोग रहेगा।

## यात्रियों की सुविधा को चलेगी भावनगर टर्मिनस-हरिद्वार

मुरादाबाद। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुविधा हेतु ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी संख्या 09271-09272 भावनगर टर्मिनस-हरिद्वार-भावनगर टर्मिनस का संचालन किया जाएगा।सीनियर डीसीएम ने बताया कि रेलगाड़ी संख्या 09271 भावनगर टर्मिनस से और रेलगाड़ी संख्या 09272 हरिद्वार से 2 मई को चलेगी दोनों ट्रेनें एक-एक फेरा लगाएंगी। दोनों ट्रेनों में 7-7 स्लीपर कोच और 8-8 सामान्य कोच होंगे। उन्होंने बताया कि रेलगाड़ी 092 71 भावनगर टर्मिनस से दोपहर 2:50 मिनट पर चलेगी जो अगले दिन शाम 7 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। ट्रेन 09272 हरिद्वार से रात्रि 10 बजे चलेगी जो अगले दिन रात्रि 3 बजे भावनगर टर्मिनस पहुंचेगी।

## लोकसभा चुनाव को लेकर सपा समेत 13 लोगों ने किए नामांकन

हमीरपुर। बुधवार को लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को तेरह प्रत्याशियों ने कलेक्ट्रेट स्थित जिला मजिस्ट्रेट के यहां नामांकन किया। नामांकन को लेकर सुरक्षा के तगड़े इंतजाम रहे।आज स्पष्टवादी जन आधार पार्टी से संजीव कुमार पुत्र कालीचरन साहू, राष्ट्रीय बुन्देलखण्ड विकास पार्टी से पारथ सिंह पुत्र ज्ञानसिंह,राष्ट्र उदय पार्टी से बृजेश कुमार पाल पुत्र राम किशुन पाल, समाजवादी पार्टी से अजेन्द्र कुमार सिंह पुत्र चन्द्र नारायण सिंह, बहुजन समाजवादी पार्टी से निर्दोष कुमार दीक्षित पुत्र मनोरंजन, निर्दलीय से राजेश सिंह पुत्र रणविजय सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में अपना नामांकन प्रस्तुत किया गया। अब तक कुल 13 नामांकन पत्र दाखिल किये गये।शपथ पत्र के अनुसार बहुजन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी निर्दोष कुमार दीक्षित पुत्र मनोरंजन की शैक्षिक अर्हता डॉ हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से परस्नातक (एम.एस.सी.) है तथा उनकी उपजीविका कृषि एवं व्यवसाय है, पत्नी गृहणी है। उनके तथा उनकी पत्नी के नाम जगन तथा स्थावर सम्पत्तियां भी है। वाहनों में उनके पास एक कार अल्टो, टोयाटो इनोवा, इनोवा क्रिस्टा है तथा एक वाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोबा में विवेचनाधीन है। निर्दलीय प्रत्याशी की तरफ से राजेश सिंह पुत्र रणविजय सिंह के शपथ पत्र अनुसार उनकी उपजीविका कृषि है, तथा पत्नी गृहिणी है। शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल है, तथा कोई भी अपराधिक मामला लम्बित नहीं है।राष्ट्र उदय पार्टी की तरफ से राजेश कुमार पाल द्वारा शपथ पत्र के अनुसार उनके विरूद्ध आपराधिक मामला लम्बित नहीं है। उनकी उपजीविका का स्त्रोत कृषि, मजदूरी तथा ट्यूशन है उनकी शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट है तथा आई0टी0आई भी किये है। राष्ट्रीय बुन्देलखण्ड विकास पार्टी की तरफ से पारथ सिंह पुत्र ज्ञान सिंह द्वारा शपथ पत्र के अनुसार उनकी शैक्षिक योग्यता हायर सेकेन्ड्री फ़ेल है तथा उपजीविका का स्त्रोत लगान पर कृषि लेकर कराना है। उनके नाम कोई भी सरकारी आवास नहीं है।

## रेलवे सुरक्षा बल ने ई-रेल टिकटों का अवैध व्यापार करने वाले को गिरफ्तार किया

प्रयागराज। रेलवे सुरक्षा बल फिरोजाबाद के उप निरीक्षक नंदराम वर्मा एवं क्राइम विंग टूंडला के सहायक उप निरीक्षक विनोद गौतम ने मुख्यालय साइबर सेल प्रयागराज के तकनीकी सहयोग से आदेश कम्युनिकेशन, फिरोजाबाद के आदित्य गुप्ता को गिरफ्तार किया है।यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बुधवार को देते हुए बताया कि आदेश कम्युनिकेशन, फिरोजाबाद नामक दुकान पर डिकॉय चेकिंग में ऑनलाइन सर्विस सेंटर एवं 2 एजेंट आईडी की आड़ में 3 पर्सनल यूजर आईडी से तत्काल, प्रीमियम तत्काल व सामान्य कोटे की ई-टिकटें बनाकर रेलवे के ई-टिकटों की कालाबाजारी करते थे।

# नामांकन के सिर्फ दो दिन शेष पर बृजभूषण पार्टी आलाकमान से हरी झंडी के इंतजार में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा।भारतीय जनता पार्टी के लिये कैसरगंज लोकसभा सीट गले की फांस बन गई है।एक तरफ यहां के मौजूदा बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह पार्टी पर टिकट के लिये दबाव बना रहे हैं तो दूसरी ओर बृजभूषण महिलाओं खिलाड़ियों के शारीरिक शोषण के आरोपों के चलते विपक्ष के निशाने पर हैं।हालत यह है कि तीन मई को नामांकन की अंतिम तिथि है और बीजेपी यहां से प्रत्याशी ही नहीं तय गर पाई है।बीजेपी ने अभी तक कैसरगंज सीट को लेकर फैसला नहीं किया है, इसको लेकर उसे फजीहत भी उठाना पड़ रही है।बता दें बृजभूषण सिंह बीते काफी समय से कैसरगंज इलाके में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। वह खुद को टिकट मिलने को लेकर आश्वस्त भी नजर आ रहे हैं।लेकिन बीजेपी ने अभी तक उनके नाम का ऐलान नहीं किया है।कैसरगंज में पांचवें चरण में बीस मई को वोटिंग होनी है। यहां नामांकन की आखिरी तारीख तीन मई है।चार तारीख को सभी प्रत्याशियों के नाम की स्क्रूटनी की




जाएगी। इस लिहाज से अब किसी भी प्रत्याशी के पास महज दो दिन का समय और बचा है। संभावना इस बात की भी है कि बीजेपी ने टिकट नहीं दिया तो बृजभूषण बगावत भी कर सकते हैं। वह किसी और पार्टी के चुनाव चिन्ह पर मैदान में कूदने के साथ निर्दलीय भी चुनाव में उतर सकते हैं।उधर, सूत्र बता रहे हैं कि बीजेपी आलाकमान बृजभूषण की जगह उनके परिवार से ही किसी को प्रत्याशी बनाना चाहती है।इसे लेकर बृजभूषण से बात भी हो चुकी है।बृजभूषण किसी भी हाल में अपनी दावेदारी छोड़ने को तैयार नहीं हैं। बृजभूषण ने बीते दिनों मीडिया के सवाल भारतीय जनता पार्टी का टिकट क्या उन्हें मिलेगा ? इसमें देरी क्यों हो रही है ? इस पर बृजभूषण शरण सिंह ने जवाब दिया, होइहै सोइ जो राम रचि राखा।बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के प्रदर्शन के मामले को विपक्षी दलों ने मुद्दा बना दिया है।जनवरी 2023 में पहलवानों का विरोध प्रदर्शन शुरू किया था।18 जनवरी को पहलवानों ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन शुरू किया। राहुल गांधी,प्रियंका गांधी से लेकर इसे विपक्ष के कई नेताओं का समर्थन मिला था।बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण और धमकी का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया गया।

# पांच सालों में घटी मेनका गांधी की दस करोड़ की हैसियत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर की सांसद और भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी वैसे तो करोड़पति हैं। लेकिन पांच साल सांसद रहते हुए उनकी आय दस करोड़ रुपए कम हो गई। बुधवार को नॉमिनेशन में दिए एफिडेविट में उन्होंने अपनी संपत्ति का जो ब्यौरा दिया उसमें उनकी कुल संपत्ति 43 करोड़ 43 लाख, 61 हजार 048 रुपया है। हालांकि वर्ष 2019 में उनके द्वारा दिए गए शपथ पत्र में उन्होंने 53 करोड़ 75 लाख 27 हजार 583 रुपया बताया था।

मंगलवार 2024 में दिए शपथ पत्र के अनुसार पशु पक्षी प्रेमी मेनका गांधी के पास राइफल मौजूद है। बैंक खातों में उन्होंने 16 करोड़ 43 लाख 36 हजार 873 रुपया जमा कर रखा है और कंपनियों के 23 करोड़ 30 लाख 32 हजार 505 रुपए के शेयर ले रखे हैं। उन्होंने बीमा कंपनियों से 77 लाख 92 हजार 693 रुपए की पॉलिसिया ली हुई हैं। मेनका ने 8 लाख 85 हजार 598 रुपया का फर्म/कंपनी में ऋण दिया है।

जेवरात के नाम पर मेनका के पास 3.50 किलो सोना, 85 किलो चांदी है। जिसकी कुल कीमत 2 करोड़ 82 लाख 24 हजार 879 रुपये है। राइफल नम्बर ।-035154 की कीमत 40,000 रुपए है। इस प्रकार उनकी कुल संपत्ति का सकल कुल मूल्य 43 करोड़ 43 लाख, 61 हजार 048 रुपया है।

### 43.43 करोड़ की मालिक हैं मेनका, पशु प्रेमी सांसद के पास रायफल के अलावा बैंक 2.82 करोड़ रुपए के हैं जेवरात

## 2014 में थी 36 करोड़ की संपत्ति

पीलीभीत में वर्ष 2014 में नामांकन के समय उनकी चल-अचल संपत्ति करीब 36 करोड़ रुपये थी। पांच वर्ष बाद वर्ष 2019 में उनकी संपत्ति बढ़कर 53,7527583 रुपये हो गई है। शपथ पत्र के मुताबिक मेनका गांधी के पास नकदी के रूप में सिर्फ 45 हजार रुपये है। लेकिन उनके ऊपर बैंकों की एक करोड़ 27 लाख 37 हजार 520 रुपये की देनदारी है। उनके पास संजय गांधी के कुटुंब के नाम एक करोड़, 93 लाख, 98 हजार 868 रुपये की चल-अचल संपत्ति है। भाजपा प्रत्याशी आयकर दाता भी हैं। करोड़ों की हैसियत होने के बावजूद उनके पास अपना कोई वाहन नहीं है। हालांकि, वे असलहे की शौकीन हैं। उनके पास करीब 40 हजार रुपये कीमत की एक राइफल है।

## 2019 में मेनका की हैसियत

विवरण--धनराशि
नगद--45,000
बैंक में जमा--17,32,97,979
शेयर व बांड में निवेश--5,20,48,717
बीमा पॉलिसी/बचत--43,32,746
दो कंपनी को दिया कर्ज--14,76,398
कुल चल संपत्ति--24,65,27,583
कुल अचल संपत्ति--29,10,00,000
कुल योग--53,75,27,583
देनदारी--1,12,37,520

केंद्रीय मंत्री व भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित द लॉरेंस स्कूल सनावर से 1972 में आईसीएस (इंटरमीडियट) की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

### तीन किलो सोना व 85 किलो चांदी

भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी के पास तीन किलो 415 ग्राम सोने के जेवरात हैं। उनके पास करीब 85 किलो चांदी भी है। दोनों की कीमत हलफनामे में 1,52,86,743 रुपये बतायी गई है।

# लाव-लश्कर के साथ मेनका गांधी ने किया नामांकन





कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका गांधी ने बुधवार को सुल्तानपुर से नामांकन दाखिल किया है। उनके साथ योगी सरकार के मंत्री संजय निषाद भी मौजूद थे। सपा से निषाद चेहरा आने से 14 हजार से जीतने वाली भाजपा प्रत्याशी डरी हैं इसलिए वे सारे डोरे इसी वोट बैंक पर डालने के प्रयास में लगी हैं।

बुधवार को मेनका गांधी नगर स्थित शास्त्री नगर के अपने अस्थाई आवास से लाव लश्कर के साथ नामांकन के लिए निकली। उनके साथ योगी सरकार के मंत्री संजय निषाद, आशीष पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, विधायक विनोद सिंह, विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। अयोध्या-प्रयाग राष्ट्रीय राजमार्ग पर सांसद मेनका गांधी का जब विशाल रोड शो निकला तो यहां हजारों की संख्या में कार्यकर्ता हाथों में बीजेपी का झंडा लिए नारेबाजी कर रहे थे। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी में भारी उत्साह का माहौल देखा गया। मुख्य सड़क से लेकर लोगों के घरों तक से रोड शो देखने वालों का मजमा लगा रहा। जगह जगह पुष्प वर्षा हुई और मेनका का काफिला कलेक्ट्रेट पहुंचा जहां उन्होंने नामांकन किया। उसके बाद दीवानी के निर्माणाधीन पार्किंग स्थल पर जनसभा में सभी पहुंचे।

बता दें कि मेनका के रोड शो और रैली के लिए बाकायदा प्रभारों को जिम्मेदारी दी गई थी। दिल्ली से आई मेनका की टीम ने एक-एक प्रधान को फोन कर उन्हें रैली में आने का निमंत्रण दिया था वहीं भीड़ लेकर आने का आग्रह किया था। इस बीच मंत्री संजय निषाद और राज्यमंत्री राकेश निषाद को लाकर मेनका ने निषाद वोटों को साधने का पूरा प्रयास किया। दरअसल 2019 के चुनाव में मेनका को 14 हजार की जीत मिली थी। जिसमें निषादों का बड़ा योगदान था। इस बार सपा से निषाद प्रत्याशी के रूप में पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद के आने के बाद से मेनका को इन वोटो के छटकने के डर के साथ अपना समीकरण गड़बड़ाने का भय सता रहा है। वहीं मेनका गांधी ने कल ही चार सेट में पर्चा खरीदा था। आज उन्होंने डीएम कृतिका ज्योत्सना को नामांकन पत्र पेश किया। मीडिया से बात करते हुए मेनका गांधी ने आरक्षण को लेकर चुनाव में विपक्ष जो कह रहा है उसको मेनका ने गलत बताया। उन्होंने नॉमिनेशन में वरुण गांधी के नहीं होने पर कहा कि पिछली दफा भी वो नहीं थे। वही वरुण के रायबरेली से चुनाव लड़ने के सवाल पर मेनका ने साफ किया कि वरुण चुनाव नहीं लड़ेंगे।

## किसान सरकार के समर्थन से भाजपा की केन्द्र में बनेगी पूर्ण बहुमत की सरकार

पीलीभीत।भारतीय किसान यूनियन किसान सरकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कश्यप के नेतृत्व में संपूर्ण भारत में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यलय राष्ट्रीय अध्यक्ष को समर्थन किया गया और पूर्व हुए सभी प्रदेशों के विधानसभा के चुनाव में किसान सरकार ने सभी प्रदेशों में किसान सरकार के लाखों कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रचार प्रसार किया और पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सहभागिता दी बताते चलें कि जब देश के सभी किसान संगठन देश में आन्दोलन कर रहे थे और सरकार की छवि धूमिल करने का काम कर रहे थे। तब भारतीय किसान यूनियन किसान सरकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कश्यप ने प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी की गरीब , किसानों,मजदूरों के लिए जारी की जन कल्याणकारी योजनाओं को किसान सरकार के लाखों कार्यकर्ताओं ने किसानों तक पहुंचाने और उनको समझाने का काम किया जिससे आन्दोलन को शांत कराया गया उसके बाद लोकसभा 2024 के चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिये किसान सरकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कश्यप ने सम्पूर्ण देश में प्रत्येक प्रदेश की हर लोकसभा सीट के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को जीताने के लिए हर प्रदेश में जाकर लाखो किसान सरकार के कार्यकताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी के लिए गांव गांव जाकर प्रचार प्रसार किया।

## स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत तहसील अमेठी में दिव्यांगजनों द्वारा निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली



अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।जनसामान्य से आगामी 20 मई 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गयी।अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाताओं को जागरुक करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप सूरज पटेल के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे है। इसी क्रम में आज तहसील अमेठी में दिव्यांगजनों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर जनसामान्य से आगामी 20 मई 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गयी। इस दौरान दिव्यांगजनों द्वारा विभिन्न स्लोगनों यथा वृद्ध, युवा, महिला, दिव्यांग-चलो करें हम सब मतदान, पहले मतदान फिर जलपान आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया।

## पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ युवक को जेल भेजा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना इन्हौना पुलिस ने दो सड़का तिराहा के पास से एक युवक को पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत बुधवार को उप निरीक्षक वीरेन्द्र राय मय हमराही मनोज कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान जव्वार पुत्र शरीफ निवासी छोटी बाजार थाना इन्हौना को दो सड़का तिराहा ग्राम इन्हौना के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार युवक के कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना इन्हौना के प्रभारी निरीक्षक पंकज द्विवेदी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## श्रमिक दिवस पर नौ ग्राम पंचायतों में ठप रही मनरेगा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।केन्द्र सरकार की बहुआयामी मनरेगा योजना सिंहपुर में कच्छप गति से चल रही है यहां की नौ ग्राम पंचायतों में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर भी मनरेगा ठप रही तो उनचास ग्राम पंचायतों में जाबकार्ड धारकों द्वारा मनरेगा के तहत कार्य चलता रहा। विकास खण्ड सिंहपुर की अठावन ग्राम पंचायतों में 28063 जाबकार्ड धारकों के सापेक्ष 15938 जाबकार्ड एक्टिव बताये जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर उनचास ग्राम पंचायतों में एक हजार एक सौ तैंतालिस जाबकार्ड धारकों द्वारा मनरेगा योजना के तहत कार्य किया जा रहा था तो ग्राम पंचायत अहोरवा भवानी, आजादपुर, भानीपुर,भवानीपुर, डांगी बरवलिया,धीरापुर,कुकहा रामपुर, पेंडारा के साथ ही सढीया में श्रमिक दिवस पर मनरेगा योजना ठप रही। सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि जनपद के परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव के पास मनरेगा योजना के कार्यक्रम अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार है जो कि विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण और भौतिक सत्यापन नही कर पा रहे हैं।

## अमेठी में सड़क किनारे खड़ी बाइकों को ट्रेलर ने रौंदा,: पास में खड़ा युवक बाल-बाल बचा, चालक हिरासत में

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आज एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। जहां तेज रफ्तार ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़ी कई बाइकों को रौंद दिया। हादसे के दौरान मौके पर खड़ा एक युवक भी ट्रेलर की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। घटना की तस्वीर पास के एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फिलहाल घटना के बाद पुलिस ने आरोपी ट्रेलर चालक हिरासत में ले लिया है। मामला मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर रोड का हैजहां रायबरेली की तरफ से सुल्तानपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी कई बाइको को रौंदते हुए आगे जाकर एक बाउंड्री से टकरा कर रुक गई। हादसे में कई बाइक छतिग्रस्त हो गई और पास में खड़ा एक युवक बाल- बाल बच गया। हादसे की तस्वीर पास के ही एक मकान पर लगे सीसीटीवी कैद हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मुंशीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और ड्राइवर को हिरासत में ले लिया।मुंशीगंज एसएचओ शिव नारायण सिंह ने कहा कि ट्रेलर ने अनियंत्रित होकर कई गाड़ियों को अपने चपेट में लिया है। ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। ट्रेलर के मालिक को भी फोन करके बुलाया गया है। जिस समय ये हादसा हुआ उस समय एक युवक पास में ही खड़ा था। ट्रेलर की टक्कर के बाद किसी तरह अपने आपको संभालते हुए किनारे हुआ।

## भाजपा प्रत्याशी के लिए बदायू में चुनाव प्रचार कर रही ब्लॉक प्रमुख



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र में प्रथम चरण का चुनाव संपन्न हो गया है। जनपद से कई भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि 7 मई को होने वाले बदायू लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में लग गए हैं। भाजपा जिसको लेकर तैयारी में जुटी हुई हैं। बदायूं से भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य को चुनाव लड़ाने जनपद के मरौरी की ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा लगातार चुनाव जनसंपर्क में लगी हुई है।और वहां चुनाव प्रचार कर रही हैं।ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा अपनी आवंटित विधानसभा क्षेत्र सिविल लाइन के मोहल्ला खंड सारी, पनवाड़ी,सराय फकीर में सभासद गण और नगर अध्यक्ष जितेंद्र साहू,कमालुद्दीन, मंडल मंत्री शकुंतला राठौर, ममता साहू ,रवि बाबू,किशोर कश्यप आदि के साथ चुनाव चिन्ह कमल के फूल के लिए वोट मांग रही हैं।इस बार एक फिर बदायूं की जनता भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से चुनाव जीतने का काम करेगी। और तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही बनेंगे।

## कंपोजिट विद्यालय में बाल मेले का हुआ आयोजन लगे स्टाल

पीलीभीत। कंपोजिट स्कूल चंदोई में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालय में नामांकन वृद्धि के लिए किए गए कार्यक्रम।कंपोजिट विद्यालय चंदोई की प्रधानाध्यापिका साजदा खातून व समस्त स्टाफ ने माह के प्रथम बुधवार को एसएमसी मीटिंग के साथ-साथ बाल मेले का आयोजन किया।जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी मरौरी शिव शंकर मौर्य व एआरपी हफीज अहमद व फायजा बशीर ने भी प्रतिभाग किया। एसएमसी अध्यक्ष को शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया।इसके अतिरिक्त सभी रसोइयों,सफाई कर्मचारियों व विद्यालय के समस्त स्टाफ को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया।प्रधानाध्यापिका ने खंड शिक्षा अधिकारी व एआरपी को भी स्मृति चिह्न प्रदान किये गए। पुरातन छात्रों में बुशरा जो इस वर्ष बीएससी टॉपर है।एवं रति जो कि पंचायत सहायक का कार्य कर रही है। उन्हें भी स्मृति चिह्न एवं उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। एसएमसी के सभी सदस्यों से प्रधानाध्यापिका एवं समस्त स्टाफ व एआरपी हफीज अहमद ने बच्चों की अच्छी शिक्षा नियमित उपस्थिति व निपुण बनाने हेतु सहयोग करने की अपील की है।

## चोरी की तीन मोटर साइकिलों के साथ दो युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मोहनगंज पुलिस ने पकड़े गये युवकों के कब्जे से दो तमंचा और दो कारतूस किया बरामद**

तिलोई अमेठी। थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा चोरी की तीन मोटर साइकिल व दो अदद तमंचा और दो जिन्दा कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। थाना मोहनगंज के निरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप यादव, शंकरगंज चौकी प्रभारी इंग्लेश तिवारी मय टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटर साइकिल पर सवार हसनैन पुत्र छुट्टन निवासी खैराना थाना महराजगंज जनपद रायबरेली उम्र करीब बीस वर्ष व राजन दुबे पुत्र जमुना प्रसाद निवासी ओन डीह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब सैंतीस वर्ष को पाकरगांव के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में हसन के कब्जे से एक अदद तमंचा,एक अदद जिन्दा कारसूत व राजन दूबे के कब्जे से एक अदद तमंचा,एक अदद जिन्दा कारसूत बरामद हुआ है।मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स यूपी 33 एसी 1093 के कागज मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछताछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि हमलोग इस मोटरसाइकिल को बीती सत्रह अप्रैल की रात में शंकरगंज से चोरी किये थे हम दोनो चोरी करके मोटरसाइकिलों को बेचते है एवं युवकों ने बताया कि हम लोगो ने दो मोटर साइकिल चोरी करके राजीव गांधी डिग्री काजेल के पीछे छिपा दिये है।युवकों की निशानदेही पर बताये गये स्थान से एक बुलेट मोटरसाइकिल व हीरो एचएफ डीलक्स बरामद हुई है। बरामद मोटर साइकिलो के बारे में पूछने पर बताया कि बुलेट मोटरसाइकिल यूपी 33 एयू 8431 को हमलोगो ने मिलकर कोटवा चौराहे से पच्चीस अप्रैल को चोरी किये थे व हीरो एचएफ डिलक्स यूपी 36 एम 0021 को सत्ताइस अप्रैल को ग्राम भदसाना से चुराया था।थाना मोहनगंज

## स्वीप के अंतर्गत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा हुआ मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन



अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा स्वीप के अंतर्गत जनपद अमेठी में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत आज विकास खंड बाज़ारशुकुल, तिलोई एवं बहादुरपुर में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा रैली निकली गई। रैली में स्लोगन एवं नारों के माध्यम से आगामी 20 मई 2024 को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु आमजन मानस को जागरूक किया गया।

## बयासी विद्यालयों ने अप्रैल में दस से कम बच्चों का किया नवीन नामांकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। विकास खण्ड सिंहपुर के बयासी परिषदीय विद्यालयों द्वारा चालू शैक्षिक सत्र में दस से कम नवीन नामांकन किये गये हैं जिस पर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने उक्त विद्यालयों में कार्यरत समस्त स्टाप को नोटिस जारी करते हुये दो कार्य दिवस में स्पष्टीकरण मांगा है। बीईओ के द्वारा जारी इस पत्र से बेसिक शिक्षा विभाग में खलबली मच गई है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत अध्यापको, बच्चो, जन सामान्य में जागरूकता एवं स्थानीय स्वास्थ्य विभाग बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये अधिक से अधिक छह से चौदह वर्ष के बच्चो का नामांकन करने हेतु निर्देशित किया गया था। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बताया कि क्षेत्र के बयासी परिषदीय विद्यालयों द्वारा एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक दस से भी कम नामांकन किये गये है जिससे यह प्रतीत होता है कि विद्यालय स्टाफ द्वारा नवीन नामाकंन हेतु कोई भी कार्य नही किया जा रहा है। बताते चलें कि क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पूरे शुकलन द्वारा चालू शैक्षिक सत्र में एक भी बच्चे का नवीन नामांकन नही किया गया है और प्राथमिक विद्यालय पन्हौना प्रथम, सराय माधव,महेशपुर, रस्तामऊ, सराय माधव द्वारा मात्र एक ही बच्चे का नामांकन किया गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने परिषदीय विद्यालयों को जारी की गई नोटिस में लिखा है कि उक्त के सम्बन्ध में सूची में वर्णित विद्यालयों में कार्यरत समस्त स्टाफ को निर्देशित किया जाता है कि उक्त में सम्बन्ध में अपना लिखित स्पष्टीकरण,सुधारात्मक आख्या दो कार्य दिवस में कार्यालय में विद्यालय समय के उपरांत अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे। उन्होंने बताया कि स्पष्टीकरण निर्धारित समय से प्राप्त न होने एवं संतोषजनक न होने के सम्बन्ध में कृत किसी भी कार्यवाही के लिये स्वयं जिम्मेदार होंगे। खण्ड शिक्षा अधिकारी की इस नोटिस से बेसिक शिक्षा विभाग में खलबली मची हुई है।

## रायबरेली और अमेठी को बपौती समझती है कांग्रेस यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कसा तंज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी।केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस, राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को कोई खतरा नहीं है बल्कि खतरा सिर्फ ओवैसी, राहुल गांधी और अखिलेश यादव की सियासत को है।यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि रायबरेली और अमेठी को कांग्रेस पार्टी अपनी बपौती समझती है। उसे लगता है कि वहां उसका नारा गड़ा हुआ है। इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी वहां उम्मीदवार घोषित करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। गांधी परिवार को इस बारे में जवाब देना चाहिए।केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की तैयारी रायबरेली सीट पर पूरी है। बीजेपी के कार्यकर्ता कमल के निशान को पहचानते हैं, इसलिए वह उम्मीदवार के इंतजार में नहीं हैं।डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी पर भी निशाना साधा। उन्होंने देश बचाने के लिए अल्लाह से गुहार लगाने के ओवैसी के बयान पर पलटवार किया और कहा कि ना तो देश खतरे में है और ना ही प्रदेश। ना तो संविधान को खतरा है और ना ही लोकतंत्र को खतरा है।मौर्य ने ओवैसी के साथ ही राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। मौर्य ने कहा कि खतरा तो सिर्फ ओवैसी, राहुल गांधी और अखिलेश यादव की सियासत को है। इन नेताओं की राजनीति खत्म होने की कगार पर है।

केशव प्रसाद मौर्य आज पार्टी उम्मीदवारों के नामांकन के लिए प्रयागराज पहुंचे थे। हालांकि वह नामांकन में शामिल नहीं हो पाए। केशव मौर्य रोड शो के जरिए उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

इससे पहले मौर्य ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के आरक्षण को घुसपैठियों को देना चाहती है। उन्होंने कहा था कि भाजपा सबका साथ, सबका विश्वास पर काम करती है। वहीं कांग्रेस तुष्टीकरण की घृणित राजनीति करती है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि इंडी गठबंधन और कांग्रेस द्वारा एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों को छीना जा रहा है।

## बसपा समेत पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन



अमेठी,लोकसभा क्षेत्र अमेठी में पांचवे चरण में होने वाले मतदान के लिये अब तक कुल सैंतीस लोगों द्वारा इकहत्तर सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किया गया है और बुधवार को बसपा प्रत्याशी समेत पांच अन्य प्रत्याशियों द्वारा पांच सेट में नामांकन पत्र सादगी के साथ दाखिल किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया कि बुधवार को बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नन्हे सिंह चौहान ने एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया है और संयोगवादी पार्टी के प्रत्याशी शैलेन्द्र कुमार, समझदार पार्टी के प्रत्याशी संतराम, जनशक्ति समता पार्टी के प्रत्याशी दिनेश चंद्र मौर्य और निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में अजय कुमार ने एक एक सेट में कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल एक दर्जन प्रत्याशियों द्वारा चौदह सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि तीन मई है।

## आधा दर्जन मतदान केन्द्र आज भी देख रहे चहरदीवारी की राह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। लोकसभा चुनाव में मतदान केन्द्र बनाये गये आधा दर्जन से अधिक परिषदीय विद्यालय आज भी चहर दीवारी की राह देख रहे हैं तो कई मतदान केन्द्रों में गेट तक नही लग सका है लेकिन आला अधिकारी अपने हाथ अपनी पीठ थपथपा कर सब चुस्त दुरुस्त बता रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र अमेठी में पांचवें चरण में आगामी बीस मई को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है।जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा मतदान केन्द्रों को चुस्त दुरुस्त रखने को लेकर कई बार बैठक कर दिशा निर्देश जारी किया गया है लेकिन इसका अनुपालन दूर दूर तक होता नजर नही आ रहा है।विकास खण्ड सिंहपुर के कम्पोजिट विद्यालय कोंची और प्राथमिक विद्यालय भवानीपुर को आज तक चहर दीवारी नसीब नही हुई है।कम्पोजिट विद्यालय करनगांव के साथ ही प्राथमिक विद्यालय मेहमानपुर में भी चहर दीवारी आधी अधूरी ही बनी हुई है तो कई जगहों पर गेट ही नही लगाया जा सका है। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य कई विद्यालयों में चहर दीवारी निर्माण का कार्य नई शीशी में पुरानी शराब की तर्ज पर किया जा रहा है। प्राथमिक विद्यालय खरांवा प्रथम और कम्पोजिट विद्यालय में चहर दीवारी के निर्माण और मरम्मत के नाम पर लाखों रुपया भेजा भले ही गया है लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता भगवान भरोसे है।विकास खण्ड तिलोई के प्राथमिक विद्यालय लीही के साथ ही कमई का विद्यालय भी चहर दीवारी विहीन बताया जाता है तो कई मतदान केन्द्रों की चहर दीवारी गिरी हुई आसानी से देखी जा सकती है।

### साहब ! मतदान केन्द्रों पर नही बना शौचालय

अमेठी।स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत स्वच्छता अभियान के तहत सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में शौचालय निर्माण के लिये पैसा पानी की तरह बहाया गया लेकिन आज भी कई विद्यालय शौचालय विहीन बताये जा रहे हैं।विकास खण्ड सिंहपुर के प्राथमिक विद्यालय खरांवा द्वितीय और कम्पोजिट विद्यालय कोंची में शौचालय निर्माण कार्य प्रारम्भ ही नही किया गया है। इसके अलावा दर्जनों मतदान केन्द्रों पर बने शौचालय जीर्ण शीर्ण अवस्था में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं।इन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों द्वारा शौचालय में खामियों पर पर्दा डालने के लिये ताला लटका दिया गया है यहां के बच्चे भी खुले मैदान में शौच को जाते हुये देखे जा सकते हैं।

### बीईओ ने स्कूलों से मांगी सूचना

अमेठी। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बताया कि मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं को लेकर समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से सूचना मांगी गई है जहां पर जो भी कमियां होगी उनको ठीक करवा लिया जायेगा।खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कहा कि इसमें लापरवाही बरतने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

## परशुराम जन्मोत्सव को लेकर ब्राह्मण महासभा ने बनाई रूपरेखा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की एक मीटिंग पंडित नवनीत मिश्रा के आवास पर आयोजित की गई।इस मीटिंग में 10 मई को होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव को किस प्रकार से मनाया जाए इसकी विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा नवनियुक्त मंडल महामंत्री पंडित अमित मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के सभी पदाधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि इस बार भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को बहुत जोर जोर से मनाया जाए तथा इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक ब्राह्मण बंधुओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।इस मीटिंग में यह भी निश्चित किया गया है। कि इस कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों,प्रसिद्ध डॉक्टरों,वकीलों,अध्यापकों के साथ-साथ अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पूर्व पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

## एआरटीओ ने चलाया अभियान



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।शेरपुर धनारा घाट रोड पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए शिकायत का संज्ञान लेते हुए परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने चलाया धुआंधार अभियान छोटे बड़े वाहनों को चालान कर सीज भी किया गया है।इसको लेकर कस्बे के अंदर बड़ी भीड़ एकत्र हो गई।जिसमें लोगों ने परिवहन अधिकारी को अवैध रूप से चल छोटे-बड़े वाहनों पर परिवहन विभाग की साट घाट का आरोप भी लगाया साथी कुछ लोगों ने उनके करवाई कार्य की सहाराना भी की इस मौके पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के अलावा मंडल महामंत्री प्रधान संगठन हाजी रियाजत नूर खान, एजाज खान,रजबल, अदनान रजा खान, सलमान खान, शब्बीर खान सहित तमाम ग्रामबासी एवं क्षेत्रवासियों ने आरटीओ से अवैध रूप से चल रहे छोटे बड़े वाहनों पर ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांगरूमों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने आज मण्डी परिसर स्थित स्ट्रांगरूमों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांगरूमों की सुरक्षा हेतु तैनात फोर्स से बातचीत की और उनसे सुरक्षा व्यवस्था के साथ बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मौके पर तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा अवगत कराया कि किसी भी प्रकार की समस्या नही है। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा वार सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी की जांच की गई। उन्होंने मण्डी में तैनात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी के सम्बन्ध में भी जानकारी ली और सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सूरत कांड की इंदौर में पुनरावृत्ति

लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश के इंदौर से कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने जिस प्रकार से नामांकन वापसी के अंतिम दिन नाम वापस लिया है, वह गुजरात के श्सूरत कांड की पुनरावृत्तिश ही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का श्गुजरात प्रवर्तित राजनैतिक मॉडलश कदाचित यही है जिसका उल्लेख उन कारकों में से एक के रूप में अवश्य याद किया जायेगा जिनके कारण देश का लोकतंत्र मौजूदा हालत में है। यह अलग बात है कि कुछ लोग, यहां तक कि मीडिया का एक धड़ा इसे श्मास्टरस्ट्रोकश निरूपित कर सकता है, लेकिन उन्हें भी याद रखना होगा कि राजनीति को नैतिकता, मूल्यों एवं आदर्शों से मुक्त करने का तात्कालिक लाभ तो मिल सकता है परन्तु वह देश के स्थायी हित में कतई नहीं हो सकता। इसकी कीमत कभी न कभी जिम्मेदार व्यक्ति या संगठन को उठानी ही पड़ेगी जो किसी भी रूप में इसके लिये जिम्मेदार हैं या जिनकी ऐसे कृत्यों में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष भागीदारी रही हो। लोग यह भूल भी नहीं पाये थे कि अक्षय ने जब कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया था तब उनके साथ शक्ति प्रदर्शन के रूप में निकले जुलूस में खुद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी उपस्थित थे। हफ्ते भर में ही भारतीय जनता पार्टी ने गुपचुप श्आपरेशन लोटसश चलाकर उन्हें अपने पाले में कर लिया। अब वहां से भाजपा के उम्मीदवार शंकर लालवानी का जीतना तय कहा जा सकता है क्योंकि इस सीट पर मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस ही थी। सोमवार को अक्षय कांति इंदौर के विधायक रमेश मेंदोला के साथ कलेक्टर यानी निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन वापस ले लिया। मप्र की भाजपा सरकार में मंत्री तथा पार्टी के कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय की कार में वे लौटे। गर्वित विजयवर्गीय ने इसकी एक सेल्फी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अक्षय का अपनी पार्टी में स्वागत किया है। कई वर्षों से इंदौर की सीट पर भाजपा का कब्जा रहा है। इस बार कांग्रेस ने अपना युवा नेता उतारा था जिसके पक्ष में कांग्रेस के बड़े नेता प्रचार भी कर रहे थे और माना जा रहा था कि इस बार यहां से भाजपा की राह बहुत आसान नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव में अक्षय ने इंदौर की चार सीटों पर दावेदारी की थी जिसे स्वीकार नहीं किया गया था। इसके बजाय कांग्रेस ने उन्हें देश की सबसे बड़ी पंचायत का टिकट थमाकर उनमें अपना भरोसा जताया था। बताया यह जाता है कि इनके खिलाफ दायर एक 17 वर्ष पुराने मामले में तीन दिन पहले ही धारा 307 जोड़ी गई थी। क्या ऐसे नाजुक मौके पर अपनी पार्टी की पीठ में नहीं वरन छाती में छुरा भोंकने की वजह यही मामला है? वैसे इस सीट पर तीन अन्य प्रत्याशियों ने भी अपने नामांकन वापस ले लिये हैं। याद हो कि कुछ ही दिन पहले गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भी लगभग ऐसा ही एपीसोड हुआ है। वहां तो भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल को बाकायदा विजयी घोषित कर उन्हें निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र भी पकड़ा दिया गया क्योंकि उनके खिलाफ कांग्रेस समेत सारे प्रत्याशियों के नामांकन या तो रद्द कर दिये गये या खुद उन्होंने ही वापस ले लिये। यहां 7 मई को तीसरे चरण के अंतर्गत मतदान होना था। उसके पहले मध्यप्रदेश की खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के गठबन्धन के अंतर्गत यह सीट सपा को दी गई थी लेकिन उसकी प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन रद्द हो गया जिससे प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को लगभग वाकओवर मिल गया है। कहने को तो इंडिया गठबन्धन ने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी पूर्व आईएएस आरबी प्रजापति को समर्थन दिया है लेकिन इसे महज खानापूरी माना जा रहा है। इस सीट पर 26 अप्रैल को यानी दूसरे चरण के तहत मतदान हो चुका है। कांग्रेस तथा उसके नेतृत्व में बनी इंडिया गठबन्धन के लगातार मजबूत होने तथा भाजपा के कमजोर होते विमर्श का यह साइड इफ़ेक्ट माना जा रहा है जिसके अंतर्गत भाजपा तीसरी बार केन्द्र की सत्ता में आने के लिये तमाम तरह के हथकण्डे अपना रही है। तिस पर, भाजपा ने अब की बार खुद के बल पर 370 तथा अपने नेशनल डेमोक्रेटिक गठबन्धन (एनडीए) के माध्यम से 400 सीटों का लक्ष्य रखा है। उसके गिरते ग्राफ एवं खुद मोदी की घटती लोकप्रियता के चलते यह लक्ष्य असम्भव माना जा रहा है लेकिन एक के बाद दूसरे और दूसरे के बाद तीसरे लोकसभा क्षेत्र में जैसा खेला भाजपा ने किया है उससे लगता है कि वह चुनाव मैदान में उतरे बगैर ही इसी तरह से अधिकतम सीटें अपनी झोली में डाल लेना चाहती है ताकि मतदान केन्द्रों के जरिये उसकी सम्भावित हार के चलते घटने वाली सीटों की यथासम्भव भरपायी पहले से ही कर ली जाये।

# ममता दीदी के नीचे गिरने की हद

**पश्चिम बंगाल सरकार शुरू से ही संदेशखाली के डॉन शाहजहां शेख पर मेहरबान दिखी है । पहले उसके गुनाह को नहीं माना, एफआईआर तक दर्ज करने से मना किया, जब एफआईआर दर्ज हुई तो गिरफ्तारी से बचाती रही। गिरफ्तारी हुई तो सीबीआई को सौंपने से मना कर रही थी। फिर जब न्यायालय की फटकार लगी तब कहीं जाकर संदेशखाली के मुख्य गुनहगार और उसके साथियों को ममता की पुलिस ने पकड़ा। संदेशखाली के आरोपी शाहजहां शेख पर केवल ईडी अधिकारियों की पिटाई करवाने का ही आरोप नहीं है बल्कि संदेशखाली में जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न के भी भयंकर आरोप लगे है। वाबजूद इसके आप ममता सरकार में शाहजहां का प्रभाव देखिए कि ज्यादातर मामलों में या तो केस की चार्जशीट उपलब्ध नहीं है या फिर शाहजहां के खिलाफ जांच लंबित है। वास्तव में यह तथ्य सामने आने के बाद विश्वास ही नहीं होता कि कैसे कई मामले दर्ज होने के बावजूद प्रशासन ने अब तक शाहजहां के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। शाहजहां पर तीन भाजपा समर्थकों की हत्या और बिजली कर्मचारियों की मारपीट समेत अन्य 43 मामले दर्ज हैं, इसके बावजूद शेख के प्रति ममता की हमदर्दी शुरू से ही यहां देखने लायक है। अभी जो हुआ और जिस तरह के हथियार, बम इत्यादि आग्नेयास्त्र संदेशखाली के मुख्य आरोपी शाहजहां के सहयोगी रिश्तेदार अबू तालेब मोल्ला के यहां मिले उससे तो लगता है कि पूरा बंगाल ही संकट के साए में है।**

इसे आप पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की निकृष्टता की हद मान सकते हैं कि वह केंद्रीय एजेंसियों पर भरोसा छोड़िए, उन पर पश्चिम बंगाल में आकर हथियार रखने तक के आरोप लगा रही हैं। आश्चर्य होता है यह जानकर कि वे कह रहीं हैं, ''जब्त की गई चीजें संभवतः उनके (सीबीआई) द्वारा एक कार में लाई गई होंगी''। अभी तक यह क्या कम था कि संदेशखाली के आरोपितों को ममता सरकार बचाती रही और हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी वह कई दिनों तक गिरफ्तार नहीं हो सके थे। वस्तुतः वामपंथियों की क्रूरता से मुक्त होने की छटपटाहट और उसके लिए तमाम जतन करने वाली बंगाल की जनता ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जो उन्हें सुरक्षा और विकास का भरोसा दिला रही हैं, वह ममता दीदी भी भविष्य में सत्ता प्राप्त होते ही उन्हें प्रताड़ित करेंगी और समूचे बंगाल में एक ऐसा सिस्टम खड़ा करने में कामयाब हो जाएंगी जिसमें अपराधियों का ही बोल वाला सर्वत्र होगा। वहीं जो उनके विरोध में आवाज उठाएगा उसकी हमेशा के लिए साम, दाम, दंड,व भेद अपनाकर आवाज बंद कर दी जाएगी। पश्चिम बंगाल सरकार शुरू से ही संदेशखाली के डॉन शाहजहां शेख पर मेहरबान दिखी है । पहले उसके गुनाह को नहीं माना, एफआईआर तक दर्ज करने से मना किया, जब एफआईआर दर्ज हुई तो गिरफ्तारी से बचाती रही। गिरफ्तारी हुई तो सीबीआई को सौंपने से मना कर रही थी। फिर जब न्यायालय की फटकार लगी तब कहीं जाकर संदेशखाली के मुख्य गुनहगार और उसके साथियों को ममता की पुलिस ने पकड़ा। संदेशखाली के आरोपी शाहजहां शेख पर केवल ईडी अधिकारियों की पिटाई करवाने का ही आरोप नहीं है बल्कि संदेशखाली में जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न के भी भयंकर आरोप लगे है। वाबजूद इसके आप ममता सरकार में शाहजहां का प्रभाव देखिए कि ज्यादातर मामलों में या तो केस की चार्जशीट उपलब्ध नहीं है या फिर शाहजहां के खिलाफ जांच लंबित है। वास्तव में यह तथ्य सामने आने के बाद विश्वास ही नहीं होता कि कैसे कई मामले दर्ज होने के बावजूद प्रशासन ने अब तक शाहजहां के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। शाहजहां पर तीन भाजपा समर्थकों की हत्या और बिजली कर्मचारियों की मारपीट समेत अन्य 43 मामले दर्ज हैं, इसके बावजूद शेख के प्रति ममता की हमदर्दी शुरू से ही यहां देखने लायक है। अभी जो हुआ और जिस तरह के हथियार, बम इत्यादि आग्नेयास्त्र संदेशखाली के मुख्य आरोपी शाहजहां के सहयोगी रिश्तेदार अबू तालेब मोल्ला के यहां मिले उससे तो लगता है कि पूरा बंगाल ही संकट के साए में है। उसके घर के फर्श के नीचे बड़ी संख्या में फायर आर्म्स छिपाए गए थे। रोबॉट-स्निफर डॉग्स और मेटल डिटेक्टर की मदद से सीबीआई और एनएसजी के कमांडो ने संदेशखाली से सात हथियार बरामद किए, जिनमें से चार विदेशी आग्नेयास्त्र हैं। शेष देशी पिस्तौल हैं। 228 राउंड कारतूस मिले, बरामद सभी बम स्वदेशी हैं। यह तो एक तृणमूल कांग्रेस नेता के करीबी के यहां मिला है, यदि सभी के यहां ठीक से जांच हो जाए तो पता नहीं बारूद का कितना बड़ा जखीरा और आग्नेयास्त्र संपूर्ण पश्चिम बंगाल से बरामद होंगे। जिसे देखते हुए आज यहां हर व्यक्ति पर जीवन का संकट मंडरा रहा है। पता नहीं कब कौन, कहां शिकार हो जाए और कब बम की चपेट में आ जाए? ऐसे में कहना होगा कि लोकतंत्र की हत्या वास्तव में कहीं होते देखना है तो आप वर्तमान में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राज में हिंसा ग्रस्त बंगाल को देख सकते हैं। क्या यह पहली बार है जो बंगाल में हथियार बरामद हो रहे हैं? क्या पहले भी सीबीआई या अन्य किसी केंद्रीय जांच एजेंसी ने यहां आकर हथियार रख दिए थे? जो ममता दीदी खुलेआम मंच से कह रही हैं कि तृणमूल व राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए बरामद वस्तुएं (हथियार) केंद्रीय एजेंसी सीबीआई के अधिकारियों द्वारा लाई हो सकती हैं। बंगाल में पटाखा भी फूटता है तो एनआईए, सीबीआई और एनएसजी जांच करने आ जाती है। ऐसा लगता है कि युद्ध चल रहा है। वास्तव में ममता दीदी ऐसा बोलकर लोगों को भ्रमित कर देना चाहती हैं, साथ ही उनका विश्वास केंद्रीय एजेंसियों से पूरी तरह से उठा देना चाहती हैं। किंतु पश्चिम बंगाल की जनता को अपनी मुख्यमंत्री से पूछना चाहिए कि आखिर उनकी क्या मजबूरी है जो वे 2022 के भूपतिनगर विस्फोट मामले के आरोपितों को बचाती रही हैं। वह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों को फंसाने की कोशिश करती क्यों नजर आती हैं? केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस घटना के बारे में बोला भी कि ह्लवहां एक विस्फोट हुआ था। क्या ब्लास्ट के आरोपितों पर कार्रवाई जरूरी नहीं? लेकिन जब एनआईए अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू की और उन पर हमला किया गया, तो मुख्यमंत्री केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों पर मामला दर्ज कर जांच अधिकारी को फंसाने का प्रयास कर रही हैं। जिस ब्लास्ट की जांच करने राष्ट्रीय जांच एजेंसी पहुंची थी उसे ममता बनर्जी ने पटाखे फोड़ने की घटना बताया। साथ ही एनआईए पर गंभीर आरोप लगते हुए अजीबो-गरीब टिपण्णी भी कर दी थी। ममता ने आरोप लगाया था कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर इलाके में ग्रामीणों ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों पर हमला नहीं किया, बल्कि एनआईए के अधिकारियों ने उनपर (ग्रामीणों पर) हमला किया था । क्या ममता दीदी का यह बयान केंद्रीय जांच एजेंसी के संदर्भ में उचित ठहराया जा सकता है? इस घटना का पूरा संदर्भ यह है कि 2022 में भूपतिनगर में बम धमाका हुआ था जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। बाद में कोर्ट के आदेश पर घटना की जांच एनआईए को सौंप दी गई थी। रामनवमी वाले दिन शोभा यात्राओं पर मुर्शिदाबाद के दो इलाकों में पथराव और आगजनी हुई थी। मुर्शिदाबाद में रामनवमी के दौरान हुए दंगों की एनआईए जांच की मांग को लेकर याचिका दायर की गई, ऐसे में जनता को ममता से पूछना ही चाहिए कि पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले राज्य के मुर्शिदाबाद इलाके में जारी हिंसा और अनियंत्रित घटनाओं को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने तीखी टिप्पणी क्यों की? क्यों हर साल राम नवमी के दिन भी शोभा यात्राओं को इस्लामपंथियों द्वारा टार्गेट किया जाता है? दरअसल, यहां रामनवमी पर राज्य भर में गांव से लेकर शहरों और महानगरों में भव्य रामनवमी शोभायात्राओं का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में भी शोभायात्रा का आयोजन किया गया था, लेकिन जैसे ही रामभक्तों का जत्था मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र से गुजर रहा था तभी अचानक से मकानों की छतों से पत्थरों की बरसात होना शुरू हो गई। जिससे शोभायात्रा में शामिल कई लोग बुरी तरह से घायल हो गए। पथराव एक सोची समझी रणनीति के तहत किया गया था। जिससे रामभक्तों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। कई जगह तो पत्थरों के साथ देशी बम भी राम भक्तों पर फेंके गए। जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हैं। इसलिए कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम को आखिर कहना ही पड़ा, ह्लजहां लोग आठ घंटे तक शांति से अपना त्योहार नहीं मना सकते, वहां इस वक्त वोट देने की कोई जरूरत नहीं है। यहां भी ममता की हद यह है कि वह उलटा रामनवमी के मौके पर हुई हिंसा के लिए भाजपा को ही जिम्मेदार ठहरा रही है और कह रही हैं कि हिंसा उसी ने भड़काई थी। रामनवमी के कार्यक्रमों और शोभा यात्राओं को उपद्रवियों द्वारा इस साल निशाना बनाए जाने का यह क्या पहला मामला है ? आप देखेंगे, ममता के राज में हर साल इस तरह की घटनाएं घट रही हैं। पिछले साल भी जिहादियों द्वारा न केवल पत्थरबाजी की गई बल्कि आगजनी तक की घटनाओं को अंजाम दिया गया। इन घटनाओं में दर्जनों रामभक्तों के घायल हुए थे। जिसमें कि बांकुड़ा और हावड़ा में जमकर हुए उपद्रव देश भर में चर्चा के विषय रहे । बीरभूम नरसंहार को लेकर विपक्ष लगातार पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमलावर रहा है। यहां भाजपा को तो छोड़िए, कांग्रेस भी इस मुद्दे पर राज्य में ममता दीदी को लगातार घेरती आई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला सही कहते हैं कि आज यह देखकर बहुत दुख होता है कि प. बंगाल में ममता बनर्जी के राज में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। आज टीएमसी का मतलब 'आतंकवाद, माफिया, भ्रष्टाचार' हो गया है। इस टीएमसी सरकार में बंगाल में कानून व्यवस्था हर दिन बिगड़ती जा रही है। पश्चिम बंगाल में भय का ऐसा माहौल बना हुआ है कि केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारी भी सुरक्षित नहीं हैं तो फिर यहां 'मां माटी और मानुष' कैसे सुरक्षित होंगे? देखा जाए तो आज इस तरह की अनेक घटनाएं हमारे सामने हैं जोकि पिछले दिनों में पश्चिम बंगाल में घटी हैं, लेकिन ममता दीदी उनकी जिम्मेदारी लेने के बजाय उलटे इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार और राजनीतिक तौर पर भारतीय जनता पार्टी को जिम्मेदार ठहराकर बच निकलना चाहती हैं, लेकिन वे भूल जाती हैं कि जनता सब देख रही है, उनकी तुष्टिकरण की राजनीति अब और अधिक दिन चलनेवाली नहीं है। अच्छा हो ममता दीदी अपनी इस नकारात्मक सोच से बाहर निकलें। **–डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

# खेती में मुक्त व्यापार?

**राकेश दुबे**

मुक्त व्यापार को लेकर दबाव का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। इस साल की शुरुआत में यूरोप में विशाल किसान आंदोलन हुए। 27 यूरोपीय देशों में से 24 किसी न किसी स्तर पर विरोधों का सामना कर रहे हैं। इन आंदोलनों में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स (एफटीए) को 'उखाड़ फेंकने' का आह्वान कर रहे थे जिसकी वजह से यूरोप में भोजन व फल-सब्जियां सस्ते हो गये व घरेलू किसानों की आजीविका सुरक्षित करना मुश्किल हो रहा था। फ्रांस अकेले अपनी फल और सब्जी की जरूरत का 71 प्रतिशत आयात करता है। भारत में, किसान आंदोलन 2.0 मुख्य रूप से कृषि उपज के लिए कानूनन बाध्यकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग कर रहा है, और इसकी अन्य मांगों में भारत को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) से हटने के लिए कहना भी शामिल है। अमेरिकी वित्त समिति की हालिया सुनवाई में, सीनेटरों के सवालों का जवाब देते हुए, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) कैथरीन टाई ने कहा-'हम कड़ी मेहनत करने वाले अमेरिकी परिवारों और समुदायों, विशेष रूप से हमारे ग्रामीण समुदायों के लिए बाजार खोल रहे हैं। बातचीत के माध्यम से, हमारे प्रशासन ने पिछले तीन वर्षों में नए कृषि बाजारों तक 21 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की पहुंच सुनिश्चित की है,' और आगे कहा, 'इसमें वृद्धिमान बाजार, भारत के साथ 12 टैरिफ श्रेणियां शामिल हैं जो अमेरिकी निर्यातकों के लिए तरक्की का मौका हैं।'मेहनतकश अमेरिकी परिवारों और ग्रामीण समुदायों की सुरक्षा को लेकर अमेरिका की रुचि समझी जा सकती है, लेकिन भूमंडलीकरण के तहत हर देश को उन दसियों हजारों किसानों की आजीविका की भी रक्षा करनी चाहिए जो दुनिया के किसी और हिस्से में सस्ते आयातों के चलते तबाह हो जाते हैं। एक बार जर्मन किसानों से भी कमोबेश इसी तरह का प्रश्न पूछा गया था, जो दक्षिणी जर्मनी के लैंड्सफुहल में एक फार्म हाउस में डिनर के दौरान जीएटीटी निर्यातकों के एक छोटे समूह से मिलने आए थे यह 1990 के दशक के मध्य में किसी समय का वाकया है। 'तब खा गया था आप सरप्लस खाद्यान्न का उत्पादन करते हैं जिसके लिए आप दक्षिण में एक स्थाई बाजार की तलाश कर रहे हैं, लेकिन शायद आपको इस बात का अहसास नहीं है कि आप यहां जो सरप्लस अनाज पैदा करेंगे, वह भारत जैसे देशों में लाखों छोटे और सीमांत किसानों को उनके खेतों से दूर कर देगा। उन व्यापार वार्ताकारों के उलट, जो नष्ट हो रही कृषि आजीविका के बारे में दूर-दूर तक चिंतित हुए बिना, आजकल व्यापार वार्ता की अगुवाई करते हैं, वहां किसानों से जो उत्तरआया था , वह अत्यधिक समर्थन प्रदान करने वाला था। भारतीय किसानों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि उनका अधिशेष खाद्यान्न भारत में आजीविका को नष्ट कर देगा। अब अमेरिका को भी उस असर का आकलन करना चाहिये जो बादाम, अखरोट और सेब समेत अन्य चीजों पर प्रतिरोधात्मक आयात शुल्क वापस लेने के बाद भारत पर पड़ेगा। समाचार रिपोर्टों के अनुसार, 20 प्रतिशत आयात शुल्क वृद्धि वापस लेने के बाद जब पहली खेप भारत के लिए रवाना हुई तो सिएटल बंदरगाह पर उत्सव मनाया गया। भारत वाशिंगटन के सेब के लिए 120 मिलियन डॉलर का बाजार प्रदान करता है, जिससे अमेरिका में 68,000 सेब उत्पादक किसानों को लाभ होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नवंबर 2023 में आयात शुल्क आंशिक रूप से वापस लेने के एक महीने के भीतर 19.5 मिलियन डॉलर मूल्य के वाशिंगटन सेब भारत भेजे गए। यूएस कांग्रेस की सुनवाई में एक सीनेटर को यह कहते हुए उद्धृत किया गया था कि भारतीय गेहूं सब्सिडी कीमतों को बिगाड़ रही है और इससे अमेरिकी किसानों को नुकसान हो रहा है। एक अन्य सीनेटर ने चावल सब्सिडी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि अगर चावल सब्सिडी डब्ल्यूटीओ के मापदंडों के भीतर होती, तो इससे अमेरिकी धान किसानों के लिए 850 मिलियन डॉलर के व्यापार के अवसर खुल जाते। ये सीनेटर भारत में एमएसपी व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं जिसके तहत खासकर पंजाब और हरियाणा में गेहूं और चावल उत्पादक किसान, उच्च सुनिश्चित कीमतों से लाभान्वित होते हैं। अमेरिका ने बार-बार कहा है कि भारत किसानों को उत्पाद-विशेष के लिए समर्थन की 10 प्रतिशत की सीमा से अधिक एमएसपी भुगतान करके डब्ल्यूटीओ की शर्तों का उल्लंघन करता है।

## सेहत मंत्र

# नीम की पत्तियों से मिलते हैं कई फायदे


आयुर्वेद की दुनिया में नीम एक बेहद लोकप्रिय व महत्वपूर्ण औषधीय जड़ी-बूटी है, जिसे लगभग पिछले 5000 सालों से उपचार के दौरान इस्तेमाल किया जाता रहा है। नीम इतना गुणकारी है कि न केवल इसकी पत्तियां, बल्कि पेड़ के बीज, जड़ों और छाल में भी औषधीय गुण पाए जाते हैं। नीम सेहत और सौंदर्य दोनों के लिए ही गुणकारी है। नीम के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं यही वजह है कि यह संक्रमण, जलन और त्वचा की किसी भी तरह की समस्याओं पर यह जादू की तरह काम करता है। यह बैक्टीरिया को नष्ट करता है, प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करता है और तेजी से चिकित्सा को प्रोत्साहित करता है। इसके अलावा इसमें एंटी-एजिंग गुण भी पाए जाते हैं। इतना ही नहीं, नीम में विटामिन और फैटी एसिड त्वचा की लोच में सुधार करते हैं और झुर्रियों और महीन रेखाओं को कम करते हैं। ठीक करें घाव- नीम के पत्ते घाव को बेहद जल्द ठीक करते हैं। बस आप इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाएं और घाव या कीड़े के काटने पर प्रभावित स्थान पर लगाएं। रूसी को कहें बाय-बायः अगर आपको रूसी की समस्या है तो आप नीम की कुछ पत्तियां लेकर उसे पानी में उबालें। अब इस पानी को ठंडा होने दें। अपने बालों को शैम्पू से धोने के बाद इस पानी से साफ़ करें। आंखों में जलनः अगर आपको आंखों में जलन हो रही है तो नीम की कुछ पत्तियों को उबालें, पानी को पूरी तरह से ठंडा होने दें और फिर अपनी आंखों को धोने के लिए इसका इस्तेमाल करें। यह आंखों में किसी भी तरह की जलन, थकान या लालिमा में मदद करेगा। कानों के लिए लाभदायक : कान के जुड़ी समस्याओं को भी नीम आसानी से ठीक कर सकता है। बस आप नीम के कुछ पत्तों को मसलकर उसमें थोड़ा शहद मिलाएं। किसी भी कान के फोड़े का इलाज करने के लिए इस मिश्रण की कुछ बूंदों का उपयोग करें। त्वचा विकारः नीम के पत्ते त्वचा के लिए बेहद चमत्कारी माने जाते हैं। इसके लिए नीम के पत्तों के पेस्ट के साथ हल्दी मिलाएं। इसका उपयोग खुजली, एक्जिमा, रिंग कीड़े और कुछ हल्के त्वचा रोगों के लिए भी किया जा सकता है। बूस्ट करें इम्यूनिटीः कुछ नीम के पत्तों को क्रश करें और अपनी इम्युनिटी बढ़ाने के लिए उन्हें एक गिलास पानी के साथ लें।

## धर्म मंत्र

# कोडुंगल्लूर देवी मंदिरः अदभुत है मंदिर की मान्यता और इसका इतिहास

कोडुंगल्लूर देवी मंदिर अत्यंत प्राचीन मंदिर है, जो कि केरल राज्य के त्रिशूर जिले में स्थापित है। वैसे तो दक्षिण भारत मे बहुत से मंदिर है परंतु यह मंदिर सब मंदिरों में सबसे अद्‌भुत है। कोडुंगल्लूर देवी मंदिर को ''श्री कुरम्बा भगवती मंदिर'' के नाम से भी जाना जाता है। इस मंदिर में माँ भद्रकाली उपस्थित है, उनकी काली रूप में पूजा की जाती है। यहां आने वाले लोग देवी को कुरम्बा या कोडुंगल्लूर अम्मा के नाम से बुलाते है। केरल के मंदिर में माँ काली के रुद्र रूप की पूजा अर्चना की जाती है यह मंदिर मालाबार के 64 भद्रकाली मंदिरों में से प्रमुख है माँ काली ने अपने प्रचण्ड रूप में आठों हाथों में कुछ न कुछ पकड़ रखा है जैसेः- एक हाथ मे राक्षस राजा दारूका का सिर पकड़ा हुआ है, एक हाथ मे घंटी, एक हाथ मे तलवार और एक हाथ मे अंगूठी। मंदिर में दोपहर 3 बजे से लेकर रात 10 बजे तक पूजा होती है। यहां के लोगो का मानना है कि इस मंदिर में भगवान शिव की आराधना की जाती थी और परशुराम जी ने मंदिर के निकट ही माँ काली की प्रतिमा लगाई थी। कोडुंगल्लूर कभी चेरा साम्राज्य की राजधानी हुआ करता था, जो एक महत्वपूर्ण नगर कहलाता था। इस मंदिर को चेरमान पेरुमल ने बनवाया। यह मंदिर केरल के मध्य में स्थित है। इस मंदिर में उपस्थित माँ भद्रकाली को यहां के लोग 'मलयाला भगवती' बुलाते है। इस मंदिर में प्राचीनतम तरह से ही देवी के निर्देशानुसार पूजा की जाती है। यहं पांच 'श्री चक्र' शंकराचार्य ने स्थापित किए, जिन्हें देवी की शक्तियों का मुख्य स्रोत माना जाता है।

## पर्यटन



# बच्चों को ज़रूर कराएं देश के खूबसूरत गांवों की सैर

शहर की भीड़-भाड़ और व्यस्तता के बीच जब कभी समय मिले और खासतौर पर बच्चों कि छुट्टियां हो तो उन्हें किसी फ़ेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन ले जाने की बजाय देश के कुछ खूबसूरत गांवों की सैर करवाइए। यहां न सिर्फ मन को सुकून मिलेगा, बल्कि यहां कि कुदरती खूबसूरती और शांत वातावरण आपके पूरे परिवार की थकान और तनाव दूर कर देगा। स्मित, मेघालय- मेघालय की राजधानी शिलांग से करीब 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित स्मित गांव बेहद सुंदर है और छुट्टियां बिताने के लिए परफ़ेक्ट जगह है। पहाड़ों पर बसा यह गांव कुदरती खूबसूरती से सराबोर है। यहां की शुद्ध ताजी हवा आपको नई ऊर्जा से भर देगी और बच्चों को भी गांव की सैर में बहुत मज़ा आएगा। शहर की भीड़ से दूर यहां का शांत वातावरण और सुंदरता हर किसी का मन मोह लेती है। यह गांव बेहद साफ सुथरा भी है। मावलिनॉन्ग, मेघालय- मेघालय का ही एक और गांव है मावलिनॉन्ग जिसे एशिया के सबसे साफ गांव का दर्ज़ा मिला हुआ है। स्मित की तरह ही यह गांव भी प्राकृतिक सुंदरता से सराबोर है। मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग से करीब 90 हजार की दूरी पर स्थित यह गांव साफ-सुथरा होने के साथ ही बेहद खूबसूरत भी है। यहां पर एशिया का फ़ेमस रूट ब्रिज भी है जिसकी सैर यकीनने आपको और बच्चों को रोमांच से भर देगी। जहां तक साफ-सफाई का सवाल है तो गांव वालों ने खुद अपने बल पर गांव को एकदम साफ-सुथरा रखा है। कचरा फैलाने वालों से जुर्माना भी वसूला जाता है। यहां आपको अन्नानास के पेड़ भी दिखेंगे। याना, कर्नाटक- कर्नाटक का यह गांव भले ही बहुत फ़ेमस न हो, लेकिन सुकून की तलाश करने वालों के लिए यह परफ़ेक्ट जगह है। खूबसूरत पहाड़ी पर स्थित यह गांव तीर्थयात्रियों के साथ ही, नेचर लवर और ट्रैकिंग के शौकीनों के लिए भी बेस्ट डेस्टिनेशन हैं। यहां कई मंदिर, गुफाएं और खूबसूरत झरने आपकी यात्रा को यादगार बना देंगे।

# हाथों में संविधान और गले में रामनामी अंगौछा डालकर नामांकन करने पहुंचे तनुज पुनिया, खुद को बताया असली रामभक्त

## भाजपा सत्ता में आई तो लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण होगा खत्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। लोकसभा चुनाव को लेकर कंग्रेस सपा के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आपना नामंकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान तनुज पुनिया हाथों में संविधान की किताब और गले में राम नामी अंगौछा डालकर पहुंचे। इससे पहले सिविल लाइंस रोड पर स्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवाई केआवास पर बने कंग्रेस कैंप कार्यालय में कंग्रेस और सपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा।

यहां पहुंचे पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे और अरविंद सिंह गोप ने कार्यकर्ताओं से चुनावी रणनीति पर चर्चा की। इसके बाद कार्यकर्ताओं को यहीं रोक तनुज पुनिया, पूर्व सांसद रामसागर रावत और सदर विधायक सुरेश यादव के साथ कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल पहुंचे। तनुज पुनिया ने अपना नामांकन दो सेटों में दाखिल किया। नामांकन के दौरान कार्यकर्ता कार्यालय में मौजूद रहे और यहीं पर चुनावी रणनीति बनाई जाती रही।

नामांकन के बाद तनुज पुनिया ने कहा कि इंडिया गठबंधन को वोटरों को लुभाने की जरूरत नहीं। जनता हमसे जुड़ चुकी है। हमारा चुनाव खुद जनता मिलकर लड़ रही है। क्योंकि जनता समझ चुकी है कि अगर भाजपा की सत्ता में वापसी हुई तो हमारा लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण खत्म हो जाएगा।

ऐसे में इंडिया गठबंधन किसी भी हालत में भाजपाइयों को सत्ता में वापसी नहीं करने देंगे। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के निर्देश पर वह संविधान की किताब अपने साथ लेकर नामांकन करने पहुंचे हैं। जिससे लोगों को संविधान का महत्व बताया जा सके। हम लोग देश और संविधान को बचाकर रहेंगे। इसीलिये वह संविधान लेकर अपना नामांकन करने भी पहुंचे हैं।तनुज पुनिया ने कहा कि बाराबंकी सीट पर कंग्रेस और समाजवादी पार्टी का गठबंधन काफी मजबूत है। आम आदमी पार्टी, शिवसेना और एनसीपी समेत कई प्रमुख दल हमारे साथ मिलकर यह चुनाव लड़ रहे हैं। पुराने आंकड़ों को अगर देखा जाए तो उस हिसाब से इंडिया गठबंधन यह सीट बड़े अंतर से जीतने जा रही है। तनुज पुनिया के मुताबिक यह चुनाव जनता से जुड़े मुद्दों पर लड़ा जा रहा है। किसानों की कर्ज़ा माफी, युवाओं को रोजगार और महिलाओं की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता रहेगी।

तनुज पुनिया के मुताबिक बंकी रेलवे क्रासिंग, हैदरगढ़ और फतेहपुर में ओवरब्रिज, ट्रामा सेंटर को शुरू कराना, मेमो ट्रेन फिर से चलवाने के साथ ही मेंथा की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंदर लाना है। इसके साथ ही जिले के विकास से संबंधित तमाम ऐसे काम हैं, जो भाजपा की सरकार में रुक गये हैं। उन्हें प्राथमिकता पर करवाना है। तनुज पुनिया ने खुद को असली रामभक्त भी बताया और कहा कि वह रोजाना पूजा-पाठ करते हैं। लेकिन भाजपा की तरह राम के नाम पर राजनीति नहीं करते। जबकि भाजपा वाले श्रीराम को लेकर सिर्फ राजनीति करते हैं, लेकिन दिल से उन्हें नहीं मानते।सपा के सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को बड़े अंतर से जीत दिलाना हर सपाई की जिम्मेदारी है। क्योंकि भाजपा ने देश को पूरी तरह से खोखला कर दिया है। देश से संविधान खत्म हो चुका है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। देश की स्पत्तियां बिकना शुरू हो गई हैं। इन्हीं तमाम मुद्दों के चलते जनता हमारे गठबंधन के साथ खड़ी है। इलेक्टोरल बॉन्ड का मुद्दा हो या फिर कोविडशील्ड का मुद्दा आज सभी के सामने खुलकर आ चुका है।

पूर्व सांसद राम सागर रावत ने कहा कि सपा का हर नेता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के साथ खड़ा है। हमारा पूरा विश्वास है कि तनुज पुनिया बाराबंकी लोकसभा सीट से न सिर्फ जीतेंगे बल्कि पिछले सारे रिकॉर्ड भी तोड़ेंगे। नगर पालिका के चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि कुर्मी समाज का सारा वोट इंडिया गठबंधन के साथ है। क्योंकि हमारे समाज के लिये भाजपा ने कुछ भी नहीं किया। कुर्मी समाज को भाजपा ने कभी भी सम्मान नहीं दिया। इस वजह से हमारा समाज बाराबंकी से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया के साथ है।

## ''पानी पिलाओ परिंदा बचाओ''अभियान के तहत पक्षियों के लिए मिट्टी के बर्तन को लगाकर ''निमदस'' संस्था ने सूचना विभाग मे लगवाया मिट्टी का बर्तन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।भयंकर गर्मी के मौसम में मानव हो पशु-पक्षियों सभी को पानी की तलाश रहती है। लोगों के लिए तो विभिन्न स्थानों पर प्याऊ व नल के साथ-साथ अन्य व्यवस्था भी रहती है लेकिन पक्षियों को पानी पीने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में ''पानी पिलाओ परिंदा बचाओ'' नेशलन कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के सहयोग से ''निमदस'' संस्था द्वारा शहर से लेकर गांवों तक जाकर पेड़ों पर मिट्टी के बर्तन में परिंदों के लिए दाना-पानी रखा जाता है. इसी मुहिम के तहत बुधवार को सूचना कार्यालय के परिसर में लगे पेडों में पानी भरकर टांगा गया। संस्था के प्रबन्ध निदेशक एसके वर्मा ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य है कि गर्मी की वजह से किसी भी पक्षी की भूख-प्यास से मौत न हो लोगों से अपील है कि वे पक्षियों के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें, ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पक्षियों को राहत मिल सके।

समाज सेविका उषा यादव ने कहा संस्था का प्रयास है कि पक्षियों को लेकर लोग जागरूक हों और इस अभियान में अपना सहयोग दें, जिससे प्यास बुझाने के लिए पक्षियों को पानी मिल सके। इससे न केवल पक्षियों की प्यास बुझाने से पुण्य मिलेगा बल्कि पर्यावरण सहेजने में भी सहयोग होगा ।प्रकृति और पर्यावरण संतुलन में पशु-पक्षियों को बहुत बड़ा महत्व है, इसलिए हमें गर्मियों में पक्षियों का जीवन बचाने के लिए अपने घरों की छत व बरामदा, आंगन में उनके लिए दाना-पानी रखना चाहिए। संस्था द्वारा चलाई जा रही 'पानी पिलाओ परिंदा बचाओ' मुहिम सराहनीय है। लोगों को मुहिम से जुड़कर पक्षियों की जिदगी बचाने के लिए छतों पर दाना-पानी जरूर रखें।

## विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों को बताया गया मतदान का महत्व



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मजदूर दिवस के अवसर पर रिलांयस इण्डस्ट्रीज लिमिटेड बायो एनर्जी यूनिट, देवा रोड बाराबंकी के प्रांगण में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम का आयोजन जिला उद्योग केन्द्र तथा नोडल अधिकारी स्वीप द्वारा रिलांयस इण्डस्ट्रीज के सहयोग से कराया गया।

सहायक नोडल अधिकारी स्वीप / उपजिलाधिकारी बाराबंकी द्वारा इकाई के श्रमिकों तथा अधिकारियों को मतदान के महत्व को समझाते हुए उन्हे शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गयी। उपायुक्त उद्योग, द्वारा समस्त उपस्थित श्रमिको तथा अधिकारियों से लोकतंत्र से महापर्व मतदान दिवस 20 मई 2024 को मतदान करने की अपील की गयी। इकाई के समस्त श्रमिको / कर्मचारियों द्वारा मानव श्रृंखला के माध्यम से 20 मई 2024 का आकार बनाते हुए जनपद के समस्त अर्ह मतदाताओं तथा श्रमिकों को शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया।

## भाजपा की विकास नीति और सुशासन जनता को पसंद , विपक्ष मुद्दा विहीन : आलोक तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी। किसानों का हित अगर कही सुरक्षित है तो वह भाजपा में है सर्व समाज का सम्मान एव देश की उन्नति के लिए भाजपा जरुरी है राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझे 20 मई को अपने बूथ पर जाकर कमल का बटन दबाकर देश के प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करे उक्त बात नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कस्बा हैदरगढ़ के विभिन्न वार्डो में निकल कर जनसमपर्क के दौरान कही । गौरतलब है कि आज कस्बा हैदरगढ़ के ब्रम्हनान वार्ड स्थित अटल पार्क में अपने समर्थकों के साथ जाकर अध्यक्ष आलोक तिवारी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी एव पूर्व विधायक स्व सुंदर लाल दीक्षित को नमन कर जनसमपर्क प्रारम्भ किया । श्री तिवारी ने नगर के विभिन्न वार्डो में जाकर भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के लिए वोट मांगा इस दौरान उन्होंने आगे कहा भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने बीच से बिचौलियों को खत्म कर दिया । पहले की सरकारो में ऊपर अगर एक रुपये चलता था तो आमजन तक पात्र 5 पैसे पहुचते थे अब एक क्लिक पर किसान सम्मान निधि , मनरेगा मजदूरी , विभिन्न पेंशन इत्यादि योजनाओं का पैसा सीधा लाभार्थी के खाते में पहुँच रहा आलोक ने आगे कहा मोदी जी की विकास नीति को जनता भूली नही इस बार बाराबंकी से भाजपा रिकार्ड जीत दर्ज करेगी । आलोक ने नगर के ब्राम्हनान , सुभाष ,लोहिया आदि वार्डो मेजनसम्पर्क कर भाजपा के लिए वोट मांगा इस दौरान उनके साथ विकास पांडेय विक्की , करुणेध द्विवेदी , श्यामू , दीपू तिवारी , भानू मिश्रा , संतोष श्रीवास्तव ,अंकित मिश्रा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे ।

## सड़क दुघर्टना में मौत का शिकार हुए दंपत्ति का शव गांव पहुंचने पर हर आंख दिखी नम

रामसनेही घाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।असंद्रा थाना क्षेत्र निवासी दंपत्ति का मंगलवार को अयोध्या जनपद के पटरंगा थाना के रानीमऊ चौराहे के करीब शाम चार बजे हुए हादसे में मौत हो गई थी पोस्टमार्टम के बाद दंपत्ति का शव पैतृक गांव पहुंचने पर कोहराम मच गया। पति पत्नी दोनों का एक ही स्थान पर एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।प्राप्त जानकारी मुताबिक धारूपुरवा मजरे सिल्हौर निवासी बजरंग बली अपनी पत्नी सुनीता को लेकर किसी कार्य के लिए भिटरिया गया था। उधर से वापस आते समय रानीमऊ चौराहे के करीब अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर बैठी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई व पति गंभीर रूप से घायल हो गया था स्थानीय लोगो की मदद से घायल व्यक्ति को मौजूद पुलिस ने एंबुलेंस से सीएचसी मवई भिजवाया जहां डाक्टरों ने उसे भी मृत्यु घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही असंद्रा थाना क्षेत्र के दो गांवों का माहौल गमगीन हो गया। मृतक बजरंग बली निषाद अपने ससुराल बठौली मे रहते थे। इनके दो बच्चे हैं बड़ी पुत्री ज्योति 10 वर्ष व छोटा पुत्र सूरज 7 वर्ष, घटना की सूचना मिलते ही मृतक बजरंग बली के भाई हरी निषाद व बद्री निषाद व उनका परिवार घटना स्थल पर पहुंच गए। मृतक पति पत्नी का शव पीएम के बाद बुधवार को पति के पैतृक निवास स्थान धारूपुरवा पहुंचने पर ग्रामीणों के साथ रिस्तेदारो का ताता लग गया। अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## ससुरालियों पर बेटी को गायब करने का बड़ा आरोप एसपी से शिकायत

रामसनेही घाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। असंद्रा थाना क्षेत्र के रमगढ़ा मजरे सिल्हौर निवासी साहब प्रसाद पुत्र खिरोधर ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर ससुरालियों पर पुत्री को गायब करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है । पीड़ित के अनुसार करीब तीन वर्ष पूर्व उसने अपनी पुत्री प्रीति का विवाह गुलचप्पा थाना दरियाबाद निवासी किरसन के साथ बड़ी धूमधाम से किया था ।शादी के बाद प्रीति ने एक पुत्री को जन्म दिया ।आरोप है कि लड़की पैदा होने के बाद पति समेत अन्य ससुराली उसकी पुत्री को प्रताड़ित करने लगे ।बीते 25 अप्रैल को पीड़ित जब अपनी पुत्री से मिलने ससुराल गया तो पुत्री से मिलने की बात तो दूर रही ससुरालियों ने उसे घर में घुसने नही दिया ।विरोध जताने पर उसे और उसकी पत्नी कुंवारा को मारा पीटा ।पीड़ित ने एसपी बाराबंकी को प्रार्थना पत्र भेजकर ससुरालियों पर पुत्री की हत्या कर उसे गायब करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है ।

## बिजली के शार्ट सर्किट से छप्पर मे लगी भीषण आग

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। दरियाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अहिरनपुरवा मजरे सेमरी में बुधवार दोपहर को शार्ट सर्किट से आग लग गई। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली के तार पर बैठे कौवे को करेंट लगने से वह कौवा जलता हुआ नीचे छपरे पर आ गिरा। जिससे छपरे में आग लग गई। जब तक ग्रामीण छपरे में लगी हुई आग को बुझाने के लिए कुछ करते तब तक आग ने अगल बगल के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना दमकल व स्थानीय प्रशासन को दी। सूचना पर पहुँची दमकल ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर किसी तरह काबू पाया।

## 5 शातिर चोर गिरफ्तार, नकदी आभूषण, मोबाइल फोन व वाहन बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जिले की स्वाट, सर्विलांस व फतेहपुर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने 5 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की 9 घटनाओं का खुलासा किया है। गिरफ्तार चोरों के कब्ज़े व निशानदेही पर पुलिस ने भारी मात्रा में चोरी के आभूषण, नकदी, मोबाइल फोन, 03 अदद वाहन व तमंचा कारतूस भी बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सभी को जेल रवाना किया गया है।

एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी फतेहपुर डॉ.बीनू सिंह के पर्यवेक्षण मे स्वाट/सर्विलांस व थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा 5 शातिर चोरों अनिकेत उर्फ छोटू लोनिया पुत्र पिंकू चौहान, सोनू लोनिया पुत्र कामता लोनिया, मिथलेश लोनिया उर्फ मुसउ पुत्र स्व.सुन्दरलाल, पिन्कू पुत्र स्व.छोटेलाल निवासीगण जनपद सीतापुर व नितिन त्यागी पुत्र जगन्नाथ कोरी निवासी संसारा थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी को कसियापुर रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण के कब्जे से भारी मात्रा में सोने/चांदी के आभूषण, नकदी, मोबाइल फोन, 1 अदद स्वराज ट्रैक्टर,1 अदद फोर्ड फीगो कार ठ्घ 32 क्क्ए 4907, 01 अदद मोटरसाइकिल बजाज सिटी हण्ड्रेड ठ्घ 34 इक 6577 व 01 अदद .315 बोर का तमंचा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार चोरों के 02 साथी पप्पू गौतम पुत्र चन्द्रिका प्रसाद व सुभाष चौहान पुत्र राम लखन निवासीगण जनपद सीतापुर फरार हो गए जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों में से सोनू लोनिया, नितिन त्यागी, मिथलेश लोनिया उर्फ मुसउ व अनिकेत उर्फ छोटू लोनिया पूर्व में भी जेल जा चुके है।

एएसपी उत्तरी सीएन सिन्हा ने बताया कि अभियुक्तगण का एक गिरोह है जो जनपद बाराबंकी व आस-पास के जनपदों में चोरी की घटना कारित करते हैं। अभियुक्तगण ट्रैक्टर से किसान की तरह गांव में जाते हैं जिससे कोई शक न करे तथा मोटर साइकिल से रेकी कर घर को चिन्हित करके चोरी किए गए सामान को कार व ट्रैक्टर में रखकर ले जाते हैं तथा चोरी किए सामान को सस्ते दामों पर बेंचकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं तथा शौक पूरे करते हैं।

## प्रोफ़ेसर सैयद जहीर हसन आबिदी के निधन पर शोक सभा का आयोजन

### एक रोशन चराग़ गुल हो गयाः डा. मुंतज़िर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर, बाराबंकी। प्रोफ़ेसर सैयद ज़हीर हसन आबिदी न केवल अंग्रेजी भाषा और साहित्य के बुद्धिजीवी और चिंतक थे, बल्कि उन्हें भारतीय साहित्य, विशेषकर उर्दू और हिंदी भाषा से भी गहरा लगाव था। उनके निधन से न केवल अंग्रेजी भाषा और साहित्य का नुकसान हुआ बल्कि हम जैसे कई छात्रों ने एक दयालु, सहृदय और छात्र-हितैषी शिक्षक भी खो दिया। ये बातें फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय पी0 जी0 कॉलेज महमूदाबाद में मृतक की शोकसभा में आयोजित शोक सभा में उर्दू विभाग के शिक्षक डॉ. मुंतज़िर कायमी ने कहीं, उन्होंने आगे कहा कि दिवंगत अंग्रेजी नाटककार पानी जैसी कठिन विधा के नियमों और बिंदुओं को स्पष्ट कर देते थे। महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग से जुड़े डॉ. रवीश कुमार सिंह ने स्वर्गीय लखनऊ विश्वविद्यालय की गतिविधियों को याद करते हुए कहा कि वह बहुत ही सरल एवं सौम्य शिक्षक थे, जो छात्रों की शैक्षणिक एवं साहित्यिक समस्याओं का समाधान करते थे। उन्हें विश्वविद्यालय के सबसे प्रिय शिक्षकों में से एक माना जाता था और उनकी सेवानिवृत्ति के बाद भी विभाग को उनकी सेवाएँ मिलती रहीं। उन्होंने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के मानविकी विभाग के लिए पाठ्यक्रम डिजाइन किया। इसके अलावा वह कई विश्वविद्यालयों के बोर्ड ऑफ स्टडीज और एकेडमिक काउंसिल के सदस्य भी रहे हैं। गणित विभाग से जुड़ी डॉ.सना परवीन अंसारी ने कहा कि प्रो. आब्दी बेहद मिलनसार व्यक्तित्व के मालिक थे, उन्होंने अपनी दोनों बेटियों को अच्छी शिक्षा-दीक्षा दिलाई, जिसके परिणामस्वरूप वे उच्च पदों पर आसीन हुईं।

इतिहास विभाग से जुड़ी डॉ. प्रार्थना सिंह ने कहा कि प्रोफ़ेसर आबिदी ने कई किताबें लिखी हैं जो अंग्रेजी भाषा और साहित्य की समझ के लिए बहुमूल्य हैं। पढ़ाते समय वे उर्दू भाषा और संस्कृति के उपमाओं और रूपकों का प्रयोग करते थे ताकि हिंदी और उर्दू के छात्र इन कठिन शब्दों को आसानी से समझ सकें। हिंदी विभाग से जुड़े डॉ0 नीरज कुमार ने बताया कि मृतक क्लासरूम टीचिंग पर जोर देते थे और खुद भी बड़ी जिम्मेदारी के साथ क्लास को पढ़ाते थे।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी-2024

ग्रीष्मकाल के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा पुणे जं. और अयोध्या कैंट के बीच ग्रीष्मकालीन एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

01455/01456 पुणे जं. - अयोध्या कैंट - पुणे जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 01455 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 01455 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 01456 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 01456 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:30 | पुणे जं. | 03:55 | ---- |
| 19:43 | 19:45 | चिंचवड | 03:28 | 03:30 |
| 21:37 | 21:40 | लोनावला | 02:50 | 02:55 |
| 22:10 | 22:15 | पनवेल | 01:05 | 01:10 |
| 23:40 | 23:43 | कल्याण जं. | 23:47 | 23:50 |
| 01:40 | 01:45 | इगतपुरी | 22:05 | 22:10 |
| 03:18 | 03:20 | मनमाड जं. | 20:05 | 20:08 |
| 05:18 | 05:20 | जलगांव | 17:32 | 17:35 |
| 05:50 | 06:00 | भुसावल जं. | 17:05 | 17:10 |
| 09:00 | 09:05 | खंडवा जं. | 15:05 | 15:08 |
| 13:05 | 13:15 | इटारसी जं. | 12:35 | 12:45 |
| 16:00 | 16:05 | भोपाल | 10:45 | 10:50 |
| 19:18 | 19:20 | बीना जं. | 04:35 | 04:40 |
| 22:00 | 22:10 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 02:10 | 02:20 |
| 23:28 | 23:30 | उरई | 23:50 | 23:52 |
| 02:15 | 02:25 | कानपुर सेन्ट्रल | 21:55 | 22:05 |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:30 | 19:40 |
| 08:50 | ---- | अयोध्या कैंट | ---- | 16:00 |

चलने के दिनः 01455 पुणे से दिनांक 03 एवं 07.05.2024 को और 01456 अयोध्या कैंट से दिनांक 05 एवं 09.05.2024 को।

स्थानः वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा – हमारा ध्येय हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें 1320/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## मजदूर दिवस : जनपद भर में मनरेगा मजदूरों को दिलाई गई शत प्रतिशत मतदान की शपथ







कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार 1 मई को विकासखंड हैदरगढ़ की सभी ग्राम पंचायत में मनरेगा श्रमिकों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान ग्राम पंचायत कनवा में आयोजित विशेष कार्यक्रम में पहुंचे खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता वाहन को प्रचार प्रसार के लिए रवाना किया गया।

विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर बुधवार को ग्राम पंचायत में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रमो के तहत बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर मनरेगा योजना के तहत चल रहे विकास कार्य स्थलो पर एकत्रित हुए इस दौरान अमृत सरोवरो, सड़को, तालाबों एवं अन्य कार्य स्थलों पर उनको जाति ,धर्म, मजहब, भाषावाद, क्षेत्रवाद एवं किसी भी प्रकार के प्रलोभन से उठकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगामी दिनों में होने वाले लोकसभा चुनाव के साथ-साथ सभी चुनाव में स्वयं मतदान करने एवं साथ में दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

### हैदरगढ़ में बीडीओ ने प्रचार वाहन किया रवाना

इस कार्यक्रम के तहत खंड विकास अधिकारी ग्राम पंचायत कनवा भी पहुंचे, जहां पर मनरेगा श्रमिकों को शपथ दिलाने के अलावा ग्राम पंचायत क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया यह वहां गांव पंचायत में भ्रमण कर मतदाताओं को सत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव पवन कुमार प्रधान विनय कुमार रावत बिन्नू, सोशल को सोशल को- आरडीनेटर संतोष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे द्य इसी क्रम में ग्राम पंचायत मरुई में सचिव हर्षित श्रीवास्तव ने मनरेगा मजदूरों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई साथ ही और लोगो को मतदान हेतु प्रेरित करने को कहा । इसी क्रम में विकास खण्ड हरख में पंचायत सचिव , नवीन कुमार , विवेक कुमार वर्मा , चन्द्र शेखर वर्मा,अटल बिहारी , संध्या दूबे , बीना ने अपनी अपनी पंचायतो में मनरेगा मजदूरों को शपथ दिलाई । मसौली में सचिव जायसराम , बीना मौर्या , सुश्री सौम्या सिंह ने , रामनगर में अमित मौर्य , रिसभ पांडेय , निखिल कनौजिया , अभय शुक्ला , बीना चतुर्वेदी समेत सभी सचिवों ने मज़दूर दिवस के अवसर पर मनरेगा मजदूरों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई ।

# राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने अभियान को ढर्रे पर लाना चाहेंगे सनराइजर्स


एजेंसी




हैदराबाद। लक्ष्य का पीछा करते हुए भटकने वाली सनराइजर्स हैदराबाद शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने अभियान को ढर्रे पर लाना चाहेगी। रॉयल्स का प्लेआफ में स्थान लगभग पक्का है लेकिन सनराइजर्स के लिये इस मैच में बहुत कुछ दाव पर है। कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। इन पराजयों के बाद टीम शीर्ष चार से बाहर हो गई। चार जीत और चार हार के बाद अब दस अंक लेकर 2016 चैम्पियन टीम पांचवें स्थान पर है। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए नाकाम रहे हैं जिससे कोच डेनियल विटोरी को स्वीकार करना पड़ा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति गलत रही। सनराइजर्स ने इस सत्र में पहले बल्लेबाजी करते हुए दो बार 250 से अधिक स्कोर बनाया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 से अधिक का स्कोर एक बार भी हासिल नहीं कर सकी। मुख्य कोच विटोरी ने आरसीबी से मिली हार के बाद कहा था ,'' हम लक्ष्य देने में कामयाब रहे हैं और अब लक्ष्य का पीछा करना भी सीखना होगा। सनराइजर्स बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा पर काफी निर्भर है। दोनों के फ्लॉप होने पर सनराइजर्स की पारी भी चरमरा जाती है। एडेन माक्ररम को अब अपने चिर परिचित फॉर्म में लौटना होगा जिनका बल्ला अभी तक खामोश रहा है। दूसरी ओर रॉयल्स का अब तक का सफर बेदाग रहा है। पहले सत्र की विजेता टीम ने हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया है और 16 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके पास जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। शिमरोन हेटमायेर और रोवमैन पॉवेल के अलावा रियान पराग और ध्रुव जुरेल ने भी रन बनाये हैं। गेंदबाजी में उनके पास युजवेंद्र चहल, ट्रेंट बोल्ट का अनुभव और आवेश खान तथा संदीप शर्मा का जोश है।

# फ्रेजर-मैकगर्क, स्मिथ ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम से बाहर, मार्श होंगे कप्तान


एजेंसी



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के प्रतिभाशाली युवा टी-20 बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क और तीनों प्रारूपों के बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक स्टीवन स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टी-20 विश्व कप टीम में शामिल नहीं किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने बुधवार सुबह टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा की। चयनकर्ताओं ने एश्टन एगर के रूप में दूसरे विशेषज्ञ स्पिनर और कैमरून ग्रीन के रूप में एक अतिरिक्त ऑलराउंडर को टीम में शामिल करने का फैसला किया है, ताकि पूरे टूर्नामेंट में उन्हें गेंदबाजी में अधिक लचीलापन मिल सके। जैसा कि उम्मीद थी, मिशेल मार्श टीम की कप्तानी करेंगे। मार्श पिछले 12 महीनों में अंतरिम कप्तान के रूप में तीन टी20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व कर चुके हैं। नाथन एलिस को ऑस्ट्रेलिया के तीन बड़े खिलाड़ियों पैट कमिंस, जोश हेज़लवुड और मिशेल स्टार्क के पीछे चौथे तेज़ गेंदबाज़ी विकल्प के रूप में शामिल किया गया है, जबकि जोश इंगलिस को भी पहली पसंद के विकेटकीपर मैथ्यू वेड के पीछे रिजर्व विकेटकीपर और यूटिलिटी बैटर के रूप में चुना गया है। चयनकर्ताओं ने ट्रैविस हेड, डेविड वार्नर और मार्श की अनुभवी तिकड़ी पर भरोसा करने का फैसला किया, जिन्होंने पिछले साल के वनडे विश्व कप में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड और वेड के साथ मध्य क्रम को भी काफी पहले ही तय कर लिया था, जिसके पहली पसंद की एकादश में शामिल होने की संभावना है। ग्रीन और इंग्लिस को अंतिम 15 में फ्रेजर-मैकगर्क और स्मिथ के मुकाबले प्राथमिकता दी गई क्योंकि वे कई भूमिकाएं निभा सकते हैं। ग्रीन चोटिल मार्श और स्टोइनिस के लिए कवर प्रदान करते हैं, जबकि इंग्लिस बैकअप विकेटकीपर हैं, लेकिन उन्होंने कुछ सफलता के साथ क्रम में लगभग हर स्थान पर बल्लेबाजी की है। चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा,''हम उन कई खिलाड़ियों पर नज़र रखना जारी रखेंगे जो इस प्रारंभिक टीम में शामिल नहीं हो पाए हैं और ध्यान दें कि अगर हम इस टीम में बदलाव करना चाहते हैं, तो हमारे पास आईसीसी के नियमों के अनुसार आने वाले हफ़्तों में ऐसा करने का विकल्प है। कप्तान नियुक्त किये जाने पर मार्श ने कहा, जिनके टी-20 कप्तान के रूप में चयन को सीए ने बुधवार सुबह मंजूरी दे दी, ''अपने देश के लिए खेलना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान रहा है और अब विश्व कप में टीम का नेतृत्व करना और भी बड़ा सम्मान है।

# धीमी ओवर गति के कारण हार्दिक पांड्या पर लगा 24 लाख रुपये का जुर्माना

एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मंगलवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2024 के 48वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण मुंबई इंडियस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया, ल्लचूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित मुंबई की टीम का सीजन का दूसरा अपराध था, इसलिए पांड्या पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) जुर्माना लगाया गया। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में लखनऊ ने मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हरा दिया। लखनऊ ने मैच में टॉस जीतकर मुंबई को पहले बल्लेबाजी का निमंत्रण दिया। मुंबई की टीम ईशान किशन (32), नेहल वढेरा (46) और टिम डेविड (नाबाद 35) की पारियों की बदौलत 20 ओवर में 7 विकेट पर 144 रन ही बना सकी। जवाब में लखनऊ ने 19.2 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाकर मैच जीत लिया।

# आईसीसी टी-20 विश्व कप : भारतीय टीम 21 मई को अमेरिका के लिए होगी रवाना

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लीग चरण के समाप्त होने के एक दिन बाद टी-20 विश्व कप के लिए 21 मई को अमेरिका के लिए रवाना होगी। क्रिकबज के अनुसार, जो खिलाड़ी आईपीएल प्ले-ऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमों का हिस्सा नहीं होंगे, वे पहले बैच के साथ यात्रा करेंगे, जिसमें राहुल द्रविड़ के सहयोगी स्टाफ के सभी सदस्य शामिल हैं। दूसरा बैच 26 मई को आईपीएल फाइनल के पूरा होने के बाद अमेरिका के लिए उड़ान भरेगा। टीम न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरेगी, जहाँ उसे तीन लीग मैच, 5 जून (विरुद्ध आयरलैंड), 9 जून (विरुद्ध पाकिस्तान) और 12 जून (विरुद्ध मेजबान अमेरिका), खेलने हैं। प्रारंभिक योजना न्यूयॉर्क में एक शिविर लगाने की है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) मैनहट्टन से 30 किलोमीटर दूर नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास सुविधाओं की व्यवस्था कर रही है। टीम के लिए लगभग छह ड्रॉप-इन अभ्यास पिचें होंगी। बता दें कि बीसीसीआई ने सोमवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए टीम घोषित कर दी है, जिसमें ऋषभ पंत, और संजू सैमसन की वापसी हुई है, जबकि केएल राहुल को नहीं चुना गया है। आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद. सिराज। रिजर्वः शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान।

# अफगानिस्तान की टी20 विश्व कप टीम में आठ आईपीएल खिलाड़ी

काबुल। टी20 विश्व कप के लिये अफगानिस्तान की टीम में इंडियन प्रीमियर लीग खेल रहे आठ खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जबकि कप्तान स्टार हरफनमौला राशिद खान होंगे। विश्व कप 2023 में टीम के कप्तान रहे हशमतुल्लाह शाहिदी को 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है। हजरतुल्लाह जजाई, सेदिकुल्लाह अतल और मोहम्मद सलीम सैफी को रिजर्व के तौर पर टीम में रखा गया है। राशिद, अजमतुल्लाह उमरजई, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, नवीनुल हक, मोहम्मद नबी, रहमानुल्लाह गुरबाज, गुलबदन नायब इस समय आईपीएल खेल रहे हैं। अफगानस्तान को 20 टीमों के टूर्नामेंट में ग्रुप सी में वेस्टइंडीज, युगांडा और पापुआ न्यू गिनी के साथ रखा गया है। उसे तीन जून को प्रोविडेंस में युगांडा से पहला मैच खेलना है। अफगानिस्तान टीम : राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदन नायब, करीम जनत, नांगयाल खरोती, मुजीबुर रहमान, नूर अहमद, नवीनुल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक।

# चीनी फुटबॉलर अब्दुवेली ने कहा- दक्षिण कोरिया के खिलाफ गंवाए मौके के कारण 3 दिन सो नहीं पाया

एजेंसी



बीजिंग। चीनी फारवर्ड बेहराम अब्दुवेली ने मंगलवार को कहा कि इस महीने की शुरूआत में अंडर-23 एशियाई कप के दौरान दक्षिण कोरिया के खिलाफ ग्रुप मैच में गोल करने का मौका गंवाने के बाद वह तीन दिन तक ठीक से सो नहीं पाए थे। 21 वर्षीय स्ट्राइकर को 19 अप्रैल को हुए उस मैच के 15वें मिनट में टीम के एक अन्य खिलाड़ी के पास पर गोल करने का एक बेहतरीन मौका मिला था, लेकिन दक्षिण कोरियाई गोलकीपर ने उनके शॉट को रोक दिया। अब्दुवेली ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो, उस मैच के बाद तीन दिन तक मुझे पर्याप्त नींद नहीं मिली, मैं अपने असफल शॉट के कारणों के बारे में सोचता रहा। मुझे गोल से पहले और अधिक क्लिनिकल होने के लिए अभी भी कड़ी मेहनत करनी होगी। दक्षिण कोरियाई टीम के छठे नंबर के खिलाड़ी ली यंग-जून ने इस पहलू में अच्छा प्रदर्शन किया और वह मेरे लिए एक अच्छा उदाहरण हैं। दक्षिण कोरियाई टीम ने पूरे खेल के दौरान जितने मौके बनाए, ली ने उनमें से दो गोल किए और चीन पर 2-0 से जीत दर्ज की। चीन नॉकआउट चरण तक पहुंचने में विफल रहा क्योंकि वे जापान और दक्षिण कोरिया से हार गए और फिर अपने अंतिम ग्रुप गेम में संयुक्त अरब अमीरात को हराया।

# मैड्रिड ओपन : करेन खाचानोव को हराकर पहली बार क्वार्टरफाइनल में पहुंचे जननिक सिनर

एजेंसी



मैड्रिड। विश्व के दूसरे नंबर के टेनिस खिलाड़ी जननिक सिनर ने मंगलवार को करेन खाचानोव को हराकर पहली बार मैड्रिड ओपन के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त इतालवी खिलाड़ी ने खाचानोव को 5-7, 6-3, 6-3 से हराया। 16वीं वरीयता प्राप्त खाचानोव के खिलाफ अरांत्सा सांचेज स्टेडियम में एक कठिन मुकाबले में, सिनर ने प्रतियोगिता का अपना पहला सेट हारने के बावजूद जोरदार पलटवार किया।

उन्होंने निर्णायक सेट में सामना किए गए दोनों ब्रेक पॉइंट बचाए और दो घंटे और दस मिनट में जीत हासिल की। मैच जीतने के बाद सिनर ने एटीपी के हवाले से कहा, ''मुझे लगता है कि यह मैच वाकई बहुत कठिन था, क्योंकि कुछ मौकों पर उन्होंने बहुत अच्छी सर्विस की, इसलिए वापसी करना मुश्किल था। पहले सेट में जब उन्होंने मेरी सर्विस तोड़ी तो मैंने कुछ गलतियां कीं, लेकिन ऐसा हो सकता है। दूसरे सेट में मैंने तुरंत ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की, मैंने उनकी सर्विस तोड़ी और आत्मविश्वास का स्तर थोड़ा बढ़ा। उन्होंने कहा, ''तीसरे सेट के शुरुआती चरणों में जब मैं ब्रेक पॉइंट से पीछे था, तब मैं संघर्ष कर रहा था। मैंने उन्हें पार किया, वास्तव में अच्छी सर्विस की। फिर मुझे थोड़ा बेहतर महसूस हुआ, इसलिए मैं वास्तव में खुश हूं और देखते हैं कि अगले राउंड में क्या होता है। सिनर का अगला मुकाबला काजा मैजिका में पांचवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड या फ़ेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## एटीएफ की कीमत 749.25 रुपये तक बढ़ी, महंगा हो सकता है हवाई सफर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने आज विमानन कंपनियों को झटका दिया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत में 749.25 रुपये प्रति किलोलीटर का इजाफा किया है। एटीएफ के दाम में बढ़ोतरी से हवाई सफर महंगा हो सकता है। नई दरें आज से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमत में बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में हवाई ईंधन 749.25 रुपये बढ़कर 1,01,642.88 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है, जो पहले 100,893.63 रुपये था। मुंबई में एटीएफ 707.29 रुपये महंगा होकर 95,173.70 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है, जो कि पहले 94,466.41 रुपये था। चेन्नई में एटीएफ की कीमत 628.73 रुपये की बढ़त के साथ 1,05,602.09 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है, जो पहले 104973.36 रुपये थी। कोलकाता में इसकी कीमत 684.52 रुपये बढ़कर 1,10,583.13 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है, जो पहले 109898.61 रुपये थी। गौरतलब है कि ऑयल कंपनियों ने अप्रैल में इसकी कीमत में करीब 502.91 प्रति किलोलीटर की कटौती की थी, जबकि मार्च में इसके दाम 624.37 रुपये प्रति किलोलीटर बढ़े थे।

## कच्चा तेल 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य घटकर 88 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक,दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये,डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.54 डॉलर यानी 0.81 फीसदी की गिरावट के साथ 87.86 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.82 डॉलर यानी 1.00 फीसदी फिसलकर 81.11 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## अप्रैल में टाटा मोटर्स की बिक्री 11.5 प्रतिशत बढ़कर 77,521 इकाई

**नयी दिल्ली।** टाटा मोटर्स की अप्रैल में कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत बढ़कर 77,521 इकाई हो गई। अप्रैल 2023 में यह 69,599 इकाई थी। मोटर वाहन विनिर्माता ने एक बयान में कहा, कंपनी की कुल घरेलू आपूर्ति पिछले महीने 12 प्रतिशत बढ़कर 76,399 इकाई रही जो अप्रैल 2023 में यह 68,514 इकाई थी। कुल यात्री वाहनों की बिक्री पिछले महीने दो प्रतिशत बढ़कर 47,983 इकाई हो गई, जो अप्रैल 2023 में 47,107 इकाई थी। अप्रैल 2024 में कुल वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 29,538 इकाई रही, जो अप्रैल 2023 की 22,492 इकाई की तुलना में 31 प्रतिशत अधिक है।

## निर्यात के लिए ई-वाणिज्य केंद्र विकसित करना नई सरकार के एजेंडे में हो सकता है शामिलः अधिकारी

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन माध्यम से भारत के निर्यात को और बढ़ावा देने के लिए देश में ई-वाणिज्य केंद्र विकसित करने का मुद्दा नई सरकार के लिए वाणिज्य मंत्रालय के 100 दिन के एजेंडे में शामिल होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वाणिज्य मंत्रालय की शाखा विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) पहले से ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वित्त मंत्रालय सहित संबंधित मंत्रालयों के साथ ई-वाणिज्य माध्यम से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई कदमों पर काम कर रही है क्योंकि इस क्षेत्र में निर्यात के बड़े अवसर हैं। यह कवायद इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि मंत्रालयों को नई सरकार के लिए 100 दिन की योजना तैयार करने को कहा गया है। भारत में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को शुरू हुए। मतगणना चार जून को होगी। अधिकारी ने कहा कि ये केंद्र ई-वाणिज्य माध्यमों से निर्यात को और बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। उद्योग जगत के एक विशेषज्ञ के अनुसार, ऐसे केंद्र में निर्यात मंजूरी को सुगम बनाया जा सकता है। इसके अलावा इसमें भंडारण सुविधाएं, सीमा शुल्क मंजूरी, रिटर्न प्रोसेसिंग, लेबलिंग, टेस्टिंग और रीपैकेजिंग की भी सुविधा हो सकती है।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर 20 रुपये तक हुआ सस्ता, नई दरें लागू

एजेंसी



नई दिल्ली। सरकार ने चुनावी मौसम में आम आदमी को थोड़ी राहत दी है। तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने 19 किलोग्राम के कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 20 रुपये तक की कटौती है। घरेलू रसोई गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें आज से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में की गई कटौती के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इसका दाम अब 19 रुपये घटकर 1745.50 रुपये हो गया है, जो पहले 1764.50 रुपये में मिल रहा था। कोलकाता में कमर्शियल गैस सिलेंडर 20 रुपये सस्ता होकर 1859 रुपये में मिल रहा है, जो पहले 1879 रुपये में मिल रहा था। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 19 रुपये घटकर 1698.50 रुपये हो गई है, जो पहले 1717.50 रुपये में मिल रहा था। चेन्नई में कमर्शियल गैस सिलेंडर सिलेंडर की कीमत 1911 रुपये हो गई है, जो पहले 1,930 रुपये थी। गौरतलब है कि 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। देश की राजधानी दिल्ली में यह 803 रुपये, कोलकाता में 829 रुपये, मुंबई में 802.50 रुपये और चेन्नई में 818.50 रुपये का मिल रहा है।

# अप्रैल में जीएसटी राजस्व संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी




नई दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के रिकॉर्ड संग्रह से केंद्र सरकार का खजाना भर गया है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले महीने अप्रैल में जीएसटी संग्रह सलाना आधार पर 12.4 फीसदी बढ़कर 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इससे पिछले महीने मार्च में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.87 लाख करोड़ रहा था। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि घरेलू लेन-देन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से जीएसटी राजस्व संग्रह बढ़ा है। मंत्रालय के मुताबिक अप्रैल में जीएसटी राजस्व संग्रह 12.4 फीसदी उछलकर 2.10 लाख करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले महीने मार्च में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.87 लाख करोड़ रहा था। वहीं, महीने-दर-महीने आधार पर जीएसटी राजस्व संग्रह में 18 फीसदी की ग्रोथ आई है। मंत्रालय के मुताबिक अप्रैल में कुल 2,10,267 करोड़ रुपये के जीएसटी राजस्व संग्रह में केंद्रीय जीएसटी संग्रह (सीजीएसटी) 43,846 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 53,538 करोड़ रुपये रहा। वहीं, एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 99,623 करोड़ रुपये (माल के आयात पर संग्रह किए गए 37,826 करोड़ रुपये सहित) और सेस 13,260 करोड़ रुपये रहा। सेस में माल के आयात से मिले 1008 करोड़ रुपये शामिल हैं। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक माइलस्टोन को पार कर गया है। मंत्रालय के मुताबिक रिफंड के बाद अप्रैल 2024 के लिए नेट जीएसटी रेवेन्यू 1.92 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि यानी अप्रैल 2023 की तुलना में 17.1 फीसदी ज्यादा है।

# इंडी गठबंधन के लोग चुनाव के समय कई झूठी बातें करेंगे, उन्हें करारा जवाब देना है : भजनलाल शर्मा

एजेंसी

हजारीबाग (झारखंड)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को हजारीबाग के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन में शामिल हुए। इसके बाद हजारीबाग के तर्जन मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भाषण की शुरुआत 'जोहार झारखंड' से की और कहा कि इंडी गठबंधन के लोग चुनाव के समय कई झूठी बातें करेंगे। उन्हें करारा जवाब देना है। झारखंड से 14 में से 14 सीट पर एनडीए के प्रत्याशियों को जिताना है। भजनलाल ने कहा कि कांग्रेस ने कभी गरीबों की परवाह नहीं की। कभी किसानों की परवाह नहीं की। कभी गांवों की परवाह नहीं की। एक बार चुनाव जीत जाते हैं तो दोबारा क्षेत्र में नहीं जाते हैं। वे झूठ का सहारा ले रहे हैं। कह रहे हैं कि एनडीए सरकार बनने पर संविधान बदल देंगे। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने साफ-साफ कहा है कि संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने की किसी की ताकत नहीं है। अब फ़ेक वीडियो चलाने का काम सोशल मीडिया पर कर रहे हैं। भजनलाल ने कहा कि कांग्रेस का कोई भी घोषणा पत्र उठाकर देख ले। उसने अब तक कितना लागू किया है। कांग्रेस सिर्फ घोषणा करती है। यह परिवारवाद के लोग हैं। परिवार की पार्टी है। कोई बेटे को मुख्यमंत्री बनना चाहता है तो कोई पत्नी को मुख्यमंत्री बनना चाहता है। इनको जनता से कोई लेना-देना नहीं है। भ्रष्टाचारियों को शासन सौंपने का काम किया है। भजनलाल ने कहा कि वर्ष




2014 के बाद देश में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। आप गांव का, जिले का परिवर्तन देख लें। प्रदेश का परिवर्तन देख लें। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और नक्सलवाद से मुक्ति का काम भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। आज तक किसी किसान के खाते में पैसा आया था क्या, अब खाते में पैसा आता है और मोबाइल पर सूचना आ जाती है। 20 मई की सुबह 7:00 बजे से लाइन में लगकर लगातार कमल छाप में बटन दबाना है। पहले मतदान और उसके बाद जलपान करना है। हजारीबाग से मनीष जायसवाल को रिकॉर्ड बहुमत से विजयी बनाना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एक-एक वोट भारतीय जनता पार्टी को देना है। कमल छाप पर बटन दबाना है। हजारीबाग से मनीष जायसवाल को रिकॉर्ड बहुमत से चुनाव जीताना है और नरेन्द्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने विकास का बहुत काम किये हैं। इतने कम दिनों में किसी प्रधानमंत्री ने इतना काम नहीं किया। मरांडी ने कहा कि मोदी ने गरीबों का विकास किया। महिला और बहनों को

**इंडी गठबंधन के लोग गैरकानूनी काम करते हैं, इनसे सावधान रहें : बाबूलाल मरांडी**

**वंशवाद और परिवारवाद का अंतिम चुनाव होने वाला है : अमर बाउरी**

**जो प्रभु राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं : मनीष जायसवाल**

मान सम्मान दिया। शौचालय देने का काम किया है। गरीबों को घर दिया। गैस कनेक्शन दिया। घर-घर तक बिजली पहुंचाई। घर-घर में नल से पानी देने की योजना शुरू की। इलाज के लिए गरीबों को आयुष्मान कार्ड दिया। गरीबों को कोरोना काल से अब तक मुक्त राशन देने का काम भी कर रहे हैं। अगले पांच साल तक गरीबों को मुफ्त अनाज मिलेगा, ताकि कोई भी गरीब भूखा नहीं सोए। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर देश और झारखंड में विकास के काम हुआ है।

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल में कायाकल्प करके दिखाया है। कांग्रेस और उसके साथी दल 65 सालों में भी नहीं कर पाए। प्रधानमंत्री मोदी ने गांव को सशक्त बनाया है। गरीबों का उत्थान किया है। झारखंड में कांग्रेस और गठबंधन की सरकार ने लोगों को लूटने का काम किया है। इंडी गठबंधन के लोग वंशवाद और परिवारवाद की राजनीति को मजबूत करने के लिए मैदान में खड़े हैं। लोकसभा का यह चुनाव वंशवाद और परिवारवाद का अंतिम चुनाव होने वाला है।

प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि भारत पहली बार ऐसा प्रधानमंत्री देख रहा है, जिनके मस्तक पर त्रिकुंड होता है और गले में रुद्राक्ष माला होती है। इसीलिए भारत का चौतरफा विकास हो रहा है। हिंदी गठबंधन का एक भी नेता प्रभु श्री राम का दर्शन करने आज तक अयोध्या नहीं गया। वोट देने से पहले याद रखेंगे कि जो प्रभु राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं। हजारीबाग के विकास और जनता के सम्मान के लिए हमेशा प्रयास करूंगा। कोई ऐसा काम नहीं छोड़ूंगा, जिससे आपके मान-सम्मान को ठेस पहुंचे।

# आतंकवादियों का पता लगाने के लिए सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान कठुआ जिले तक बढ़ा

एजेंसी

जम्मू,। जम्मू संभाग के उधमपुर जिले में एक ग्राम रक्षा रक्षक की हत्या में शामिल आतंकवादियों के दो समूहों का पता लगाने के लिए सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान का दायरा कठुआ जिले तक बढ़ा दिया है। तलाशी अभियान बुधवार को चौथे दिन भी जारी है। चोचरू गाला हाइट्स के सुदूर पनारा गांव में रविवार की सुबह आतंकवादियों के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ में एक ग्राम रक्षा रक्षक (वीडीजी) की मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि उधमपुर और कठुआ जिलों के बसंतगढ़, बानी और सेज इलाकों में तलाशी अभियान बुधवार को चौथे दिन भी जारी रहा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार



आतंकवादी सीमा पार से इस तरफ घुसने में कामयाब होने के बाद बगल के कठुआ जिले से बसंतगढ़ पहुंचकर चिनाब घाटी की ओर जा रहे थे, तभी पुलिस और वीडीजी सदस्यों से उनका सामना हुआ। अब एक समूह की गतिविधि उधमपुर जिले के ऊपरी इलाकों में देखी गई है, जबकि दूसरे समूह को कठुआ जिले के बानी, डग्गर और किंडली इलाकों की ओर बढ़ते देखा गया है। एक समूह की गतिविधि उधमपुर के अलो टॉप और सेज के ऊंचे घने जंगलों वाले इलाकों से देखी गई। अधिकारियों ने बताया कि उधमपुर और कठुआ के बीच बड़े ऊंचाई वाले वन क्षेत्र में घेराबंदी को मजबूत करने के लिए इन इलाकों में अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (जम्मू क्षेत्र) आनंद जैन ने कहा कि निगरानी के लिए हेलीकॉप्टरों, यूएवी और ड्रोन के इस्तेमाल के अलावा आतंकवादियों को पकड़ने और उन्हें बेअसर करने के प्रयासों को तेज करने के लिए इन इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि कई लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार दोनों समूहों में चार से छह आतंकी मौजूद हैं और सुरक्षाबल उन्हें खदेड़ने के लिए विभिन्न इनपुट पर काम कर रहे हैं।

# दस देशों के 18 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने जेपी नड्डा से की मुलाकात

नई दिल्ली । लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कैंपेन को समझने के लिए बुधवार को 10 देशों के 18 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस अवसर पर विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। यह प्रतिनिधि अगले पांच दिनों तक देश के अलग-अलग राज्यों में भाजपा के चुनाव अभियान का प्रत्यक्ष अनुभव और जानकारी प्राप्त करेंगे। भाग लेने वाले राजनीतिक दलों में ऑस्ट्रेलिया की लिबरल पार्टी, वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी, बांग्लादेश से बांग्लादेश अवामी लीग, इजराइल से लिकुड पार्टी, युगांडा से राष्ट्रीय प्रतिरोध आंदोलन, तंजानिया-चामा चा मापिंदुज़ी, रूस से यूनाइटेड रशिया पार्टी, श्रीलंका से श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना, यूनाइटेड नेशनल पार्टी, मॉरीशस से उग्रवादी समाजवादी आंदोलन, मॉरीशस लेबर पार्टी, मॉरीशस उग्रवादी आंदोलन, पार्टी मौरिसियन सोशल डेमोक्रेट और नेपाल से नेपाली कांग्रेस, जनमत पार्टी, नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी), नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी), राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी शामिल है। यह यात्रा पार्टी के 43वें स्थापना दिवस पर जेपी नड्डा द्वारा शुरू किए गए वैश्विक आउटरीच कार्यक्रम 'बीजेपी को जानें' का हिस्सा है।

# भाजपा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा की नामांकन रैली में पहुंचे उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में 25 मई को होने वाले छठे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया 29 अप्रैल शुरु हो गई है। ऐसे में अब उम्मीदवारों के नामांकन करने का सिलसिला भी शुरु हो गया है। इस बीच पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा ने आज (बुधवार, 1 मई) को नामांकन किया। नामांकन से पहले उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा के पक्ष में आयोजित रैली ओर रोड शो में हिस्सा लिया।इस दौरान बीजेपी के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। इनके उत्साह से उत्साहित पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उन्हें देखकर यह लगता है यहां की जनता हर्ष मल्होत्रा को संसद में भेजने वाली है और मोदी जी के हाथों को मजबूत करने वाली है। पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मुख्य सेवक के रूप में बद्री केदार, गंगा यमुना की भूमि



से हर्ष मल्होत्रा के समर्थन में वोट मांगने आया हूं। उन्होंने कहा पूर्वी दिल्ली जनसंघ के जमाने से भारतीय जनता पार्टी का गढ़ रहा है। पूर्वी दिल्ली के क्षेत्र ने निरंतर जनसंघ और भाजपा को सेवा करने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि पुनः जनता अपने आशीर्वाद से आगामी चुनाव में ये रिकॉर्ड कायम रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज देश विकास की नई अवधारणाओं और परिभाषाओं को गढ़ने का काम कर रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश के अंदर जी -20 का सफल आयोजन, देश की अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी है। साथ ही कोरोना काल में भी व्यवस्थित तौर से देश को चलाकर वैक्सीनेशन का काम पूरे देश में किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में स्किल इंडिया, मेड इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया से भारत आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहा है। भारत में विश्व स्तरीय संस्थाओं का निर्माण जारी है। वंदे भारत एक्सप्रेस, स्वदेशी ट्रेन, नई टेक्नोलॉजी, ऐतिहासिक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में भी भारत आगे बढ़ा है।

# आम चुनावों में जनजातीय समुदाय का मतदान बढ़ा, शोम्पेन जनजाति ने पहली बार किया मतदान

नई दिल्ली। चुनाव आयोग के प्रयास से पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) समुदायों और आदिवासियों की आम चुनाव 2024 के पहले और दूसरे चरण में बड़े पैमाने पर भागीदारी देखने को मिली है। इस बार ऐतिहासिक रूप से ग्रेट निकोबार की शोम्पेन जनजाति ने पहली बार आम चुनाव में मतदान किया। चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि चुनावी प्रक्रिया से पीवीटीजी समुदायों को जोड़ने के लिए पिछले दो वर्षों में विशेष प्रयास किए हैं। मतदाताओं के रूप में उनके नामांकन और मतदान प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। आयोग ने राज्यवार आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश में बैगा, भारिया और सहरिया नामक कुल तीन पीवीटीजी समुदाय हैं। 23 जिलों की कुल 9,91,613 पीवीटीजी आबादी में से 6,37,681 नागरिक 18 साल से उम्र के हैं और ये सभी मतदाता सूची में पंजीकृत हैं। राज्य में संपन्न दो चरणों के मतदान में बैगा और भारिया जनजाति के मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। कर्नाटक के पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्र पीवीटीजी जेनु कुरुबा और कोरागा समुदाय का निवास है। मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) कर्नाटक कार्यालय ने मतदाता सूची में पात्र पीवीटीजी का 100 प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया। पूरी आबादी में 55,815 पीवीटीजी हैं, उनमें से 39,498 लोग 18 से अधिक उम्र के हैं और ये सभी मतदाता सूची में पंजीकृत हैं। केरल में, पांच आदिवासी समुदायों को पीवीटीजी के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वे कासरगोड जिले के कोरगा, नीलांबुर घाटी तथा मलप्पुरम जिले के चोलानायकन, अट्टापडी तथा पलक्कड़ जिले के कुरुंबर, परम्बिकुलम, पलक्कड़ और त्रिशूर जिले के कादर, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम तथा पलक्कड़ जिले के कट्टुनायकन हैं। 31 मार्च तक पीवीटीजी की कुल आबादी 4750 है, जिनमें से 3850 लोगों ने विशेष अभियानों और पंजीकरण शिविरों के माध्यम से सफलतापूर्वक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। केरल के कुरुम्बा आदिवासी मतदाताओं ने एक प्रेरणादायक उपलब्धि हासिल की। वे केरल के साइलेंट घाटी के मुक्कली क्षेत्र में मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए पहले सुलभ वन क्षेत्र तक जाने के लिए घंटों पैदल चले फिर वहां से उनके परिवहन की सुविधा के लिए वाहन उपलब्ध कराए गए थे। 80 और 90 वर्ष की आयु के कई आदिवासी मतदाताओं ने लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण पेश किया और कई लोगों के लिए प्रेरणा भी बने। 817 मतदाताओं में 417 महिलाएं थीं।

रियांग त्रिपुरा के उन जनजातीय समूहों में से एक है जो एकाकी भावना प्रदर्शित करता है। वे राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में बड़ी संख्या में धलाई, उत्तर, गोमती और दक्षिण त्रिपुरा जिलों के विभिन्न स्थानों जैसे दूरदराज और पहाड़ी इलाकों में रहते हैं। ओडिशा में 13 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) रहते हैं। इनमें पौडी भुइया, जुआंग, सौरा, लांजिया सौरा, मनकिर्डिया, बिरहोर, कुटिया कोंधा, बोंडो, दिदाई, लोढ़ा, खारिया, चुकुटिया भुंजिया, डोंगोरिया खोंड शामिल हैं। ओडिशा में इनकी कुल आबादी 2,64,974 है। महत्वपूर्ण प्रयासों और पंजीकरण अभियान के साथ, सभी 1,84,274 पात्र पीवीटीजी का मतदाता सूची में 100 प्रतिशथ नामांकन हासिल कर लिया गया है।

इन समुदायों को चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करने के लिए पीवीटीजी क्षेत्रों में मोबाइल प्रदर्शन वाहन चलाए गए थे और 20,000 से अधिक पीवीटीजी ने उन्हें मतदान प्रक्रिया से परिचित कराने के लिए मॉक पोल में भाग लिया था। स्थानीय बोलियों में दीवार पेंटिंग करने के नए विचार से न केवल आसपास के क्षेत्रों के सौंदर्य को बढ़ाया गया बल्कि ''निश्चित रूप से वोट करें'' और ''मेरा वोट खरीदा नहीं जा सकता'' जैसे सशक्त संदेश भी दिए गए। पीवीटीजी के क्षेत्रों में 666 थीम-आधारित मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो तार्किक बाधाओं को दूर कर रहे हैं और उनकी पहुंच के भीतर मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित कर रहे हैं। राज्य में आगामी चरणों (चरण 4-7) में मतदान होना है।

बिहार में, माल पहाड़िया, सौरिया पहाड़िया, पहाड़िया, कोरवा और बिरहोर सहित पांच पीवीटीजी समुदाय हैं।

# पेज एक का शेष

## कामयाब...

को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली के विकास से हमारी नौसेना की ताकत और बढ़ेगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने पूरी स्मार्ट टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए उत्कृष्टता के पथ पर आगे बढ़ने का आग्रह किया।

## अमेरिका...

गैंग ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि अब नई जंग की शुरुआत है, सड़कों पर खून नहीं सूखेगा। इस बीच गोल्डी बराड़ स्टडी वीजा पर कनाडा पढ़ाई करने जा चुका था। मगर गुरलाल की हत्या के बाद वह जरायम की दुनिया में कूद पड़ा। कनाडा से ही गोल्डी ने हत्याओं की साजिश रचनी शुरू की और कई वारदातों को अपने गुर्गों से अंजाम दिलवाया। इन्हीं में एक वारदात थी गुरलाल सिंह की हत्या। 18 फरवरी 2021 को पंजाब के फरीदकोट में जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गुरलाल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोल्डी बराड़ ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने की खातिर ही यूथ कांग्रेस नेता को मरवाया था।

29 मई 2022 को पंजाब के मानसा जिले के जवाहरके गांव के पास पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या की जिम्मेदारी गोल्डी बराड़ ने ली थी। गोल्डी ने हत्या की वजह भी बताई थी। गोल्डी के मुताबिक मोहाली में मिड्डूखेड़ा की हत्या में शामिल लोगों को मूसेवाला के मैनेजर ने आश्रय दिया था। बाद में मूसेवाला ने अपने मैनेजर की मदद की। इसी रंजिश में लॉरेंस गैंग ने मूसेवाला की हत्या की। पंजाब के मुक्तसर जिले के मलौट में रणजीत सिंह उर्फ राणा सिद्धू की हत्या में भी गोल्डी बराड़ शामिल था। हत्याओं से शुरु हुआ अपराध का यह सिलसिला अभी तक जारी है।

## कांग्रेस...

देश के सामर्थ्य को भली-भांती जाना हूं, मैं इसका पुजारी बन गया हूं। गारंटी ऐसे नहीं दी जाती है, मेरे पास अनुभव था, देश के सामर्थ्य को पहचानने का। मेरी गारंटी है कि आने वाले तीसरे टर्म में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बना कर रहूंगा। इसका लाभ वर्तमान पीढी और आने वाली पीढी को भी मिलेगा। मोदी ने आश्वस्त किया कि तीसरी बार सरकार आएगी तो 100 दिन में क्या करना है। उसका प्लान हमने अभी से बना लिया है। गरीब कल्याण, किसान कल्याण और नए निर्णय, नए गति और नया संकल्प लेकर आने वाले हैं। मोदी ने कहा कि इसलिए पहले से अधिक एकजुट होकर हरेक बूथ पर कमल खिलाना है। आप उम्मीदवार को एक वोट देंगे तो वह वोट मोदी को भी जाएगा और वह गारंटी पक्की हो जाएगी।

मोदी ने कहा कि गुजरात के लोगों को सैल्यूट करूंगा कि कभी अस्थिर सरकार नहीं दिया है। राजनीतिक अस्थिरता ने देश का नुकसान किया है। इससे उद्योगों को पनपनने नहीं दिया, विजन के साथ सरकारों को काम नहीं करने दिया। गुजरात में जनता ने कंग्रेस को हटाया तो फिर पैर जमने नहीं दिया। कंग्रेस के पास न तो विजन है, न काम करने का जज्बा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव में कंग्रेस ने मोदी का अपमान करना और तेज कर दिया। कंग्रेस ने मोदी समाज को चोर कहा। गुजरातियों के खिलाफ नफरत फैलने की कोशिश की। उनके माता-पिता को भी बुरा-भला कहा है। अब फिर से इंडी गठबंधन झूठ लेकर आया हैं, उनका इको सिस्टम झूठ फैला रहा हैं। कभी कहते हैं कि मोदी को जेल में डाल देंगे, सिर फोड़ देंगे। इस बार वे भी वे पहले से कम सीटों पर सिमट जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव के दो चरण पूरे हुए हैं। पहले चरण में इंडी गठबंधन पस्त पड़ा है, दूसरे में ध्वस्त हो गया है। राजस्थान में उन्हें एक सीट भी मिलने की संभावना नहीं है। इसलिए इंडी गठबंधन बौखलाहट में कुछ भी कर रहे हैं।

## मोदी ...

आरक्षण खत्म नहीं होने देगी।

कोरोना काल में प्रधानमंत्री मोदी ने मुफ्त में कोरोना का टीका लगवाकर देश को सुरक्षित करने का काम किया। राहुल बाबा उस समय भी कहते थे कि यह मोदी टीका है, इसे मत लगवाओ। यह तो अच्छा है कि आप लोग उनकी सुनते नहीं हो। फिर एक दिन अपनी बहन को लेकर रात के अंधेरे में राहुल बाबा भी टीका लगवा आए। अरे राहुल बाबा शर्म करो, ऐसी महामारी में भी राजनीति करते हो।

## इंडी...

है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि हिन्दू धर्म में शक्ति होती है, हमें शक्ति से लड़ना है। खड़गे जी रिमोट कंट्रोल के अध्यक्ष हैं, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बिना कुछ कह नहीं सकते। वे कहते हैं भगवान शिव प्रभु राम से लड़ सकते है। साफ है इनकी सोच लड़ाने वाली है। इंडी गठबंधन की सोच संविधान विरोधी और तालीबानी है। गौरव भाटिया ने कहा कि संविधान का अध्ययन न ही खड़गे जी करते हैं और न ही राहुल गांधी करते हैं। क्या यह पूछा नहीं जाएगा कि ट्रिपल तलाक को एक अपराध बनाया गया, क्या सपा और कंग्रेस वापस ले कर आएगी।

गौरव भाटिया ने कहा कि गृह मंत्री का डीप फ़ेक वीडियो वायरल कर दिया गया। उसके बाद कंग्रेस पार्टी फैलाती है कि एसी, एसीटी और ओबीसी का आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। जबकि कहा यह गया था कि कर्नाटक में मुसलमानों को दिया गया ओबीसी का आरक्षण खत्म किया जाएगा। यह लड़ाई विचार धाराओं की है। एक तरफ एनडीए की मजबूत सोच है, जो यह कहती है कि संविधान में सब बराबर है, कोई भेदभाव नहीं। यह देश शरिया से नहीं चलेगा । कंग्रेस हमेशा से तुष्टिकरण की राजनीति करती है। हिन्दुओ को गाली दो और जो मुसलमान को संविधान के विपरीत जा कर लाभ दो। वोट का जिहाद होगा तो हिन्दुओं के खिलाफ होगा, इंडी गठबंधन के इसी सोच को उजागर करना आवश्यक। ऐसे पीडीए जो पाखंडी, ढोंगी और आराजक तत्व है उनको सजा मिलेगी। हमारे पर्व में कोई जहर घोल सके इसकी ताकत किसी में नहीं है।

## वरिष्ठ...

पॉलिटिकल कार्टूनिंग में भी महारत रखते थे और उन्होंने विभिन्न मीडिया संस्थानों में अपनी सेवा के दौरान एडिटोरियल कार्टूनिस्ट के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं।

## पुलिस...

गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई और उसके भाई अनमोल विश्नोई को वांछित आरोपित बनाया है।

## दिल्ली ...

और पुलिस जुट गई हैं।

## जरूरत...

बच्चों से पूछेंगे तो बच्चे कहेंगे कौन कंग्रेस..., आने वाले समय में डायनासोर की तरह कंग्रेस धरती से गायब हो जाएगी। उन्होंने कहा कि 2014 के लोकसभा, 2017 के विधानसभा, 2019 के लोकसभा और 2022 के विधानसभा में साइकिल की चेन आपने उतार दी अब साइकिल की चेन चढ़नी नहीं चाहिए।

राजनाथ ने कहा आने वाले दो साल में सभी को घर मिलेगा, सबके घरों तक पेयजल पहुंचेगा। कंग्रेस कहती है कि छह हजार रुपये किसानों को देकर भाजपा कौन सा कमाल करती है। जबकि इन छह हजार से कई किसानों की फसल बढ़ती है। हमने शुरू तो किया है। मैं जानता हूं कि पांच किलो राशन कुछ लोग खाते भी होंगे और बेचते भी होंगे। परिवार का एक ही व्यक्ति राशन नहीं लेता होगा ये भी हम जानते हैं। हमने शुरुआत तो की है, इस पर समर्थन तो हमें मिलना ही चाहिए। इस दौरान आंवला लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार धर्मेंद्र कश्यप भी मौजूद रहे।

## कुछ समय....

विकास में योगदान दिया है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 10 वर्षों में सबसे अलग और सबसे अच्छा किया है। प्रधानमंत्री मोदी देश की जनता हो या वैज्ञानिक, सबका उत्साहवर्धन करते हैं। उनके साथ खड़े दिखाई देते हैं। याद कीजिए जब चंद्रयान का सफल परीक्षण नहीं हो पाया तो प्रधानमंत्री मोदी अल सुबह ही वैज्ञानिकों के बीच पहुंच गए। उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि घबराइए नहीं, जो भी पैसा खर्च होगा, किया जाएगा लेकिन दक्षिण पोल पर भारत का परचम फहरेगा। वही हुआ। आज भारत अकेला देश है जो चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचा है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि धर्मेन्द्र कश्यप को आप लोग समर्थन दीजिए। इन्हें जिता कर संसद भेजिए। यहां आप लोगों के बीच और संसद में भी कश्यम अच्छा बोलते हैं। बगल वाली सीट बदायूं से भी भाजपा को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाइयों आप लोगों ने 2014 और 2019 में सपा की साइकिल की चैन उतार दी। इस बार भी उनकी साइकिल पर चेन चढ़ने नहीं दीजिएगा। कंग्रेस के बारे में जैसा मैंने कहा कि वह अपने प्रत्याशियों का नाम तक तय नहीं कर पा रही है। सिंह ने कहा कि यहां दोबारा आऊंगा तो अपना सम्मान कराने नहीं आऊंगा। अपना शीश झुका कर आप सबको प्रणाम करने आऊंगा।

## गाजे-बाजे....

अवसर पर लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए ऐतिहासिक जीत का दावा किया। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार वे बड़े अंतर से जीतेंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन यात्रा में क्षेत्र की जनता का उत्साह देखने लायक था। करीब 50 हजार लोग इस रैली में शामिल हुए। दिल्लीवासियों का उत्साह बता रहा है कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली की जनता कमल का बटन दबाकर नरेन्द्र मोदी को प्रचंड बहुमत से तीसरी बार प्रधानमंत्री बना रही है। नामांकन रैली में मनोज तिवारी के साथ पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया देख रही है कि भारत अब पहले जैसा नहीं रहा, बल्कि, यह अब दुनिया में एक दुर्जेय राष्ट्र बन गया है।

